| Name of State: Mizoram, Number of Cities: 1 |
|---|
| Aizawl |

| Name of State: Nagaland, Number of Cities: 2 | |
|---|---|
| Dimapur | Kohima |

| Name of State: Odisha, Number of Cities: 9 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Bhadrak | Baleshwar Town | Baripada Town | Bhubaneswar Town | Brahmapur |
| Cuttack | Puri | Raurkela Town | Sambalpur Town | |

| Name of UT: Puducherry, Number of Cities: 3 | | |
|---|---|---|
| Ozhukarai | Puducherry | Karaikal |

| Name of State: Punjab, Number of Cities: 16 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Amritsar | Abohar | Barnala | Batala | Bathinda |
| Firozpur | Hoshiarpur | Jalandhar | Khanna | Ludhiana |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Malerkotla | Moga | Muktsar | Pathankot | Patiala |
| S.A.S. Nagar | | | | |

| Name of State: Rajasthan, Number of Cities: 29 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Ajmer | Bhiwadi | Ganganagar | Jodhpur | Sikar |
| Alwar | Bikaner | Gangapur City | Kishangarh | Sujangarh |
| Baran | Bundi | Hanumangarh | Kota | Tonk |
| Beawar | Chittaurgarh | Hindaun | Nagaur | Udaipur |
| Bharatpur | Churu | Jaipur | Pali | Jhalawar |
| Bhilwara | Dhaulpur | Jhunjhunun | SawaiMadhopur | |

| Name of State: Sikkim, Number of Cities: 1 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Gangtok | | | | |
| Name of State: Tamil Nadu, Number of Cities: 33* | | | | |
| Alandur | Dindigul | Kurichi | Pudukkottai | Tiruchirappalli |
| Ambattur | Erode | Madavaram | Rajapalayam | Tirunelveli |
| Ambur | Hosur | Madurai | Salem | Tiruppur |
| Avadi | Kancheepuram | Nagapattinam | Tambaram | Tiruvannamalai |
| Chennai | Karaikkudi | Nagercoil | Thanjavur | Tiruvottiyur |
| Coimbatore | Kumbakonam | Pallavaram | Thoothukkudi | Vellore |
| Cuddalore | Velankanni | Rameshwaram | | |

| Name of State: Telangana, Number of Cities: 12 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Adilabad | GHMC | Karimnagar | Khammam | Mahbubnagar |
| Miryalaguda | Nalgonda | Nizamabad | Ramagundam | Siddipet |
| Suryapet | Warangal | | | |

| Name of State: Tripura, Number of Cities: 1 |
|---|
| Agartala |

| Name of State: Uttar Pradesh, Number of Cities: 61* | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Agra | Budaun | Gonda | Loni | Pilibhit |
| Akbarpur | Bulandshahar | Gorakhpur | Lucknow | Rae Bareli |
| Aligarh | Chandausi | Hapur | Mainpuri | Rampur |
| Allahabad | Deoria | Hardoi | Mathura | Saharanpur |

Content Page

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Amroha | Etah | Hathras | MaunathBhanjan | Sambhal |
| Azamgarh | Etawah | Jaunpur | Meerut | Shahjahanpur |
| Bahraich | Faizabad | Jhansi | Mirzapur-cum-Vindhyachal | Shamli |
| Ballia | Farrukhabad-cum-Fatehgarh | Kanpur | Modinagar | Shikohabad |
| Banda | Fatehpur | Kasganj | Moradabad | Sitapur |
| Baraut | Firozabad | Khurja | Mughalsarai | Sultanpur |
| Bareilly | Ghaziabad | Lakhimpur | Muzaffarnagar | Unnao |
| Basti | Ghazipur | Lalitpur | Orai | Varanasi |
| Ayodhya | | | | |

| Name of State: Uttarakhand, Number of Cities: 7 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Dehradun | Haldwani-cum-Kathgodam | Haridwar | Kashipur | Roorkee |
| Rudrapur | Nainital | | | |

| Name of State: West Bengal, Number of Cities: 60* | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Asansol | Basirhat | Haldia | Krishnanagar | Rajarhat Gopalpur |
| AshoknagarKalyangarh | Bhadreswar | Halisahar | Kulti | RajpurSonarpur |
| Baharampur | Bhatpara | Haora | Madhyamgram | Raniganj |
| Baidyabati | Bidhan Nagar | Hugli-Chinsurah | Maheshtala | Rishra |
| Bally | Bongaon | Jalpaiguri | Medinipur | Santipur |
| Balurghat | Champdani | Jamuria | Nabadwip | Serampore |
| Bankura | Chandannagar | Kalyani | Naihati | Siliguri |
| Bansberia | Darjeeling | Kamarhati | North Barrackpur | South Dum Dum |
| Baranagar | Dum Dum | Kanchrapara | North Dum Dum | Titagarh |
| Barasat | Durgapur | Kharagpur | Panihati | Uluberia |
| Barddhaman | English Bazar | Khardaha | Puruliya | UttarparaKotrung |
| Barrackpur | Habra | Kolkata | Raiganj | Jangipur |

Note: Out of 500 cities, 15 cities have been merged with other AMRUT cities.

- In the State of Haryana, *Ambala Sadar* has been merged with Ambala and *Jagadhri* has been merged with Yamunanagar;
- In NCT of Delhi, *North DMC, South DMC & East DMC have* been merged into MCD.
- In the State of Tamil Nadu, *Alandur*, *Ambattur*, *Madavaram* and *Tiruvottiyur* have been merged with Chennai and *Kurichi* has been merged with Coimbatore;
- In the State of Uttar Pradesh, *Ayodhya* has been merged with Faizabad; and
- In the State of West Bengal, *Bally*, *Jamuria*, *Kulti* and *Ranigunj* have been merged with Asansol and *Rajarhat Gopalpur* has been merged with Bidhannagar.

**Annexure-II**

**AMRUT CITIES WITH TRIBAL POPULATION**

| S. No | State/UT | Districts | City under AMRUT |
|---|---|---|---|
| 1 | Andhra Pradesh | Visakhapatnam | GVMC |
| 2 | Arunachal Pradesh | Papum Pare | ITANAGAR |
| 3 | Bihar | Aurangabad | AURANGABAD(BH) |
| 4 | | Gaya | BODHGAYA |
| 5 | | Gaya | GAYA |
| 6 | | Muzaffarpur | MUZAFFARPUR |
| 7 | Chhattisgarh | Bastar | JAGDALPUR |
| 8 | | Korba | KORBA |
| 9 | | Raigarh | RAIGARH |
| 10 | Dadra And Nagar Haveli | Dadra and Nagar Haveli | SILVASSA |
| 11 | | Dadra and Nagar Haveli | DAMAN |
| 12 | Gujarat | Bharuch | BHARUCH |
| 13 | | Navsari | NAVSARI |
| 14 | | Valsad | VALSAD |
| 15 | | Valsad | VAPI |
| 16 | Jharkhand | Bokaro | CHAS |
| 17 | | Giridih | GIRIDIH |
| 18 | | Hazaribagh | HAZARIBAG |
| 19 | | Ranchi | RANCHI |
| 20 | Ladakh | Kargil | KARGIL |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | | Leh | LEH LADAKH |
| 22 | Lakshadweep | Lakshadweep | KAVARATI |
| 23 | Madhya Pradesh | Betul | BETUL |
| 24 | | Burhanpur | BURHANPUR |
| 25 | | Chhindwara | CHHINDWARA |
| 26 | | Dhar | PITHAMPUR |
| 27 | | Khandwa | KHANDWA |
| 28 | | Khandwa | OMKARESHWAR |
| 29 | | Khargaon | KHARGONE |
| 30 | | Ratlam | RATLAM |
| 31 | | Singrauli | SINGRAULI |
| 32 | Maharashtra | Dhule | DHULE |
| 33 | | Nandurbar | NANDURBAR |
| 34 | | Nashik | MALEGAON |
| 35 | | Nashik | NASHIK |
| 36 | | Palghar | VASAI-VIRAR CITY |
| 37 | Meghalaya | East Khasi Hills | Shillong |
| 38 | Mizoram | Aizwal | Aizwal |
| 39 | Nagaland | Dimapur | DIMAPUR |
| 40 | | Kohima | KOHIMA |
| 41 | Odisha | Mayurbhanj | BARIPADA TOWN |
| 42 | | Sambalpur | Sambalpur Town |
| 43 | Rajasthan | Udaipur | UDAIPUR |
| 44 | Sikkim | East District | Gangtok |
| 45 | Telangana | Khammam | Khammam |
| 46 | West Bengal | Darjeeling | DARJILING |
| 47 | | | SILIGURI |

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

*[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part -I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://sansad.in/rs/debates/officials ]*

Content Page

1.00 P.M.

## SHORT DURATION DISCUSSION

### Recent tragic incident of death of students in a coaching institute in New Delhi due to alleged negligence of Authorities

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, Short Duration Discussion, as announced earlier. We will now take up Short Duration Discussion on the 'Recent tragic incident of death of students in a coaching institute in New Delhi due to alleged negligence of authorities'. In the Supplementary List of Business issued already, the discussion is listed in the name of the following Members: Shri Sudhanshu Trivedi; Shri Ram Chander Jangra; Shri Surendra Singh Nagar; Ms. Swati Maliwal and Dr. John Brittas. We are taking up this discussion. The meeting of the BAC scheduled at 1.05 p.m. will now be held from 1.30 p.m. onwards.

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, I have a small point. Could we have the BAC meeting later? *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Okay. Hon. Members, I will notify the time of the BAC later on. At the moment, it will not take place at 1.05 p.m. Hon. Members, the first Member or, in his absence, the second Member and so on, in whose name the discussion stands, makes a short statement. Thereafter Members are called to speak Party-wise. At the end of the discussion, the Minister concerned replies and the discussion is concluded. Under this provision, there is no formal motion before the House nor is there any voting. The Member who raises the discussion has no right of reply. I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion.

SHRI RAGHAV CHADHA (Punjab): Mr. Chairman, Sir, I have a small point.

MR. CHAIRMAN: What is your point? Are you raising a point of order?

SHRI RAGHAV CHADHA: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: Under which rule?

Content Page

SHRI RAGHAV CHADHA: Sir, it is Rule 176. I wish to say that the fact that today you have been gracious enough to give this opportunity to certain Members to change... ...*(Interruptions)*... सर, आप सुन लीजिए, मैं बता रहा हूँ। सर, मैं दोनों, रूल 267 और रूल 176 का हवाला देते हुए अपनी बात रखना चाहता हूँ। सर, आज जो option तमाम सदस्यों को दिया गया कि वे जो मुद्दा ...

MR. CHAIRMAN: Sorry, I have already decided. Hon. Members, you have to be alert in the House. ...*(Interruptions)*... Sorry; nothing will go on record. Shri Sudhanshu Trivedi would initiate the discussion. You may avail the opportunity when time comes. Hon. Members, I will accommodate as many Members as would be keen to participate. I also request Members that this unfortunate incident has reflected concern all over the country. Therefore, let us come out with a proper diagnosis and proper and constructive suggestions. Shri Sudhanshu Trivedi; you have 19 minutes.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति महोदय, आज मैं बहुत भारी मन से इस विषय के ऊपर अपना विचार रखने के लिए आपके समक्ष प्रस्तुत हूँ। इस विषय में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस विषय पर सभी तरफ से एक समान concern उभर कर सामने आ रही है। इस सदन में हम इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं ,दूसरे सदन में भी इस विषय पर कार्य स्थगन प्रस्ताव के नोटिस हैं ,जिनमें कांग्रेस पार्टी की तरफ से भी हैं और इस सदन में आम आदमी पार्टी की प्रतिनिधि की तरफ से भी यह विषय लाया गया है। यह दर्शाता है कि यह विषय कितना व्यापक है और कितनी संवेदना की दरकार रखता है।

सभापति महोदय, दिल्ली भारत की राजधानी है। यहाँ पर लोग अपने जीवन की और राष्ट्र की सेवा की अनेक आकांक्षाओं को लेकर आते हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा कि सिर्फ जीवनयापन के लिए ही नहीं, नए अवसरों की तलाश में ही नहीं, बल्कि कोचिंग के माध्यम से नए कैरियर की तैयारी के लिए भी भारी संख्या में छात्र आने शुरू हुए। उल्लेखनीय बात यह है कि इसके लिए जो कोचिंग संस्थाएँ थीं, उनको जिस प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए थी, वैसा होता दिखाई नहीं पड़ा। उससे अधिक संवेदनशील बात यह है कि सरकार को जिस गंभीरता और सतर्कता के साथ उस पर नजर रखनी चाहिए थी, वह भी नहीं हुआ। अभी जो घटना हुई है, वह बहुत हृदयविदारक है और पीड़ादायक है कि एक सैलाब आया, जो 3 बच्चों के जीवन को बहा के ले गया, उनके परिवार की आशाओं और आकांक्षा को बहा के ले गया, मगर अफसोस की बात है कि जिनके ऊपर इसकी जिम्मेदारी होनी चाहिए थी, उनकी आंखों में एक आंसू तो छोड़िए, उनके माथे पर शिकन तक नजर नहीं आई। बजाय इसके कि वे नाना प्रकार से चीजों में से, इस चीज में अपना बचाव और मैं कहूँ तो कुछ हद तक * के साथ राजनीति करते हुए नजर आए।

MR. CHAIRMAN: * will not go on record.

* Not recorded.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी** : ठीक है, सर। मैं आपके आदेश पर वह शब्द वापस लेता हूँ।

महोदय, मैं कहूँगा कि पूरे तरीके से, लापरवाही के साथ और अनुचित भावना के साथ अपना विचार या यूँ कहूँ तो भ्रम फैलाते नजर आए। मैं यहाँ पर इसलिए यह बात कह रहा हूँ कि अगर यह घटना अचानक हो गई होती, तो हम यह मान सकते थे कि सरकार अनायास इन चीजों को समझ नहीं पाई। मैं सदन के समक्ष यह विषय आप के माध्यम से रखना चाहता हूँ कि इस विषय पर संबंधित छात्रों के द्वारा अनेक कंप्लेंट्स की गई। उन कंप्लेंट्स के रिमाइंडर भी किए गए। इनमें से एक कंप्लेंट 26 जून को एक छात्र के द्वारा की गई है, जिसमें उसने बहुत साफ लिखा है कि वह करोल बाग का निवासी है, 'राव आईएएस' के बेसमेंट में बगैर परमिशन के, बगैर एनओसी के क्लासरूम्स संचालित हो रहे हैं। मैं वह पूरी कंप्लेंट नहीं पढ़ रहा हूँ। अंत में वह कह रहा है कि श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि इस प्रकार के बड़े-बड़े यूपीएससी के कोचिंग संस्थान, जो विद्यार्थियों का जीवन दाँव पर लगाकर अवैध जगहों पर कक्षाओं को संचालित कर रहे हैं, इन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। यह 26 जून का है।

**श्री सभापति**: यह एप्लीकेशन कहाँ दी गई?

**डा. सुधांशु त्रिवेदी**: महोदय, यह एप्लीकेशन एनसीटी दिल्ली के Department of Grievance Redressal में रिसीव कराई गई है।

MR. CHAIRMAN: Put it on the Table of the House.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी**: महोदय, मैं इसे यहाँ definitely put कर दूँगा। मैं इसे फ्लोर पर रखता हूँ। महोदय, उसमें रिमाइंडर भी है। रिमाइंडर है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह 15 जुलाई का रिमाइंडर है। उसमें वह कहता है कि "Sir, it is very important and urgent to take the action." 22 जुलाई को, 1 हफ्ते के बाद वह फिर रिमाइंडर देता है कि "Sir, please, take action. The issue of students' safety is there." मगर इसके बावजूद सरकार के कान पर जूँ नहीं रेंगती है और इतनी बड़ी घटना का अंजाम हो जाता है।

MR. CHAIRMAN: All three may be placed on the Table of the House.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी**: Definitely, Sir. सर, इसी बीच के एक और विषय की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। यह 26 जून से लेकर 22 जुलाई के बीच की घटना है, परंतु इसी बीच में इसी बिल्डिंग को 9 जुलाई को फायर डिपार्मेंट एनओसी दे देता है, यानी यह कार्रवाई चल रही है। मैं उस एनओसी की कॉपी भी मैं आपके समक्ष रख सकता हूँ। इस एनओसी में बेसमेंट को स्टोरेज के लिए दिखाया गया है। यदि फायर डिपार्टमेंट ने वह एनओसी दी है और स्टोरेज के लिए दी है, तो क्या यह काम बगैर इंस्पेक्शन के किया? क्योंकि 26 जून को शिकायत चल रही है, 9 जुलाई को एक दूसरा विभाग स्टोरेज के लिए एनओसी दे रहा है। तो या तो बगैर देखे हुए यह दिया गया है या फिर बहुत देख-समझ कर किसी अन्य अपरिहार्य कारणों के माध्यम से दिया गया है। इसलिए हम

यह कह सकते हैं कि यह अपने आप में एक लापरवाही ही नहीं है, बल्कि यह एक प्रकार का आपराधिक कृत्य है, एक प्रकार की क्रिमिलन नेग्लिजेंस है, जिसमें जानते-बूझते बच्चों को उस हद तक, उनके जीवन को खतरे में डालने की हद तक ले जाया गया।

सभापति महोदय, मुझे अधिक वेदना इसलिए होती है कि दिल्ली में मात्र कुछ दिन पहले पीने के पानी की किल्लत थी और उससे लोगों की जान जहमत में थी, आज सीवर के पानी से जान हलकान है। आप सोचिए कि जो लोग इतने लंबे समय से हुकूमत कर रहे हैं और पहले कहते थे कि हमारे पास यह नहीं है, हमारे पास वह नहीं है, आज तो एमसीडी भी आपके पास है, सरकार भी आपके पास है और जो कहते थे कि हम नई राजनीति लाएँगे, वह नई राजनीति कितनी खतरनाक साबित हो रही है और लोगों की जान कैसी हलकान किए हुए है! उसके बावजूद उनकी तरफ से सिर्फ सियासी बयान हैं और इसके अलावा कुछ भी नहीं है।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि अभी हम लोग जुलाई के महीने में हैं, 6 महीने के बाद जाड़े के दौर शुरू होगा, तब साँस लेने की भी तकलीफ होगी, यानी पानी का विषय हो, यमुना की सफाई का विषय हो या हवा की सफाई का विषय हो, सारी बातों पर सिर्फ बातें होती रही हैं और समय के अनुसार समय-समय पर ये अपना स्टैंड चेंज करते रहे हैं। मैं यहाँ पर एक और बात बताना चाहता हूँ कि यदि किसी व्यक्ति के साथ कोई हादसा हो जाए, जैसे उन बच्चों के साथ यह स्थिति हुई, तो आप उसको अस्पताल ले जाना चाहें, मीडिया में यह रिपोर्ट available है कि हाई कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की है कि बहुत कम...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** माननीय सदस्य, यह गंभीर विषय है और सदन में दो बातों का ध्यान रखना पड़ेगा - एक तो आप विषय पर ही बोलें और दूसरा, मीडिया रिपोर्ट को आधार नहीं बनाएँ।

**डा. सुधांशु त्रिवेदीः** सर, मैं हाई कोर्ट के जजमेंट को क्वोट कर रहा हूँ।

**श्री सभापतिः** क्या जजमेंट की कॉपी आपके पास है? आपको उसकी प्रतिलिपि रखनी पड़ेगी, क्योंकि मीडिया में कुछ भी आ जाए, उसको आधार मत बनाइए। आप विषय के पर ही बोलिए।

**डा. सुधांशु त्रिवेदीः** सर, हाई कोर्ट ने इस बारे में बहुत असंतुष्टि व्यक्त की है कि जितनी आबादी है, उसकी तुलना में अस्पताल में सीटी स्कैन की मशीनें बहुत कम हैं। यह well-known fact है और यह public domain में है। इतना ही नहीं, मैं तो काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का बयान क्वोट करना चाहूँगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि 68 अस्पतालों में से 32 ऐसे हैं, जहाँ पर ऑपरेशन थियेटर काम ही नहीं कर रहा है - यह काँग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का बयान है। मैं सिर्फ यह बताना चाहता हूँ कि लोगों की जान के प्रति लापरवाही का विषय किस सीमा तक है और उस सीमा पर चलते हुए इस प्रकार की स्थितियाँ आती हैं कि छात्रों के द्वारा नोटिसेज़ दिए जा रहे हैं, जनता के द्वारा आगाह किया जा रहा है, परंतु उसके बावजूद हमारी दिल्ली की सरकार इस विषय में किसी भी प्रकार का कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

महोदय, आज मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट और एमसीडी, क्योंकि इसमें मुख्य कारण सफाई नहीं होना रहा है, सीवर में सिल्ट की

सफाई नहीं की गई, जिसके कारण सीवर के पानी ने बैकफायर किया और मात्र दो-तीन मिनट के अंदर पूरा का पूरा बेसमेंट पानी से भर गया। इसमें दो-तीन पक्ष हैं - पहला, बेसमेंट पर काम करने की परमिशन किस डिपार्टमेंट ने दी। दूसरा, यदि वह परमिशन दी गई, तो उसके बाद कोई इंस्पेक्शन नहीं हुआ। तीसरा, यदि उसको लेकर कोई शिकायत की गई, तो उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई और चौथा, आस-पास के सीवरों की जो silt, sludge थी, उसकी सफाई की गई या नहीं - इन सब के बारे में सदन को जानना चाहिए, क्योंकि इन चारों चीजों ने मिल कर उन तीन बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया है। अफसोस की बात यह है कि दिल्ली की सरकार, जो इतना प्रचार करती है कि हमने यह किया, हमने वह किया, मगर आज तक वह authentic data नहीं दे पाई कि सीवर्स की sludge की सफाई के लिए उन्होंने क्या काम किया है, ताकि इस प्रकार की घटनाएँ न हों।

महोदय, जब से ये सरकार में आए हैं, यह एक well-known fact है कि जल बोर्ड का घाटा 74 हजार करोड़ रुपए हो गया है, यानी एक तरफ आपके संस्थान निरंतर घाटे में जाते चले जा रहे हैं, दूसरी तरफ उसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगते चले जा रहे हैं, तीसरी तरफ शिकायतें आती चली जा रही हैं और इसके बावजूद भी उनके ऊपर किसी प्रकार का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि सदन इस विषय के ऊपर बहुत गंभीरता से विचार करे।

महोदय, हम यह भी आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि इन चीजों के ऊपर कोई कार्रवाई न करते हुए भी सरकार किन चीजों पर कार्रवाई कर रही है। हम यह बात पूछना चाहते हैं कि इस विषय के विभागीय मंत्री, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता हूँ, विभागीय मंत्री हों या सरकार की तरफ से हो, क्या उन्होंने किसी प्रकार का तथ्यात्मक आँकड़ा सरकार के द्वारा जनता के सामने रखा है? नहीं रखा है। उन्होंने आकर सिर्फ बयानबाजी की है। यह दर्शाता है कि उनका उद्देश्य वास्तविकता, चूँकि मेरे विचार से वे वास्तविकता सामने रखने की स्थिति में ही नहीं हैं। उन्होंने इस विषय पर इस मद में कितना व्यय किया है?

महोदय, मैं आपके माध्यम से उनसे पूछना चाहता हूँ कि सीवर की सफाइयों को लेकर उन्होंने कितना व्यय किया है? जबकि यह बात लोगों की जानकारी के लिए उपलब्ध है कि दूसरी चीजों पर बहुत व्यय किया गया है। एडवर्टिजमेंट के ऊपर 2012-13 में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 13-14 करोड़ रुपये व्यय होता था, अब 568 करोड़ रुपये व्यय है। मैं पूछना चाहता हूँ कि बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन के ऊपर, जांच के ऊपर, सीवर के ऊपर उन्होंने कितना व्यय किया है? 2021 में ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): सर, ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: You will get chance. *...(Interruptions)...* You will get chance, Mr. Sanjay. *...(Interruptions)...*

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** सर, मैं उसी पर बात कह रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... हम यह बिल्कुल जानना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: You will get chance, Mr. Sanjay. *...(Interruptions)...* Mr. Pathak, you will get chance. *...(Interruptions)...*

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** यह सरकार को और देश की जनता को जानने का हक है कि यदि प्रचार में 50 गुना अधिक खर्चा हुआ है, तो कितना गुना खर्चा हुआ है सीवर की सफाई में, कितना गुना खर्चा हुआ है इन चीजों की समस्या के निदान में? ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह:** सर, # ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : एक सेकंड। ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record. *...(Interruptions)...* # is expunged. *...(Interruptions)...* Nothing will go on record. *...(Interruptions)...* Listen to me. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Please. *...(Interruptions)...* सभा के नेता जी, ...(**व्यवधान**)... मैं दोनों तरफ के सदस्यों से कहूंगा कि यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है। इस पर जब विज्ञापन की बात आई, तो आप और हम सब रोज़ देखते हैं कि अख़बार का पहला पेज कोचिंग, सेकंड पेज कोचिंग, थर्ड पेज कोचिंग। इतना भारी खर्चा कहां से आता है? यह उस छात्र से आता है, जो अपने सपने को साकार करना चाहता है।

नम्बर दो, मैं सदस्यों से यह आग्रह करूंगा कि इस पर सुझाव दीजिए। कोचिंग का सीमित दायरा है। इस भारत को आज आवश्यकता स्किलिंग की है, स्किलिंग के लिए इतना कुछ हो रहा है। कोचिंग एक सीमित दायरे में सभी को डाल रहे हैं। यह एक ऐसा silo हो गया है, जो गैस चैंबर से कम नहीं है। आज के दिन सदस्यों को इस ओर ध्यान देना चाहिए और आगे के मार्गदर्शन की बात करनी चाहिए। यह घटना दुखद है।

इस घटना में जो तीन लोग गए हैं, उनकी आत्मा को संतुष्टि मिलेगी, यदि हम इस सदन में यह सुझाव देंगे कि हमारे देश के नवयुवकों को कितने मौके हैं, किन-किन जगह मौके हैं।

मैं आपको एक बात बताता हूँ। जब मैं इसरो गया तो वहां मैं यह देखकर आश्चर्यचकित रह गया कि वहां कोई आईआईटी का नहीं था, कोई आईआईएम का नहीं था, सब गांव के थे, गांव के स्कूल के पढ़े हुए थे। यदि हम de-silo नहीं करेंगे, तो समस्या होगी। Sudhanshu ji, make constructive suggestions also.

**डा. सुधांशु त्रिवेदी:** सर, मैंने यह विषय के संदर्भ में ही कहा है, क्योंकि समस्या जल निकासी के कारण हुई। जल निकासी के लिए जो पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और जल बोर्ड जिम्मेदार है, यदि वह हजारों करोड़ के घाटे में जा रहा है और जहां जल निकासी की बड़ी समस्या है, उस चीज पर सरकार निरंतर ध्यान न देकर यदि प्रचार पर ध्यान दे रही है, तो यह विषय सदन के माध्यम से जनता के ध्यान में हम अवश्य लाना चाहेंगे। मैंने सिर्फ यह फैक्ट रखा कि एक दिशा में 50 गुना

---

#Expunged as ordered by the Chair.

अधिक खर्च किया गया और दूसरी तरफ जल बोर्ड कर्जे में दबता चला गया और उधर कोई ध्यान नहीं दिया गया, इसलिए मैंने यह तथ्य आपके संज्ञान में रखा।

सर, मैं विषयांतर में नहीं जाना चाहता था, परंतु हमारे माननीय सदस्य ने कहा, तो मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इसी दौर में सैकड़ों करोड़ का शीश महल बनकर तैयार हो गया, मगर सीवर की सफाई नहीं हो पाई। यदि सम्मानित सदस्य को मेरी बात पर आपत्ति है तो वे यह आंकड़ा सामने रख दें कि कितना खर्चा उन्होंने उस कंस्ट्रक्शन पर किया था और कितना खर्चा उन्होंने इस कंस्ट्रक्शन पर किया है, तो मेरे विचार से जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। यह बात इसलिए आवश्यक है कि यह मामला सिर्फ कानूनी नहीं है, यह मामला सिर्फ तकनीकी नहीं है कि कोई technical failure हो गया है, बल्कि यह मामला एक जेहनी सोच का है, जिसमें लोगों की जान की कीमत के बारे में बहुत हल्के तरीके से सोचा जाता है और किसी दूसरे प्रकार की राजनीति के बारे में बहुत भारी तरीके से सोचा जाता है।

मैं आपके सामने एक और फैक्ट रखना चाहूंगा, हो सकता है कि मेरे विरोधियों को इस बात के ऊपर बहुत आपत्ति हो। इन्होंने कई और मदों में कई-कई गुना खर्चा बढ़ाया है। ये 2012-13 में वक्फ बोर्ड को 1.25 करोड़ रुपये देते थे, अब 71 करोड़ रुपए दे रहे हैं, वहां 70 गुना बढ़ा दिया है। मगर मैं पूछना चाहता हूँ कि इन चीजों की सफाई के लिए, कंस्ट्रक्शन के लिए कितना गुना पैसा बढ़ाया है, इस बारे में जानकारी दें। यह सब यह दर्शाता है कि जांच हो, धन का आवंटन हो, उसके ऊपर निगरानी रखनी हो या उसके ऊपर बयान देना हो, उसमें किसी भी प्रकार की कोई संवेदना नजर नहीं आती है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि इतनी बड़ी घटना हो गई, मगर दिल्ली के माननीय मुख्य मंत्री, जो विशेष परिस्थितियों में, विशेष स्थिति में हैं, उनकी तरफ से इस प्रकार का कोई substantive बयान आया ही नहीं। कम से कम संवेदना व्यक्त करते, एक जांच inquiry set up करते, वे यह कहते, यह बयान देते, जो वहां से बैठकर कह रहे थे कि दिल्ली के लोगों के लिए सदैव मेरा दिल धड़क रहा है, मैं तो दिल्ली के लोगों के बारे में ही सोचता रहता हूं। इतनी बड़ी घटना हो गई और उनकी सोच की कोई एक झलक हमें दिखाई नहीं पड़ी। इसके उलट मैं यह कहना चाहता हूं कि इन घटनाओं के साथ, इधर दिल्ली के साथ जो मैंने कहा 26 जून से लेकर कई शिकायतों से लेकर आज तक यह हो रहा था, परंतु जवाब में कोई तथ्यात्मक जवाब नहीं दिए जा रहे थे, सिर्फ यह जानकारियां दी जा रही थीं कि उनका वजन हल्का हो रहा है। मुझे लगता है कि अगर उन्होंने अपने कामों पर ध्यान दिया होता - मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं कि वे स्वस्थ रहें, परंतु मैं कहना चाहता हूं कि यहां वजन हल्का होने का विषय नहीं है, यहां किरदार हल्का होने का विषय है और जिस प्रकार का आचरण आम आदमी पार्टी ने दिखाया है, वह निश्चित रूप से उनके आचरण के और उनकी सरकार के परफॉर्मेंस में ...(**व्यवधान**)... महोदय, उसी पर चर्चा हो रही है। ...(**व्यवधान**)... इसमें कौन सी ऐसी बात है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं।

**श्री सभापति**: सुधांशु जी, मेरे विषय ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** *

MR. CHAIRMAN: Sanjayji, nothing is going on record. आप बैठिए। *...(Interruptions)...* Please take your seat. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...*

**डा. सुधांशु त्रिवेदीः** महोदय, मैं आपके माध्यम से और भी बात स्पष्ट करना चाहता हूं, यदि हमारे सम्मानित सदस्य को आपत्ति है। सरकार के मंत्री आते हैं, सरकार के विषय पर बोलते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि पिछले इतने महीनों में आकर सरकार के मंत्रियों ने कितनी बार सरकार के विषय पर बोला है, सरकार की कार्यवाही पर बोला है? यही विषय बोला है न, जिसको लेकर इनको आपत्ति है। मैं आपके माध्यम से यह बात पूरे देश के सामने रखना चाहता हूं कि उनके मंत्री, सरकारी मंत्री, जिनका काम सरकार के कार्यों के बारे में टिप्पणी देना है, वे आकर वजन हल्का होने की बात करते थे, यदि यह बात मैंने आज याद दिला दी कि उन्होंने अपने कामों पर ध्यान दिया होता, तो यह स्थिति नहीं होती, तो उनको इस बात पर आपत्ति हो रही है। यहां मैं एक और बात दुखी मन से कहना चाहता हूं, मगर यह भी बताते हुए कि सिर्फ बातें करने से काम नहीं होता है, कम से कम कार्य तो करने ही चाहिए, गंभीरता से करने चाहिए। उसके बाद मैं अपने दो-तीन सुझाव भी व्यक्त करूंगा। उनके लिए कहना चाहूंगा कि -

*"चंद बातें करना और मुतमईन होना नहीं अच्छा,*
*सियासत आखिरी दम तक सभी को आज़माती है।*
*बहुत गलती की गुंजाइश नहीं होती सियासत में,*
*ज़रा किरदार हल्का हो, कहानी डूब जाती है।।"*

तो जो आपने किया है, दिल्ली की जनता की अपेक्षाओं को और जिस आधार पर आपको लाया गया था, उसको दूर करने काम किया है। इन्होंने सुझाव की बात की तो मैं साफ कहना चाहता हूं कि जितने गुने पैसे आपने, जितना ध्यान अपने प्रचार-प्रसार पर, वक़्फ़ बोर्ड के विस्तार पर दिया है, आप उससे ध्यान हटाइए और दिल्ली के सीवरों को साफ करने के लिए धन आवंटित करिए। दूसरा सुझाव यह है कि आप सारे कोचिंग संस्थानों की सूची लीजिए, उस सूची को लेकर यह सुनिश्चित करिए कि उन्होंने जो-जो चीज़ें की हैं, उनमें वे अपने मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं?

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि कृपया हमारे माननीय सदस्य सदन के पटल के ऊपर क्या इस विषय पर कोई ऑथेंटिक डॉक्यूमेंट रख सकते हैं कि अब तक - यानी इस घटना होने से पहले तक - क्या उनकी सरकार ने किसी भी प्रकार की कोई भी कार्रवाई बगैर जांच के अथवा जांच करके की है? यदि नहीं की है तो मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि अब उस घटना को संज्ञान में लेकर कृपया सख्ती के साथ पहले यह तय करें कि कितने कोचिंग

---

* Not recorded.

संस्थान हैं? वास्तविकता में उनको जितनी permissible limit है, उसमें वे छात्रों की संख्या रखे हुए हैं या नहीं और यदि उन्होंने उनको कहीं रेजिडेंस दे रखा है, तो वह रेजिडेंस मानकों के अनुरूप है या नहीं, क्योंकि आज तो महोदय पानी की घटना हुई, कल के दिन fire hazard भी हो सकता था, तो यह बात हम इनसे बहुत स्पष्ट कहना चाहेंगे कि इन बातों के विषय में गंभीरता लें और अंत में इन्होंने कहा सुझाव, तो एक और सुझाव भी देना चाहूंगा कि इनसे विनम्र निवेदन है कि सरकार चलाइए। सरकार के मंत्री आकर सरकार के कार्यों के बारे में विचार दें, आकर सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप न करें, क्योंकि अभी तक इनका स्टाइल यह रहा है कि किसी भी घटना के ऊपर वास्तविक अर्थों में सरकार की तरफ से जो जवाब मिलना चाहिए था ...(**समय की घंटी**)... वह जवाब देने के बजाय सियासी बयानबाजी होती है। मैं अंत में सिर्फ यह कहते हुए अपना निवेदन समाप्त करता हूं कि यह घटना बहुत हृदयविदारक है और इस घटना के बारे में जैसी संवेदनशीलता की अपेक्षा दिल्ली सरकार से थी, वह नहीं हुई है।...(**समय की घंटी**)... इसलिए इस पर एक गंभीर जांच होनी चाहिए और संबंधित लोगों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

MR. CHAIRMAN: Shri Randeep Singh Surjewala. *...(Interruptions)...* Not present. *...(Interruptions)...* Shri Derek O' Brien. *...(Interruptions)..* You have nine minutes. *...(Interruptions)...* No cross-talks. *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Shri Derek O'Brien has been called. *...(Interruptions)...* Please take your seat. *...(Interruptions)...* The Leader of the House. *...(Interruptions)...* The Leader of the House, please control your people. *...(Interruptions)...* What is this? *...(Interruptions)...* Yes, Shri Derek O'Brien. Your time is nine minutes. That is the total party time. Please go ahead.

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Let me begin by conveying our deepest condolences to the parents of the three families who have had this irreparable loss. No amount of words from the Rajya Sabha and the Lok Sabha..

MR. CHAIRMAN: I think the whole House will join you. *...(Interruptions)...* The whole House needs to join you. *...(Interruptions)...*He has said so. Let us appreciate it.

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, if we say something unparliamentary, please correct us. I will sit down. Otherwise, we like our flow. Thank you, Sir. These were children, boys, who were not driving fancy cars in Pune. Nor were they running around driving their rich papa's cars. These were the boys who were looking brightest of the brightest. This is happening all over and we convey our condolences. I want to divide what I am going to say today in two parts. One, how we have reacted in the Rajya

Sabha to this. Two, I want to offer some suggestions. 'We' means it is all of us -- the Chair and every single Member. What have we done today? We have showed speed. We have showed concern. We have showed alacrity to stop all Business, including the Budget, to convert a 267 notice and bring it to Short Duration Discussion. Good! This is the first time we are seeing this in two years. But my conscience questions as we condole those students. Did we, as the Rajya Sabha, show the same speed, concern and alacrity by converting and stopping Business to discuss railway accidents, to discuss 24 lakh boys and girls who suffered because of NEET and to discuss 60,000 men and women of a proud Indian State Manipur? Did we show the same alacrity? Did we stop all Business? Did we say, 'No, at 1 o'clock, we will start?' We need to ask ourselves these questions. Did we show the same alacrity when 100 people died in Assam because of floods or for 30 suicides of farmers every day -- we need to reflect -- or when parliamentary security was breached or to discuss an issue like unemployment? We need to ask ourselves this question. All of us need to ask ourselves this one question. Part-B in the first half of my speech is not to do politics but to share with you and all of us here what really happens in a Rajya Sabha session where we can discuss something like this. I will just take 90 seconds to explain this. For this Rajya Sabha Session, the total time is 190 hours; out of that, 140 hours approximately go to the Government and 50 hours go to the Opposition so that we can raise issues. So, the point I am trying to make today is that this is such an important issue. There is the Congress Party or the Trinamool, which is the second largest opposition here, or the DMK, which is the third largest opposition here. I hope, in the future, our notices too are met with the same speed, concern and alacrity. I am saying this because I really want to feel that the notices today....*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Only the hon. Member. ...*(Interruptions)*... Nothing else will go on record. ...*(Interruptions)*... Hon. Member, please continue. ...*(Interruptions)*...

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, it is not about this issue alone, it is about broader performance ...*(Interruptions)*... Sir, will you protect me or am I to engage with someone sitting down and passing comments? ...*(Interruptions)*... Please protect me. Sir, these are the issues which we really wanted to bring forth to you. Today was a good opportunity; it is being discussed and the Budget is on pause.

Sir, let us come to one of the big issues for which all of us are responsible. It is the commodification of education. Have you addressed commodification of education

in your National Education Policy? *...(Interruptions)...* Today, there is a lot of concern, as there should be, for the three students who died but I want to take you to the capital of the commodification of these exams. That capital is in a place called 'Kota'. Let us talk about it because it is a subject close to my heart. Long before I came to Parliament, I would ask quiz questions -- people would pay me for that -- to young people and with knowledge. What are we doing in Kota? Who are the powerful people, and who are the Governments and individuals who are backing these centres? I would not call them IAS centres. The issue is beyond IAS centres. The issue is on NEET. Let us discuss NEET in this session of Parliament. There is no running away from that. Pause the Budget tomorrow and day after. Let us discuss NEET. In Kota, there were 26 suicides in 2023. And what do we do to prevent the suicides? They changed the system of fans. That won't help. We need some more basics. This year in Kota, there have been 13 suicides. As a nation, what do we owe to our students when out of every 100 suicides, ten are student suicides? Here, we want to discuss saying you did that and we did that. If we are going to take up these issues of Short Duration Discussion, if we are going to take up the issues of Calling Attention Motion, I plead with you and I urge you to please allow all sections of the House so that we can have a proper discussion on these issues. Sir, there are various ways where students try and improve. What is that film? $12^{th}$ Fail! I saw '$12^{th}$ Fail', the film. *...(Interruptions)...* I learnt more about the system from '$12^{th}$ Fail' and I want to end. I don't want to quote. Education must be handled by people who understand education. *...(Interruptions)...* I do not want to tell this House, before I end, who wrote a book called 'Exam Warriors'. When you are not qualified to write 'Exam Warriors', do not write.

MR. CHAIRMAN: What is the name of the book?

SHRI DEREK O'BRIEN: The name of the book is 'Exam Warriors' and sometimes, we had students who knew the answer but would still ask the question. So, the name of the book is 'Exam Warriors'. It was written by a very famous person. Thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, one minute. *...(Interruptions)...* I am sure that Shri Derek O'Brien has made some comments -- of course, in a very different kind of a manner -- that the Chair had not been that considerate when issues by way of Rule 267 emanated from the Opposition Benches implying that Chair has favoured the Treasury Benches by entertaining Rule 267 notice of the Treasury Bench. I, therefore, need to indicate to this House. Firstly, we have a long tradition that we do not

Content Page

comment on the Chair. Even otherwise, since a strong word has been used very politely, I have not admitted Rule 267 notice today. My stand has been very categorical that Rule 267, suspending the Business of the House, will be done when there is consensus among the Parties. *...(Interruptions)...*

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir,...

MR. CHAIRMAN: What I had indicated multiple times, when I declined Rule 267, I urge the Members, I would be open to a discussion, Short Duration or Calling Attention Motion. We will not do our debate on...*(Interruptions)...*

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, I have not and I never will cast any aspersion on the Chair.

MR. CHAIRMAN: I know. *...(Interruptions)...*

SHRI DEREK O' BRIEN: Just one minute, Sir, or just give me thirty seconds. I said that it is our collective responsibility and I was not referring to Rule 267 at all. I was referring to the conversion of a '267' into a Short Duration Discussion with alacrity and speed. I am welcoming it.

MR. CHAIRMAN: So, let me assure hon. Members, I am committed to three things in particular. One, I wish to afford hon. Members as much time as is available for discussion. Therefore, you would have seen, we are dispensing with lunch hour. We are increasing the time from 6 P.M. onwards. Number two, I am always accessible to the Members. But let me share my anguish, let me share my pain. This Chairman, when he makes a request for hon. Members for a conference in the Chamber, this rebuff is not only unprecedented but dilution of parliamentary decorum. The fact that floor leaders virtually seek to boycott the Chairman in Chamber is, certainly, not a healthy practice. *...(Interruptions)...* I am one Chairman who is available virtually 24X7. *...(Interruptions)...*

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, absence is interpreted as boycott.

MR. CHAIRMAN: No, no. *...(Interruptions)...* It is. *...(Interruptions)...* I understand. *...(Interruptions)...* I understand but let me tell you, this has happened half-a-dozen times. On the floor of this House, the Leader of the Opposition has said: "We will

discuss here, not in Chamber." Mr. Tiruchi Siva, remember it. I am a person who has a lot of patience. I tolerate things but inside I am troubled as to what is lacking in me when I appeal to the Leader of the Opposition: "Please see me in my Chamber", I would be happy to go, if his health does not permit, to his Chamber. I said so on one occasion. I wrote four letters to him. I do not want to go into that. So, I would want Members of the House to rise to the occasion on this sensitive issue and make contribution. Shri Tiruchi Siva. Let us go by the system. ...*(Interruptions)*... You were not here. Shri Tiruchi Siva, you have seven minutes to speak.

SHRI TIRUCHI SIVA: Mr. Chairman, Sir, I also associate with the whole House as you said.

MR. CHAIRMAN: I am grateful.

SHRI TIRUCHI SIVA: We express our condolences to the bereaved families of the students. It is a very sorry occasion. We thank you very much for having taken up this issue. I would like to say in another manner. I think, we can take it as a precedent that hereafter for such incidents, the House would give opportunities to discuss such issues under Short Duration Discussion. We request you on the floor of the House itself than personally since we have days to conclude. Next week, we can have a Short Duration Discussion on the choice of the Opposition Parties.

MR. CHAIRMAN: We will have one.

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, we will have one.

MR. CHAIRMAN: But, this is not at the choice of the Treasury Benches. This is my decision. But, we will have it.

SHRI TIRUCHI SIVA: We are appealing only to you.

MR. CHAIRMAN: I don't look at the House from the point of view of Treasury Bench or Opposition; I look at the House evenly. But, we have one suggestion if it comes from you or Sanjay*ji* or anyone else.

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, from day one, whenever the floor leaders of various political leaders are called by the Government, before the Session commences, we used to

say that other than the Legislative Business, we need a Short Duration Discussion and a Calling Attention so that Opposition Members could bring some views or very burning issues for which the Ministers will also respond. Very good, you have taken a good decision today. Let this be a precedent and next week, we expect a Short Duration Discussion on our notice. This incident happened in a UPSC Coaching Centre. Had this same happened in a NEET Coaching Centre, what the Ruling Party would have done, I don't know. It is because so many Members from the Treasury Benches have given notices. I have never come across, in the past, that Ruling Party Members are giving Adjournment Motions under Rule 267. This is something new. May be it is pointing towards the State Government or it is pure politics. But, we don't want to go into politics in this issue. When something happens in the capital, it is highlighted. It is spoken much and even the media takes it up. But, in a remote corner, if a seven-year old, ten-year old girl is raped in a village, in a farm or in the fields, it does not come out at all. *...(Interruptions)...* Everyone will be crying. The family will also be affected. That issue, even if you highlight, it won't be listened to. The media don't focus on it. So, incidents should not be restrained with capital or urban or rural or rich or poor. As my colleague, Mr. Derek pointed out, it is nothing wrong, it is not repetition but reiterating it. Tamil Nadu has witnessed so many number of suicides because of the NEET examination since inception. In one incident, a certain girl, named Anitha who had secured 1,176 out of 1,200 marks was not able to get through in the NEET examination because she was not able to get into a coaching centre. Mr. Derek, I listened to you. The coaching centres cost so much which the poor people are not able to afford it. The NEET examination is totally in a different pattern and when they were not able to meet the requirement, they couldn't pass out and such a bright girl from childhood onwards was telling everyone in the village that she was going to be a doctor, and parents were also saying it. But, because of the NEET examination, when her dreams were shattered, she committed suicide. We have been saying, address the issues of the NEET examination. First of all, whether the NEET examination is necessary is a very big question. Having studied for 12 years night and day, going to the school and securing this much of marks but those will be thrown into the dust and another examination in a totally different pattern conducted for two-and-a-half hours will decide the knowledge whether the student is qualified to be a doctor. Really, we couldn't understand it. So, evaluate the students as it was before. We have been saying that. The NEET examination is a very big botheration. In the last year's exam, just the year that passed away, the results came. The court has also directed that the results could be published. Sir, 73 students have secured 720 out of 720 marks and in one centre, with 50 students. How is it possible?

So in all these things, irregularities have happened. We wanted to discuss and even now, we want to discuss. It is a very serious issue. My good friend, Mr. Sudhanshu, very well said that the State Government is responsible. I would like to say that after the Amendment of NCT of Delhi has come, all the powers are rested only with the LG and the Chief Minister is just for namesake in the chair. Only the LG takes the decision. The Ministers are overridden by the Secretaries. A decision that is taken by a Minister can be overlooked by the Secretary of the Department. That is the state of State Government in New Delhi.The Chief Minister can take a decision; the Chief Secretary will go and meet the LG and the LG will decide and Chief Minister's decision will be thrown out. So, in what way, you say that the State Government is responsible for what has happened? It is only the LG who should be held responsible and accountable because you have taken all the rights. Members from all the States, from all political parties expressed that this is not fair. I have told even at the time of discussion,"Today you are bringing the Bill. Sometimes, tomorrow, if you come to power in New Delhi, what will be your status?" The Union Government will be in some other hand, and maybe, LG will be of our choice, maybe, the INDIA alliance. And, when you will be the Chief Minister, you cannot act as the Chief Minster and only our LG will decide."So we said that whenever you enact a law, apply your mind considering the future and what implications it has. My dear friend, Sudhanshu*ji*, what you have accused about the State Government, will be pointed out only to the LG. Sir, I request you, this approach and this consideration that we have shown today, should be shown to every part of the country and to every section of the people, whether rich or poor, whether urban or rural.

MR. CHAIRMAN: Now Shri Sanjay Singh and, after that, Shri Randeep Singh Surjewala. Sanjay*ji*, you have seven minutes.

**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): मान्यवर, आपने इस अत्यंत गंभीर विषय पर सदन में चर्चा रखी, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार। सबसे पहले मैं अपने मित्र जो इस वक्त यहां नहीं हैं, उन्होंने सवाल पूछा था कि हमने काम क्या किया है, उनको यह बताना चाहता हूं कि हमने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में 99.6 प्रतिशत पाइपलाइन बिछाकर पानी पहुंचाने का काम किया। हमने दिल्ली के 1,031 अनधिकृत कॉलोनियों में 4,243 किलोमीटर नई सीवर लाइन डालने का काम किया। 2014 के बाद 3,500 किलोमीटर पानी और 3,100 किलोमीटर सीवर की पुरानी लाइनों को बदलने का काम किया। 7,300 किलोमीटर पानी के नए पाइप डालने का काम किया। यह दिल्ली सरकार का काम है।

मैं चाहूंगा कि हमारे मित्र सांसद हमारे साथ किसी दिन समय निकालना चाहें, तो चलें और हम उनके सामने ये सारे आंकड़े रखेंगे। सर, मैं बड़ी पीड़ा के साथ, दुख के साथ यह बात कहना

चाहता हूं कि जिन तीन बच्चों की जान इस घटना में गई है, मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उनके परिवार को यह अपार कष्ट सहन करने की शक्ति दे। मैं प्रार्थना करता हूं कि नीट में जिन छात्रों का भविष्य बरबाद हुआ, उन्होंने मजबूरी में आत्महत्या की, उनकी भी जान गई, मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना करता हूं। कोटा के अंदर जिन बच्चों की जान गई, उन्होंने सुसाइड किया, उनकी आत्मा को प्रभु शांति दे। मैं प्रार्थना करता हूं कि मणिपुर की हिंसा में एक साल के अंदर जिन लोगों की जान गई है, जिन लोगों को अपमानित किया गया है, इस सदन को उसके प्रति भी गंभीर होना चाहिए। उसके प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करनी चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप चलता रहेगा, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि कोचिंग को रेगुलेट करने की डिमांड आज से नहीं वर्षों से चली आ रही है, उसे कौन करेगा? केंद्र की सरकार करेगी। कोचिंगों के अंदर बेसमेंट में ,आज एक दिन नहीं हुआ ,जहाँ पर कोचिंग क्लासेज़ चल रही हैं या लाइब्रेरीज़ चल रही हैं। ये कोचिंग क्लासेज़ और लाइब्रेरीज़ 20-25 ,20-25 साल से चल रही हैं। उस समय एमसीडी में 15 वर्षों से सत्ता पक्ष ,भारतीय जनता पार्टी का शासन था। आपने उस समय क्या किया?आपको दिल्ली के हर काम में रोड़ा लगाना है ,रोकना है। भारत के इतिहास में पहली बार हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के पाँच जजों ने यह कहा कि दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर का ,पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली की चुनी हुई सरकार को मिलना चाहिए, मान्यवर ,आपने वह अधिकार हमसे छीन लिया। 28 जून को एक मीटिंग हुई है ,मैं उसका वीडियो सदन में रखूँगा ,मैं आपसे निवेदन करूँगा कि उसकी जाँच कराइए। हमारे मंत्री सौरभ भारद्वाज जी ,आतिशी मार्लेना जी ,गोपाल राय जी ,इमरान हुसैन जी अधिकारियों से कह रहे हैं कि desilting कराओ ,अधिकारियों से कह रहे हैं कि नाले साफ करो ,अधिकारियों से कह रहे हैं कि लेबर लगाओ ,नहीं तो नाले भर जाएँगे ,दुर्घटना हो सकती है ,लेकिन एक भी आदमी ,एक भी अधिकारी ,जिसे सिर्फ एलजी संचालित करता है ,इसलिए हमारी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। मान्यवर ,मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि इसकी जाँच कराइए और जो अधिकारी दोषी हैं , जिन्होंने बार-बार कहने के बावजूद ,हमारे मंत्रियों के कहने के बावजूद कार्रवाई नहीं की ,उनके ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए। मान्यवर ,मैं आपसे कहना चाहता हूँ ,बड़े निवेदन और विनती के साथ यह कहना चाहता हूँ कि आपने हमारी हालत वह कर दी कि हाथ बाँध दिया ,पैर बाँध दिया , स्विमिंग पूल में फेंक दिया और आप कह रहे हैं कि तैराकी करके नंबर वन आओ ,वरना डंडे से मारेंगे ,तुम्हारी आलोचना करेंगे।

सर ,आज मेरे घाव में पीड़ा हुई। इसी सदन के अंदर हमारे मुख्यमंत्री की बीमारी का मजाक उड़ाया गया। जब मैंने कहा कि ताली क्यों बजा रहे हो ,तो कह रहे हैं कि जेल में गए , इसलिए ताली बजा रहे हैं। आप सेलिब्रेट कीजिए। सर ,एक सदस्य ने यहाँ कहा।

**श्री सभापति**: एक सेकंड।

**श्री संजय सिंह**: सर, मैं बस खत्म कर रहा हूँ।

**श्री सभापति**: एक सेकंड।

**श्री संजय सिंह**: सर, मैं खत्म कर रहा हूँ। एक मुख्यमंत्री, जिसको आपने पकड़ कर जेल में डाल दिया, उसकी शुगर 50 से कम है, उसके बूढ़े माँ-बाप को चिंता है, बच्चों को चिंता है, पत्नी को चिंता है, पार्टी के कार्यकर्ताओं को चिंता है और आप सेलिब्रेट कर रहे हैं, आप ताली बजा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री की यह हालत है, तो बहुत अच्छा है। ...(**व्यवधान**)... मान्यवर, इस बात ने हृदय में घाव कर दिया। ...(**व्यवधान**)... हृदय में घाव कर दिया। ...(**व्यवधान**)... हम एक-दूसरे के प्रति इतनी कटुता रखते हैं! मान्यवर, इस सदन में बैठ कर एक-दूसरे के प्रति इतनी कटुता! मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि दिल्ली की सरकार को संचालित नहीं करने दिया जा रहा है। एलजी के माध्यम से हमारे कामों पर रोज़ रोक लगाई जाती है, रोड़ा अटकाया जाता है, चाहे एमसीडी का काम हो, हेल्थ डिपार्टमेंट का काम हो, जल का काम हो, पानी का काम हो, हर काम में रोक लगाना, मोहल्ला क्लिनिक रोक दो, डोर टू डोर राशन की डिलीवरी रोक दो। सर, यह घटना कोई एक दिन की बनी हुई घटना नहीं है। 10-10, 15-15 साल के जो गुनाह थे, पिछली सरकार के और एमसीडी में 15 साल से जो पिछला शासन था, यह उसकी देन है। हमने अपने जो काम किए, वे आपके सामने रख दिए। हम आपके माध्यम से यह बताना चाहते हैं कि हमारी सरकार के मंत्रियों ने एक नहीं, अनेक बार इनसे निवेदन किया, विनती की, बार बार कहा * अपराध क्या है कि उन्होंने दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी की सरकार बना दी, हमारे मुख्यमंत्री तीन बार चुन लिए गए!

MR. CHAIRMAN: Sanjay*ji*, this will not go on record. This one sentence will not go on record.

**श्री संजय सिंह** : सर, मैं बस खत्म कर रहा हूँ। बस अंतिम बात कह रहा हूँ।

सर ,मैं कह रहा हूँ कि उनका अपराध क्या है कि उन्होंने केजरीवाल को मुख्यमंत्री बना दिया ,जो बिजली फ्री देते हैं ,पानी फ्री देते हैं ,शिक्षा फ्री देते हैं ,इलाज फ्री देते हैं ,जो बस की यात्रा फ्री देते हैं। ...(**व्यवधान**)... दिल्ली के मुख्यमंत्री ,अरविंद केजरीवाल जी ऐसे स्कूल बनाते हैं कि ...(**समय की घंटी**)... अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी हिन्दुस्तान आती हैं ,तो कहती हैं कि हमें केजरीवाल और सिसोदिया का स्कूल देखना है। हमने वह काम करके दिखाया है ,अनुकरणीय काम करके दिखाया है। वह आप पचा नहीं पा रहे हैं और ऐसे सदन के अंदर हँसी-मजाक ,लोगों की मौत पर भी ताली बजाने का काम ,यह बंद कीजिए ,यह बहुत गंभीर मसला है।

मान्यवर ,मैं अंतिम लाइन कह कर अपनी बात खत्म करूँगा। मैं आपसे हाथ जोड़ कर विनती करता हूँ कि आपने इस सदन में यह बड़ी अच्छी शुरुआत की है ,आगे मणिपुर की हिंसा पर ,एनईईटी के मुद्दे पर ,चीन की घुसपैठ पर इस सदन में चर्चा कराई जाए और हम सब उसमें अपनी हिस्सेदारी लेंगे। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Randeep Singh Surjewala. All the 17 minutes of your party are with you.

---

* Not recorded.

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA (Rajasthan): Thank you hon. Chairman, Sir, first of all, on my behalf and on behalf of my party and the entire House, let me join all the colleagues in expressing my heartfelt and deepest condolences to three boys whose bright young career has been cut short by this tragic accident. ...*(Interruptions)*... Sir, I stand corrected, two boys and two girls. चेयरमैन सर, इस प्रकार के हादसे पर इस सदन में चर्चा हुई, तो इस चर्चा के दौरान, यह हादसा क्यों हुआ, किसके द्वारा किया गया, कौन जिम्मेवार है, sewerage का विभाग जिम्मेवार है, MCD जिम्मेवार है, fire department जिम्मेवार है, ये सारी बातें हो रही हैं। इससे मुझे लगा कि चर्चा किस विषय पर हो रही है। क्या अब इस सदन की कार्यवाही राजनीतिक भेदभाव की इस भावना से चलेगी?

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*)

जब हम कोचिंग इंस्टिट्यूट पर लगाम लगाने और हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने जैसे गंभीर मामले को भी हम सीवरेज, फायर डिपार्टमेंट, दिल्ली की सरकार को किसी प्रकार से नीचा दिखाने की कोशिश, खुद के लिए brownie points कमाने की कोशिश के अंदर घसीट कर ले जाएँगे, तो यह एक दर्दनाक विषय है। धीरे-धीरे अब राजनीति के स्तर में इतनी कमी आने लगी है कि इस हिन्दुस्तान के, माँ भारती के जिन बच्चों की इस accident में मृत्यु हुई है, उसे भी हम आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में घसीट कर इस स्तर पर ले आएँ हैं। मुझे लगता है कि यह अपने आप में निन्दनीय है और वह साथी, जो अभी यहाँ नहीं हैं, जिन्होंने इस पूरे विषय पर मौत की राजनीति की, वह जरूर अपने अंतःकरण में झाँक कर इसका पुनरावलोकन करेंगे। जब रात को वे सोएँगे, तो क्या उनकी आत्मा यह सोच कर नहीं कचोटेगी कि यह राजनीति का विषय हो ही नहीं सकता?

Sir, coming back to the issue in hand, I think in this muddle of politicking, we have digressed from one of the most fundamentally important issues. I join my colleagues in saying that this is a good beginning to discuss issues under Rule 267. We will, with permission of the Chair, of course, bring a similar motion on occupation of Indian territory by China, माँ भारती की जमीन पर चीन का जो कब्जा हुआ है, हम वह प्रस्ताव लेकर आएँगे, उस पर भी खुले मन से चर्चा हो। नीट में जिस प्रकार से सरकारी हस्तक्षेप के चलते 24 लाख बच्चों का भविष्य नष्ट किया गया और जिस नालायकी और निकम्मेपन से वे लोग, जो जिम्मेवार थे, अपनी जिम्मेवारी से भाग खड़े हुए - खुले मन से उस पर भी चर्चा हो। खुले मन से जिस प्रकार से पाकिस्तानी प्रायोजित आतंकवाद...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय सुरजेवाला जी, इस विषय पर बोलें।...(**व्यवधान**)... प्लीज़। जब यह प्रस्ताव स्वीकृत होगा, तब आप उस पर बोलिएगा। अभी आप इस विषय पर बोलिए।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Okay, Sir, I am coming back to the issue. But, I only hope that issues like Manipur, Jammu and Kashmir, occupation of territory by China, deteriorating law and order situation in J and K, attacks by terrorists and infiltration and our Government just looking on like a hapless Government on our borders, their failure to protect our borders will all be discussed. Sir, I am coming back to the issue. कोचिंग सेंटर्स क्यों पनप रहे हैं? मैं इस पर सोच रहा था, तो मुझे उसके तीन कारण बिल्कुल सीधे-सीधे नजर आते हैं। पहला है माँ-बाप की जो इच्छाएँ हैं अपने बच्चों की प्रगति को लेकर, जिसे अंग्रेजी में हम parents' aspirations कहते हैं। दूसरा है बच्चों की आगे बढ़ने की ललक, जिसे students' aspirations कहते हैं। तीसरा है IIM, IIT, MBBS, Dental, आदि में लिमिटेड सीट्स का होना और चौथा है बहुत कम रोजगार और नौकरियाँ उपलब्ध होना। चौथा है, बहुत कम रोज़गार और नौकरियां उपलब्ध होना। जब ये चारों फैक्टर्स मिल जाते हैं तो अपने आपमें फिर कोचिंग सेंटर्स की जरूरत पड़ती है और इसलिए इस देश में कोचिंग सेंटर्स पिछले सालों के अंदर बहुत अधिक मात्रा में पनप गए हैं। मैं पढ़ रहा था, एक सर्वे यह भी कहता है कि साल 2028 तक कोचिंग इंडस्ट्री इस देश में 1,38,000 करोड़ का धंधा बन जाने वाली है। यह अपने आप में बहुत चिंताजनक है। यह क्यों हो रहा है? One is: Exams now decide a child's future, whether for admission into best of the universities or professional course or for jobs. And, coaching has now become the only way to edge out other competitors. Coaching has become the only way to get a better Government job. It is an aspiration that every young man and woman in this country has. And, in this process, what is happening. School education, college education and university education are becoming supplementary or secondary, if you permit me to say, to coaching centres and coaching institutions. That is an extremely dangerous trend. When your principle educational edifice of primary, secondary and higher education, of college and university education, of professional education becomes secondary and subservient to coaching industry, then it is an extremely dangerous trend for any country; more so, for a country with the kind of demographic dividend that we have. सर, कारण बड़ा सीधा है।10 साल से एक ऐसी सरकार सत्ता में है, जिसने शिक्षा का, अगर अंग्रेजी में कहूँ तो commercialisation या वाणिज्यीकरण कर दिया, जिसने शिक्षा का privatisation कर दिया। Education is the holiest of jobs. शिक्षा से पवित्र कोई चीज़ नहीं, शिक्षा से बड़ा कोई दान भी नहीं, शिक्षा से बड़ी और कोई चीज़ भी देश और दुनिया में, हमारी संस्कृति में नहीं मानी जाती है, पर एक ऐसी सरकार सत्ता में आई, जिसने 10 साल में इस शिक्षा का commercialisation भी कर दिया और privatisation भी कर दिया।

मैं कुछ बातें बड़ी चौंकाने वाली बताता हूँ। 2014-15 में इस देश में लगभग 11,07,118 सरकारी स्कूल थे। नए आंकड़े अभी आने बाकी हैं, पर जो आंकड़े इस समय उपलब्ध हैं, वे 2021-22 तक के हैं। उपसभापति महोदय, आप चौंक जाएंगे कि 2021-22 में वे सरकारी स्कूल बढ़ने की बजाय कम हो गए और 10,20,386 रह गए। गवर्नमेंट एडेड स्कूल 2014-15 में 83,402 थे, जो कम होकर 82,480 रह गए। यानी, 87,654 स्कूल, लगभग 88,000 स्कूल 2014-15 से 2021-22 में बंद

हो गए। How can anybody, any rightful thinking person, including an educationist, journalist, writer and a thinker like you, Mr. Deputy Chairman, Sir, who is fortunately sitting on the Chair today as I speak, can even imagine that between 2014-15 and 2021-22, 88,000 Government schools shut down! Why? Is it not the responsibility of this Government? Does it not show why coaching institutes are coming up? For we are gradually privatising education and shedding our responsibility, they are only interested in promoting crony capitalists, not in promoting Government schools and colleges! Private schools, on the contrary, in the same period, went up. Nothing wrong with it. But, it is the number you need to see. In 2014-15, the private schools were 2,88,000 and by 2021-22, they went up by 3,35,000 — it is almost 80,000.

So, you shut down 80,000 Government schools. You make sure 80,000 private schools come up and, then, you say coaching institutes should not come up. You are actually targeting the educational edifice in this country. आप शिक्षा की नींव पर हमला बोल रहे हैं। सर, मैं पार्लियामेंटरी रिपोर्ट देख रहा था, वह तो और ज़्यादा चौंकाने वाली है। संसद की समिति ने यह कहा कि देश के सरकारी स्कूलों में पिछले लगभग 8 से 9 साल में 10 लाख अध्यापकों की पोस्ट्स खाली पड़ी हैं। यह * की बात है, तो कहां जाएं बच्चे। वे कोचिंग इंस्टीट्यूट में नहीं जाएंगे, तो कहां जाएंगे और जितने प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस हैं, उनमें स्थिति और ज्यादा चिंताजनक है। 45 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ की 33 परसेंट पोस्ट्स खाली पड़ी हैं। आईआईटी में 41 परसेंट पोस्ट्स खाली पड़ी हैं, आईआईएम में 32 परसेंट पोस्ट्स खाली पड़ी हैं, तो स्कूल हों, कॉलेजेज़ हों, आईआईटी हो, आईआईएम हो, केंद्रीय विश्वविद्यालय हों, यह इनकी दशा है, तो बच्चे कहां जाएंगे? फिर वे कोचिंग इंस्टीट्यूट में मां-बाप का मेहनत से कमाया हुआ पैसा खर्च कर पढ़ने के लिए मजबूर हैं, फिर ऐसे इंसिडेंट्स होंगे। काश यह सरकार उस नींव के ऊपर ध्यान देती, बजाय crony capitalists की सेवा करने के।

सर, outlay of education भी धीरे-धीरे कम हो गया है। मैं देख रहा था कि वह लगभग one percent of GDP है। वे प्रॉमिस किया करते थे seven per cent of GDP, परंतु वहां भी कुछ नहीं हुआ। हां, एक काम ज़रूर किया है, जो किताबें थीं, जो इतिहासकारों, शिक्षाविदों और समझदार लोगों ने लिखीं थीं, उनमें क्या किया - महात्मा गांधी की हत्या कैसे और किन-किन तत्वों द्वारा की गई थी, उसे मिटा दिया। क्या उसे मिटाने से इतिहास मिट जाएगा? गुजरात में जो दंगे हुए थे, उनका हवाला आप एनसीईआरटी की किताबों से मिटा दो। सर, यह मैं नहीं कह रहा, एनसीईआरटी में जो 33 लोग, जिन्होंने उसके अंदर contribute किया है, उन्होंने लिखकर चिट्ठी दी कि आप हमारा नाम काट दीजिए, हम ऐसी एनसीईआरटी की किताबों से एसोसिएट नहीं करना चाहते हैं। क्या इससे बड़ी * की बात भी हो सकती है कि देश के शिक्षाविद् इनकी नीतियों के चलते अब एनसीईआरटी की किताबों से मुख मोड़ने लगे हैं? यह दिखाता है कि कोचिंग इंस्टीट्यूट में बच्चे क्यों जा रहे हैं। नर्मदा बचाओ आंदोलन का हवाला काट दिया, सामाजिक उत्थान के जो moments हैं, उनका हवाला काट दो, ये कर रहे हैं। दूसरी तरफ क्या हो रहा है,

* Expunged as ordered by the Chair.

10 साल में इनकी सरकार में 70 पेपर लीक हुए हैं, 70 पेपर्स मंडी के अंदर बिके हैं। नीट में 24 लाख युवा - हम चर्चा नहीं करेंगे, क्योंकि उसका प्रस्ताव बाद में देंगे, पर मैं एक हवाला देना चाहता हूं, क्योंकि यह संदर्भ ज़रूरी है। It is an important connection. सर, 24 लाख बच्चे appear हुए, आपको भी उनका दर्द महसूस हुआ, होगा मुझे विश्वास है, क्योंकि आप पहले एक शिक्षाविद् हैं, उसके बाद एक पार्लियामेंटेरियन हैं। उन 24 लाख बच्चों ने 1 साल तक कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में तलवे रगड़-रगड़कर मां-बाप का पैसा खर्च करके सालों तक तैयारी की, लेकिन एक दिन पता चला कि हरियाणा के एक स्कूल में, जहां एक विशेष सत्ताधारी पार्टी का शासन है, वहां एक लाइन के अंदर अनेकों बच्चे 720 में से 720 नंबर ले आए। गुजरात का एक और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन है, वहां भी इन्हीं का शासन है, वहां पर क्या हुआ - जो भुवनेश्वर में है, वह भी वहां जाकर सबसे अच्छे नंबर ला रहा है, जो हैदराबाद में है, वह भी जाकर अच्छे नम्बर ला रहा है। गुजरात में ऐसा कौन सा सेंटर हो गया कि वहां दाखिल हो और 720 नम्बर ले आओ। इसी तरह से बिहार में भी हुआ, वहां भी इन्हीं का शासन है। वहां बाकायदा एफआईआर दर्ज हुई कि लाखों रुपये, 30-30, 40-40, 50 लाख रुपये में पेपर बिक रहा था। मुझे एक बात बताइए कि जहां-जहां पेपर बिकता है, वहां बीजेपी शासन कैसे होता है? जहां पेपरलीक है, वहां बीजेपी है। जहां-जहां पेपरलीक माफिया है, वहां बीजेपी है। जहां-जहां पेपर्स की बिक्री हो रही है, बोली हो रही है, वहां बीजेपी है। सिर्फ यहीं ही नहीं, बल्कि यूपी की पुलिस कांस्टेबल की भर्ती हुई, 63000 पोस्ट के लिए 50 लाख बच्चे आए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़ अपनी सीट पर बैठें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** आखिर में क्या हुआ, वह पेपर कैंसिल करना पड़ा और पेपर कैंसिल क्यों करना पड़ा - सर, एक गुजरात की कंपनी है। सर, इन्हें डर लग रहा है, क्योंकि मैं अभी उसका नाम लेने वाला हूं। अब पक्का उसका नाम लूंगा। उस कपंनी का नाम EduTest Solutions Private Limited है। एक गुजरात की कंपनी है, उसके मालिक हैं...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** माननीय सुरजे वाला जी, आप सारे रिकॉड्र्स यहां अवेलेबल करा दीजिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** एक गुजरात की कंपनी है, उसके मालिक सुरेश चंद्र आर्य हैं...(**व्यवधान**)..

**श्री उपसभापतिः** आपने जो तथ्य बताए, वे यहां उपलब्ध कराएं।...(**व्यवधान**)...

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, I am coming to the subject. ...(*Interruptions*).. But why are they standing? ...(*Interruptions*).. सर, मेरा टाइम पॉज़ कीजिए।...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : प्लीज़, आप लोग बैठ जाएं।...(**व्यवधान**).. Sudhanshu*ji*, please take your seat. ...*(Interruptions)*.. Please take your seats. ...*(Interruptions)*.. माननीय सुरजेवाला जी, आपसे आग्रह है कि जो भी तथ्य आपने रखे हैं, आप जो चीज़ें बता रहे हैं, वे सारे रिकॉर्ड्स यहां रख देंगे।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, आपकी बात भी सुनने नहीं दे रहे हैं।

**श्री उपसभापति**: मैंने आपसे निवेदन किया कि जो भी तथ्य और आंकड़े आप दे रहे हैं...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, पहले आप उधर के लोगों को बिठा दें।...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: मैंने आपसे निवेदन किया कि जो भी तथ्य और आंकड़े आप दे रहे हैं, उनके प्रामाणिक डॉक्यूमेंट्स यहां रख दें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: जी।

**श्री जयराम रमेश** (कर्नाटक): आप authentication मांग रहे हैं।

**श्री उपसभापति**: जी। जयराम जी, आप वहीं समझ लीजिए। इसका नहीं, बल्कि जो आंकड़े और तथ्य आपने बताए, उनके स्रोत के बारे में बात कर रहा हूं।

**श्री रणदीप सुरजेवाला**: सर, ठीक है। असली में कोचिंग इंस्टीट्यूट में अब बच्चे इसलिए जा रहे हैं कि जो कोचिंग इंस्टीट्यूट्स हैं, उनमें से कई कोचिंग इंस्टीट्यूट्स पेपर लीक के अड्डे भी बन गए। इनको तकलीफ यह हो रही थी कि मैं एक कंपनी का नाम लेने वाला था, वह कंपनी EduTest Solutions Private Limited, Gujarat, जिसके मालिक सुरेश चंद्र आर्य हैं। प्रधान मंत्री जी के साथ उनकी अक्सर फोटो नजर आएगी। गुजरात में पेपर लीक हुआ, बिहार में पेपर लीक हुआ, तो इस कंपनी को बैन किया गया। उसके बाद यूपी पुलिस का पेपर लीक हुआ, फिर SIT ने इसी कंपनी को दोषी पाया। कई जगह यह कंपनी ब्लैक लिस्ट हुई, उसके बावजूद भी इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च से लेकर बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन तक ये पेपर लेती है। ये लोग हैं, जो असली में हमारे बच्चों को कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में जाने पर मजबूर कर रहे हैं, क्योंकि कई जगह इनकी मिलीभगत है और कई जगह ये शिक्षा पर हमला बोलकर बच्चों को प्राइवेटाइजेशन ऑफ एजुकेशन, कर्मिशयलाइजेशन ऑफ एजुकेशन को ये प्रमोट करते हैं और कोचिंग इंस्टीट्यूट्स, जो कहीं न कहीं इनके प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण में चलते हैं, ये वहां भेज रहे हैं।...(**व्यवधान**)... सर, सॉल्यूशन बड़ा सीधा है।

**श्री उपसभापति**: प्लीज, ...(**व्यवधान**)... आप अपनी जगह बैठें। आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, you have to pause my time. सर, मेरे 17 सेकेंड बचे हैं। मैं सिर्फ आपको दो सुझाव देना चाहता हूं। कोचिंग इस्टीट्यूट्स रेग्युलेट क्यों नहीं किया जा सकते? They may have a role to play; I am not denying that. पहला, शिक्षा के बारे में, उसे strengthen करने के बारे में यह सरकार क्या करेगी?...(**समय की घंटी**)... इनको अपने अंर्तकरण में झांककर इसका जवाब देना चाहिए और दूसरा why can there not be a law to regulate fee structure, conditions of education, conditions of service of people who impart education as also those who receive education, as also the entire fee structure and safety conditionalities in the coaching institutes? I urge through you that the Government should seriously have widespread deliberations with all stakeholders and bring a law to regulate coaching institutes in this country. Thank you, Sir.

**श्री उपसभापति**: धन्यवाद, रणदीप जी।

---

**PAPERS LAID ON THE TABLE** — *Contd.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Papers to be Laid. दो रह गए थे। Dr. L. Murugan.

**Notifications of the Ministry of Housing and Urban Affairs**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. L. MURUGAN): Sir, on behalf of my colleague Shri Tokhan Sahu, I lay on the Table:-

(i) A copy (in English and Hindi) of the Ministry of Housing and Urban Affairs Notification No. F/1/0027/2019/CORD/Housing (Coordn.), dated the 7th March, 2024, publishing a Corrigendum to the Notification No.S.O. 753(E), dated the 17th February, 2023.

[Placed in Library. *See* No. L. T. 610/18/24]

(ii) A copy each (in English and Hindi) of the following Notifications of the Ministry of Housing and Urban Affairs, under sub-section (2) of Section 32 of the Metro Railways (Construction of Works) Act, 1978:-

Content Page

(1) S.O. 1778(E)., dated the 24th April, 2024, amending the Principal Notification No. S.O. 2065(E), dated the 25th June, 2019.
(2) S.O. 2220(E)., dated the 8th June, 2024, amending the Principal Notifications No. S.O. 3706(E), dated the 14th October, 2019 and S.O. 2819(E), dated the 19th August, 2020.

[Placed in Library. For (1) and (2) *See* No. L. T. 391/18/24]

(iii) A copy each (in English and Hindi) of the following Notifications of the Ministry of Housing and Urban Affairs, under Section 58 of the Delhi Development Act, 1957: -

(1) G.S.R. 117(E)., dated the 20th February, 2024, publishing the Delhi Development Authority, Commissioner (Systems), Recruitment Rules, 2024.
(2) G.S.R. 355(E), dated the 28th June, 2024, publishing the Delhi Development Authority, Commissioner (Planning), Group 'A' Post, Recruitment Rules, 2024
(3) G.S.R. 366(E)., dated the 4th July, 2024, publishing the Delhi Development Authority (Posts of Commissioner and Secretary) Recruitment (Amendment) Rules, 2024.

[Placed in Library. For (1) to (3) *See* No. L. T. 211/18/24]

**Notifications of the Ministry of Jal Shakti**

**जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)** : महोदय, मैं बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 की धारा 55 के अधीन जल शक्ति मंत्रालय (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग) की निम्नलिखित अधिसूचनाओं तथा व्याख्यात्मक ज्ञापन की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूंः-

(1) TE-32/2/2023-NDSA-MOWR., dated the 14th March, 2024, publishing the National Dam Safety Authority Regulation, 2023.
(2) TE-32/2/2023-NDSA-MOWR., dated the 6th May, 2024, publishing the Inspection, Instrumentation, Seismic Data, Risk Assessment and Evaluation of Specified Dam Regulations, 2024.
(3) TE-32/2/2023-NDSA-MOWR., dated the 28th May, 2024, publishing the Surveillance, Inspection and Hydro-meteorological Station of Specified Dams Regulation, 2024.

(4) TE-32/2/2023-NDSA-MOWR., dated the 10th June, 2024, publishing the Quality Control Measures for Dam Construction Regulations, 2024.

[Placed in Library. For (1) to (4) *See* No. L. T. 392/18/24]

---

## SHORT DURATION DISCUSSION

### Recent tragic incident of death of students in a coaching institute in New Delhi due to alleged negligence of authorities - *Contd.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shrimati Sulata Deo, you have six minutes.

SHRIMATI SULATA DEO (Odisha): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, शॉर्ट ड्यूरेशन नोटिस पर बोलने के लिए मुझे मौका देने के लिए आपका धन्यवाद। हमारे ओडिशा के एक व्यक्ति हैं, उनके दोहे के साथ मैं अपनी बात रखूंगी। ओड़िया में बोलते हैं-

> * "Someone would mourn for ten days, some other for twelve days.But the mother, who carried the child in her womb for nine months, shall mourn and feel the pangs till her last breath."

सर, इसका मतलब है कि जिन स्टूडेंट्स की डैथ हो गई है, जो मर गए हैं, कोई 10 दिन रोयेगा, कोई 12 दिन रोयेगा। मगर जो माँ है, जो अपने पेट में बच्चे को 9 महीने रखकर पैदा करती है, वह मरते दम तक उसके लिए रोयेगी और उसको याद करती रहेगी। मेरी ओर से उनको श्रद्धांजलि है, उन बच्चों को श्रद्धांजलि है। मैं जगन्नाथ जी से प्रार्थना करूंगी कि उन परिवारों को शक्ति दे, उस माँ को शक्ति दे कि वह कैसे इस दुख से उभरे। भगवान किसी माँ के साथ ऐसा न करे, क्योंकि मैं भी एक माँ हूं। जब ऐसा होता है, तो बहुत दुख होता है।

सर, मैं आपको धन्यवाद दूंगी कि आपने एक अच्छी परम्परा शॉर्ट टर्म ड्यूरेशन पर डिस्कशन करने की शुरू की है। हमें आशा रहेगी कि बहुत सारे मुद्दे हैं, जैसे अनएम्प्लॉयमेंट है, जैसे बढ़ती महंगाई है, जैसे नीट स्कैम है, मणिपुर इश्यू है और असम में फ्लड का मामला है, हमें इन सारे विषयों पर भी डिस्कशन का मौका मिलेगा।

उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि जो बच्चे चले गए, वे तो वापस नहीं आ सकते, मगर ऐसी विधि व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे आगे इस तरह की घटनाएं न हों। देखा गया है, मेरे पूर्व वक्ता भी बोले कि जैसे मशरूम कल्टिवेशन होता है, उसी प्रकार से चारों तरफ कोचिंग सेंटर्स खड़े किए गए हैं। आज जिनके ऊपर डिस्कशन हो रहा है, उनका दिखाई देता है कि उनकी फिजिकल डैथ हो गई है, मगर कितने बच्चे हैं, कितने माँ-बाप हैं, जो मेंटली मरते रहते हैं, वे सालों भर, महीने भर और दिन भर, क्योंकि बहुत से बच्चे बहुत गरीब होते हैं,

---

* English translation of the portion of speech delivered in Odia.

Content Page

जिनके पास पैसा नहीं होता है, लेकिन वे अच्छी तरह से पढ़ते हैं, मगर वे कोचिंग सेंटर के लिए पैसा एफोर्ड नहीं कर पाते हैं, वे कोचिंग सेंटर में नहीं जा पाते हैं, क्योंकि कोचिंग सेंटर्स का कोई रेगुलेशन नहीं होता है। इस तरह से कोचिंग सेंटर चारों तरफ फैलते रहेंगे और सरकार कुछ नहीं करेगी, तो क्या होगा। सरकार को इन कोचिंग सेंटरों की तरफ ध्यान देना चाहिए। हमने कोटा में भी देखा है कि वहां पर जो कोचिंग सेंटर्स हैं, वहां पर बच्चे मेंटल टेंशन के कारण आत्महत्या कर लेते हैं। ये बच्चे तो पानी भर जाने के कारण डूब कर मर गए जिस पर हम शार्ट ड्यूरेशन डिस्कशन कर रहे हैं।

एक बात और है। हम जिसके ऊपर डिस्कशन कर रहे हैं, यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। सर, किसी की मौत को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। अभी दिल्ली में "आप" पार्टी की सरकार है, मगर पहले किसी और की सरकार थी। दिल्ली म्युनिसिपैलिटी बहुत दिन तक भारतीय जनता पार्टी के हाथ में थी, मैं कहना चाहती हूं कि ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं बनाई गई, वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था क्यों नहीं हो रही है, क्यों वाटर लॉगिंग हो रही है? अगर हम एक-दूसरे के ऊपर कीचड़ फेंकेंगे, तो इस समस्या का समाधान नहीं होगा। किसी को तो आगे बढ़कर इसकी रेस्पॉन्सेबिलिटी लेनी चाहिए, इसके लिए किसी की अकाउंटेबिलिटी होनी चाहिए, तभी तो इस समस्या का समाधान होगा। सर, जो दिल्ली में हो रहा है और इसकी आलोचना संसद में हो रही है, इसका प्रभाव भारत के सारे राज्य और यूनियन टेरेटरीज़ में आ रहा है। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि जो संसद सदस्य हैं, जो लोग रह रहे हैं, उनके घरों में भी कल पानी भर गया था, आप चलकर देख सकते हैं। हम लोग इसके लिए क्या कर रहे हैं? पानी सांसद के घर में भी घुस रहा है, इसके लिए भी विधि व्यवस्था बनानी चाहिए। यह सोचना चाहिए कि हमारी टाउन प्लानिंग किस तरीके से हो। लोग तो टाउन में आएंगे, रहेंगे और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाएंगे, मगर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स से पानी कैसे निकाला जाए, ड्रेनेज का सिस्टम कैसे अच्छा हो, इसको देखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम किसी के ऊपर अपना विचार थोप कर चुपचाप नहीं बैठ सकते। ये बच्चे मर गए, कोचिंग सेंटर से किसी को अरेस्ट करके हम अपनी ड्यूटी पूरी नहीं कर सकते। हम लोगों को सर्विस देने के लिए आए हैं और लोगों को सर्विस देंगे। मुझे लगता है कि जब मानसून होता है – आजकल इतनी जोर से बारिश हो रही है, कभी कहीं हो रही है, कभी क्लाउड बर्स्ट बारिश हो रही है, कभी-कभी रात को इतना पानी आता है कि किसी को पता नहीं चलता है, जिसकी वजह से ऐसी हालत हुई है। हमारा सिस्टम और टेक्नोलॉजी ऐसी होनी चाहिए कि मॉनसून आने के पहले ही सब व्यवस्था हो जाए।

महोदय, ऐसा प्रावधान भी है। अरबन प्लानर में ऐसा प्रावधान है कि मॉनसून आने के पहले एक्सपर्ट्स बैठें कि कितनी बारिश होगी, बारिश होने से क्या प्रॉब्लम हो रही है, कहाँ water-logging हो रही है आदि। उन्हें इन सब चीज़ों को देखना चाहिए और यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी की बात भी है। Domain experts, जो अपने-अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करते हैं, उन लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए। अगर उन लोगों के साथ मिलकर काम नहीं करेंगे, तो मुश्किल होनी ही होनी है। महोदय, ओड़िया में एक बात कही जाती है। * "Procrastinate the important work till the last moment !" जब बारिश आती है, वॉटर लॉगिंग होगी और हम तभी तुरंत कुछ करेंगे,

* English translation of the portion of the speech delivered in Odia.

तो कुछ नहीं हो सकता है।...**समय की घंटी**...इसके लिए हम लोगों को अच्छी तरह से इंतजाम करने चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: सुलता देव जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्रीमती सुलता देव**: महोदय, इस बात का ध्यान रखा जाए कि इसमें किसी की जान न जाए।

उपसभापति जी, आपने मुझे यहाँ पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री उपसभापति**: श्री मनोज कुमार झा, आपके पास 3 मिनट हैं।

**श्री मनोज कुमार झा** (बिहार) : उपसभापति जी, मैं वक्त का बिल्कुल ध्यान रखूंगा।

महोदय, मैं अपने साथियों से बस इतना कहना चाहता हूं कि यह विषय मेज थपथपाने का नहीं है - न उधर, न इधर। सर, मौत हुई है, हत्या भी कह सकते हैं। मैंने कोविड के दौरान कहा था कि हत्याओं को मौत न कहा जाए, आंकड़े अपनी जगह हैं।

सर, कोचिंग इंस्टीट्यूट्स बहुत पॉवरफुल हो गए हैं। अब तो ये ऐसा कहते हैं कि हम दुनिया का कोई भी एग्जाम, देश का कोई भी एग्जाम रिग कर सकते हैं। सर, इनकी भूमिका मंत्री चयन में है, सांसदों को चुनने में भी हो गई है। यह जो political economy of coaching institutes है - यही जड़ में है। यह आपकी अरबन प्लानिंग को, अरबन डेवलपमेंट को, सभी को रिग कर सकता है और इसीलिए फल-फूल रहा है।

महोदय, मौत हुई है और आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। हम लोग हादसों के देश में तब्दील हो गए हैं। एक बाबा भीड़ लगाता है, हादसे में लोग मर जाते हैं, हम श्रद्धांजलि देते हैं, आगे बढ़ जाते हैं। महोदय, अपराध की घटना में महीनों की फेहरिस्त देख लीजिए - आप बिहार की ही देख लीजिए, हादसे होते हैं, फिर आगे बढ़ जाते हैं, रेल हादसा होता है, एक दिन चर्चा होती है, फिर आगे बढ़ जाते हैं, सीवर में लोग उतरते हैं, मर जाते हैं, हादसा होता है, उसकी तो और भी चर्चा नहीं होती, क्योंकि सीवर में उतरने वाले की जाति तय करती है कि उसकी कितनी चर्चा होगी।

महोदय, मेरी एक दूसरी गुजारिश होगी कि मुझे इसके भाजपा बनाम आप बनने का डर था और मेरा डर गलत नहीं था। सर, मौत भी हम लोगों को बाँट देती है। जिस दिन GNCDT Act पास हो रहा था, मैंने आगाह किया था कि आप responsibility without power का notion क्रिएट कर रहे हैं। हम क्या बता सकते हैं और उन बच्चों को क्या बताएंगे? मेरा सिर्फ यह कहना है कि वे बच्चे, जो आज भाजपा बनाम आप की डिबेट नहीं देखना चाह रहे, वे यह जानना चाहते हैं कि सदन का political economy of coaching institutes, उनके स्ट्रक्चर, urban edifice पर क्या विचार है? सर, यह wake-up call है। यह wake-up alarm कहीं की भी सरकार हो, उसके लिए है। सर, होता यह है कि जब नींद अच्छी आ रही होती है, सुबह अलार्म बजता है, हम उठते हैं, लेकिन क्या करते हैं - हम अलार्म दबा देते हैं, क्योंकि नहीं सुनना चाहते हैं अलार्म। महोदय, हम न सुनने वाले देश में तब्दील हो रहे हैं।

महोदय, हादसे होते हैं। हादसे पर हादसा, हादसे पर हादसा होता है, लेकिन एक दिन श्रद्धांजलि दे देते हैं। महोदय, सीमा पर हादसा होता है और तिरंगे में लिपटा हुआ शव आता है। ..... (**समय की घंटी**) ..... सर, केवल 30 सेकंड दे दीजिए। मैं आपसे यह बात बड़ी गुजारिश से कह रहा हूं। सर, तिरंगे में लिपटा हुआ शव आता है, हम सैल्यूट करते हैं और श्रद्धांजलि देते हैं।

सर, मैं एक आखिरी बात कहकर आपना भाषण समाप्त करता हूं। महोदय, मैं sociology पढ़ाता था। लोगों में विस्तृत तरीके से सपने बाँटे जाते हैं - वैसे साधन नहीं बंटते हैं! जब सपने और साधन के बीच में गैप होता है, तो इस तरह के हादसे होते हैं। सर, आखिरी 20 सेकंड दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: 30 सेकंड ऑलरेडी हो चुके हैं और यह शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन है।

**श्री मनोज कुमार झा**: उपसभापति जी, मैं केवल इतना आग्रह करूंगा कि सदन की यह चर्चा एक परिणति में जाए। इसको आम आदमी पार्टी और भाजपा न बनाएं, क्योंकि मौत आंकड़ा नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. John Brittas -- three minutes.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, please give me some more time because I gave notice for this issue.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a Short Duration Discussion. The time has already been allocated. It is not in my hands.

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, let me first express my heart-felt condolences to the families of those people who had tragic death. Since the time is short, I would say, they have been victims of this rampant commercialisation of exams. I have been telling the hon. Minister, who is a very sensible and intelligent Minister, that too much of centralisation of exams will create havoc. Why was it that our founding fathers found it appropriate to leave the 'Education' to the States? You always harp on Emergency. During the Emergency on account of 42nd Amendment, 'Education' was taken out of the State. If they are against Emergency, they should give back 'Education' to the States, which they are not doing. I doubt whether we can have a reply from the hon. Education Minister. Is it not a fact that the Home Minister will have to come to the House and reply to the debate here because वे हैं मालिक। सर, इस दिल्ली का असली मालिक कौन है? He is none other than Amit Shah*ji*. I don't think Dharmendra Pradhan*ji* would be in a competent position to reply to this debate because the High Court of Delhi, when there was a fire in a coaching centre in Mukherjee Nagar, said that all these agencies together, including DDA which is under

you, should inspect and give NOC. Out of 550 coaching centres, hardly 57 coaching centres have NOC. Who is responsible? किसकी जिम्मेदारी है? Are you responsible for that? You have passed the NCT law. We told you that you want to have power without responsibility. You have unleashed confusion, mayhem and chaos in Delhi. We don't know who is responsible for what portfolio. In 2019, there was a fire in a coaching centre in Surat in which 22 students had tragic death. Did you learn anything from that? The coaching *mafia* is to the tune of Rs.1 lakh crore. They take electoral bonds from coaching *mafias*. Didn't you get electoral bonds from these coaching companies? Is it not a fact that you are not prepared to regulate this coaching business because you are getting huge donations in the form of electoral bonds from these coaching *mafias*? ...(*Time-bell rings*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, the rural-urban divide is very much seen in these competitive exams -- haves and have-nots. Secondly, there is elitisation of education. When I was a student in JNU, we look down at this competitive exam, the UPSC exam. Now, you have relegated the Social Science to the backburner. There is a scramble. You have injected killing instinct in the minds of students. ...(*Time-Bell rings*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude now.

DR. JOHN BRITTAS: You are responsible and you have brought the notice just to blame AAP whereas the blame is entirely on you and I would urge upon ...(*Time-Bell rings*)... Kindly listen to me. ...(*Time-Bell rings*)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, दिल्ली कोचिंग हादसा, जिसे मैं एक आपराधिक घटना कहूँगा। ...(व्यवधान)... आपका नाम है? ...(व्यवधान)...

**श्री जयराम रमेश**: सर, टाइम कितना है?

**श्री उपसभापति**: 19 मिनट हैं।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: मैं सबसे पहले इस घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उपसभापति जी... ...(**व्यवधान**)... जवाब भी दूँगा, आप इंतजार तो करिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीरज शेखर**: शांति से सुनिए। ...(**व्यवधान**)... सब लोग शांति से सुन रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: शांति से सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आपस में बैठकर बात न करें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: माननीय उपसभापति जी, यह गंभीर घटना है। सदन में सारा काम रोककर, इस पर चर्चा कराने का सभापति जी ने निर्णय लिया है।

उपसभापति महोदय, यह हमारे छात्रों के भविष्य से जुड़ी हुई घटना है। देश में कोचिंग सेंटर्स बहुत हैं, लेकिन दिल्ली इस देश की राजधानी है और जब देश का कोई व्यक्ति, कोई नागरिक अपने बच्चे को कोचिंग के लिए खासतौर पर जब दिल्ली में भेजता है, तो उसे एक विश्वास जरूर होता है कि मैं अपने बच्चे को इस देश की राजधानी में कोचिंग के लिए भेज रहा हूं, मेरे बच्चे का भविष्य वहां सुरक्षित रहेगा। वह इस मानस के साथ अपने बच्चे को दिल्ली भेजता है।

माननीय उपसभापति जी, इस घटना की चर्चा हो रही हैं, मैं इसे बार-बार एक आपराधिक घटना कहूंगा। हमारे सभी सम्मानित सदस्यों ने जो मुझसे पहले बोले हैं, उन्होंने अपनी बात रखी। अच्छा होता कि हम इस घटना को लेकर इस सदन के समय का उपयोग भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इस बारे में अपना सुझाव देते। इस घटना के लिए जो जिम्मेवार लोग हैं, उन पर अंकुश लगाने के लिए उनको सजा मिले। इस देश में एक अम्बेडकर नगर की रहने वाले श्रेया यादव, जिसके मां-बाप किसानी करते हैं, पशुपालन का काम करते हैं, बड़े अरमानों के साथ उन्होंने अपनी बेटी को दिल्ली कोचिंग के लिए भेजा था। हम लोग बहस कर रहे हैं कि किसका अधिकार है या किसका अधिकार नहीं है, उस पर मैं बाद में आऊंगा। इसके अलावा तान्या सोनी - हमारे केरल वाले मित्र कहां, वे चले गए, जॉन जी चले गए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आप चेयर के माध्यम से बोलें।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: इसमें एक छात्र केरल के भी हैं। ...(**व्यवधान**)... अच्छा होता कि कम से कम आज वे अपने केरल के उस छात्र, जिसकी इस दुखद घटना में मृत्यु हुई, कम से कम जो यहां की जिम्मेवार सरकार है, दिल्ली में आम आदमी की सरकार और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग इस सदन में करते, तो बेहतर होता। ...(**व्यवधान**)... वे चर्चा कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति**: आपस में बात नहीं करें। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आपस में बात नहीं करें ...(**व्यवधान**)... कोई और बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। ...(**व्यवधान**)... माननीय संजय सिंह जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: संजय सिंह जी, मैं अधिकारों की बात भी बताने जा रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... आप मिसगाइड मत करिए। आप इस सदन और इस देश को मिसगाइड करके ही सत्ता में आ गए

हैं। ...(**व्यवधान**)... आप इस देश को, इस प्रदेश की जनता को मिसगाइड करके ही सत्ता में आ गए, लेकिन मैं आपको सच्चाई बताने जा रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

हम तो तीसरी बार आए हैं, मिसगाइड होते, तो तीसरी बार नरेन्द्र मोदी इस देश के प्रधान मंत्री नहीं बनते। 60 वर्ष के बाद ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Nagarji, please address me. No cross talks. ...*(Interruptions)*...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** सर, अभी हमारे एक साथी कह रहे थे कि दिल्ली देश की राजधानी है और जब मानसून आता है, तो अकसर जल भराव और इस तरह की खबरें आती रहती हैं कि पूरी दिल्ली पानी में डूब गई है। यह पहली घटना नहीं है। आज आप कोचिंग सेंटर्स की बात कर रहे हैं, जब मुखर्जी नगर की घटना हुई, तो उसके बाद आपने क्या कार्रवाई की? उसके लिए कौन जिम्मेवार है? आप यह बताएं कि क्या वह अधिकार क्षेत्र दिल्ली सरकार का नहीं है? आपने क्यों नहीं regularize किया? सवाल आरोप लगाने का नहीं है। बेसमेंट में जो NOC दिया गया था, क्या वह कोचिंग के लिए या लाइब्रेरी के लिए दिया गया था? NOC storage के लिए दिया गया था, NOC parking के लिए दिया गया था। ...(**व्यवधान**)... आप बताइए कि NOC देने वाले लोग, जो अधिकारी हैं, वे किसके under आते हैं? आपने उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? आप बताइए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... संजय सिंह जी, आप ज़रा बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बोलेंगे, तो फिर यह बात ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... I am coming to that. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Nagar, please. ...*(Interruptions)*... Mr. Shekhar, please. ...*(Interruptions)*...

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: I am coming to that. ...*(Interruptions)*... I am coming to that. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Nagar. ...*(Interruptions)*...

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: I am coming to that. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Mr. Nagar. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... Mr. Nagar, what is this happening? ...*(Interruptions)*... No, no. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... Mr.

Sanjay, आप बैठिए। Mr. Sanjay *...(Interruptions)...* Nothing is going on record. Mr. Nagar, what is this happening?

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: Sir, I am coming to it.

MR. CHAIRMAN: No, no. *...(Interruptions)...* You are cross-talking, looking at them. *...(Interruptions)...*

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: Okay, Sir.

**श्री नीरज शेखर** : हमने आपका भाषण सुना कि नहीं? ...(**व्यवधान**)... हमने आपका पूरा भाषण सुना। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Mr. Shekhar, where is the occasion for you? *...(Interruptions)...* Where is the occasion for you? *...(Interruptions)...* Mr. Shekhar... *...(Interruptions)...* Mr. Murugan. *...(Interruptions)...* I will request.. *...(Interruptions)...* Let me tell you. *...(Interruptions)...* Mr. Sanjay, आप बैठिए, बैठिए। ...(व्यवधान)... What is this? *...(Interruptions)...* I would request the senior Members of Ruling Party, if you can't keep your people under control... *...(Interruptions)...*

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: Please allow me to complete. *...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Please sit down. I am here to deal with it. Where is the occasion for anyone to rise? *...(Interruptions)...* You also sit down, please. *...(Interruptions)...* Please. *...(Interruptions)...* I ask one, the second rises, the third rises from this side and that side also. *...(Interruptions)...* Please.

**श्री नीरज शेखर**: सर, संजय सिंह जी जब बोले, तो एक बार कोई खड़ा हुआ, कोई बोला? ...(**व्यवधान**)... सुरजेवाला जी क्या-क्या बोल कर गए, हमने पूरा भाषण सुना। हमारी तरफ से कोई बोल रहे हैं, तो परेशानी हो रही है।

**श्री सभापति** : नीरज जी, यदि आपके सदस्य बोल रहे हैं और ये उनको टोक रहे हैं, तो यहाँ पर चेयर है। एक सेकंड सुनिए। मैं सभी से कहना चाहता हूँ कि जब आप एक-दूसरे को टोकते हैं, तो आप मेरे ऊपर एक टिप्पणी करते हैं कि इस कुर्सी पर बैठने वाला आपको नियम नहीं पढ़ा सकता। मेहरबानी करके ...(**व्यवधान**)... सुनिए प्लीज़। मेहरबानी करके वही व्यक्ति बोले, जिसको मैं इजाजत देता हूँ। किसी को बोलना है, तो नियम-प्रक्रिया को माने। ...(**व्यवधान**)... नहीं, प्लीज़।

Please go ahead. आप शालीनता से अपनी बात कहिए, यह महत्वपूर्ण मुद्दा है, पीड़ादायक है। आप इधर देख कर बात कीजिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, हमारे जो साथी हैं, जो उत्तेजित हो रहे हैं, जो उनका व्यवहार है ...

**श्री सभापति**: आप यह अब क्यों कर रहे हैं? Why don't you make your point? आप अपना प्वाइंट रखिए।

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: I am making my point. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Have you nothing to say? ...*(Interruptions)*...

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: Sir, I am coming to that.

MR. CHAIRMAN: Then, make your point.

SHRI SURENDRA SINGH NAGAR: I am making my point.

MR. CHAIRMAN: Yes, make your point.

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** : सर, गलती उनकी नहीं है। उनका जो आचरण है ..

MR. CHAIRMAN: What are you saying? Why don't you make constructive point?

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, आप मुझे बोलने दें! मुझे कोई disturb करेगा, तो क्या मैं नहीं बोलूँगा?

**श्री सभापति**: आप विषय पर बोलेंगे।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, मैं विषय पर ही आ रहा हूँ।

**श्री सभापति**: तो विषय पर बोलिए न! आप अपना समय क्यों खराब कर रहे हैं?

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, मैं समय खराब नहीं कर रहा हूँ।

**श्री सभापति**: हाँ, आप विषय पर बोलिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, मैं जरूर बोलूँगा। सर, जो यह व्यवहार है, यह इनका कोई नया व्यवहार नहीं है।

**श्री सभापति**: क्या आज के दिन यह विषय है? ...(**व्यवधान**)... क्या यह विषय है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** : आम आदमी पार्टी के सदस्यों का व्यवहार ...

**श्री सभापति**: जब मैंने कह दिया ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: हमारे इस सदन की सम्मानित सदस्य, ...(**व्यवधान**)... सर, हमारे इस सदन की सम्मानित सदस्य के साथ ...

**श्री सभापति**: सबके सम्मान का ध्यान देने के लिए मैं यहाँ हूँ, आप इसको लेकर कुरेदते रहेंगे! ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** : दिल्ली के सीएम हाउस में जो व्यवहार किया, वे इस सदन की सम्मानित सदस्य हैं, ...(**व्यवधान**)... उससे पता लगता है कि इनका क्या आचरण है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: What is this?

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर** : ये हमें आचरण न पढ़ाएँ। ...(**व्यवधान**)... ये हमें आचरण पढ़ाने का काम न करें। ...(**व्यवधान**)... कम से कम आप हमें आचरण न पढ़ाओ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति**: बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... दोनों बैठें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह**: सर, आप या तो विषय पर चर्चा कराइए, ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I will name all three of you. ...*(Interruptions)*... बैठिए, बैठिए। नहीं, ...(**व्यवधान**)... बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... ऑनरेबल मेम्बर्स, आप एक बात ध्यान से सुन लीजिए प्लीज़। Don't stretch it too far. यदि आप ज्यादा stretch करेंगे, तो चेयर के पास अधिकार है दोनों तरफ और मि. नागर, एक बार मेरे कहने के बाद भी आप उसी लाइन पर चल रहे हैं! आप मुद्दे पर अपनी बात कहिए। ...(**व्यवधान**)... नीरज जी, आप क्यों बोल रहे हैं, ये अपने-आप बोल लेंगे। इनको बोलने दीजिए। Confine to the subject and look at the Chairman. मुझे बहुत लोग कहते हैं कि यह dress मेरे ऊपर बहुत अच्छी लगती है। Several people say, it is good one. Look at it.

**श्री सुरेंद्र सिंह नागरः** सर, जब इन्होंने बार-बार आचरण की बात उठाई है, तब मैंने केवल उसका जवाब दिया है।

**श्री सभापति :** आपको इनकी बात का जवाब क्यों देना है? जो रिकार्ड पर नहीं है, आप उसका जवाब दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सुरेंद्र सिंह नागर** सर, अभी यह जो डी-सिल्टिंग, ड्रेनेज, बिल्डिंग, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्युडी, एमसीडी के आदि के अधिकार-क्षेत्र के बारे में कहा गया। यह दिल्ली एलजी के अंतर्गत आती है, उनके अधिकार-क्षेत्र में आती है। मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि एमसीडी, पीडब्ल्युडी, दिल्ली जल बोर्ड, ड्रेनेज की सफाई का काम, डी-सिल्टिंग का काम - ये एलजी के अधिकार-क्षेत्र में नहीं हैं, बल्कि जो दिल्ली की सरकार है, जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार है, उसके अधिकार-क्षेत्र में हैं। तो अगर इसमें कमी हुई, अगर यह गलती हुई, तो इसको लेकर मैं आगे कहना चाहता हूँ। मेरे पास सामग्री है। मेरे पास अभी वह मोबाइल में है। अगर आप authenticate करने को कहेंगे, तो मैं कर दूँगा।

दिल्ली के एलजी ने इसकी सफाई को लेकर, डी-सिल्टिंग को लेकर, फ्लड को लेकर कई बार इस देश के गृह मंत्री को पत्र लिखे कि दिल्ली सरकार द्वारा मानसून से पहले, जो मई से जून का पीरियड है, जब नालों की सफाई होनी चाहिए, जब डी-सिल्टिंग होनी चाहिए, वह समय पर हो। दिल्ली के एलजी साहब की बात जब दिल्ली सरकार ने नहीं सुनी, तब उन्होंने देश के गृह मंत्री को पत्र लिखा कि समय पर दिल्ली में ड्रेनेज की सफाई और डी-सिल्टिंग का काम होना चाहिए, जिससे आने वाले मानसून के समय इस तरह की वाटर लॉगिंग से बचा जा सके। अगर समय पर नालों की डी-सिल्टिंग और सफाई हो गई होती, तो जिस दुखद घटना पर आज हम चर्चा कर रहे हैं, उससे बचा जा सकता था। यह सफाई क्यों नहीं हुई?

दिल्ली सरकार की उपलब्धियों की बात कर रहे हैं, लेकिन क्या कभी पूछा है कि नालों की सफाई का बजट पहले कितना था? सर, दिल्ली के नालों की सफाई का बजट कम कर दिया गया, बढ़ाया नहीं गया। यह कम किया गया है। जहाँ एडवर्टाइजमेंट का बजट बढ़ा, वहीं नालों की सफाई का बजट नहीं बढ़ा। जिस काम से ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता था, उसका बजट घटाने का काम किया है। इसकी जिम्मेवारी किसकी है? नालों की सफाई के विषय पर मैं कहना चाहता हूँ कि इस दिल्ली में नालों की सफाई कागजों पर होती है। इसमें भ्रष्टाचार है। जिस भ्रष्टाचार के नारे को लेकर यहाँ दिल्ली की सरकार बनी थी, उसी भ्रष्टाचार के कारण नालों की सफाई में, डी-सिल्टिंग में अगर भ्रष्टाचार नहीं होता और प्रॉपर तरीके से यहाँ नालों की सफाई हो जाती, तो इस दुखद घटना से बचा जा सकता था और इस देश के उन तीन छात्रों की जान बचाई जा सकती थी। यह है उन नालों की सफाई, जिनकी सफाई की बात आप कर रहे हैं।

हमारे कांग्रेस के साथी बिल्कुल सही कह रहे हैं, वे सुर-ताल मिला रहे हैं, इस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। यह बात भी बिल्कुल सही है। आज दिल्ली के जो हालात हैं, 15 साल उनका राज रहा और उनके 15 साल के बाद यहाँ आम आदमी पार्टी की सरकार आई। अगर दिल्ली के हालात के लिए - आज दिल्ली के जो हालात हैं, वाटर लॉगिंग से लेकर - दिल्ली हमारी राष्ट्रीय राजधानी है। अगर उसके ये हालात हैं, तो 15 साल का कांग्रेस का राज और अब आम आदमी पार्टी का जो

राज है, इसके लिए ये जिम्मेवार हैं और इन्हें इसकी जिम्मेवारी लेनी चाहिए। अच्छा होता कि ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please, please.

**श्री सुरेंद्र सिंह नागरः** सर, अच्छा होता कि जिस तरीके से प्रेस कांफ्रेंस हमारे दिल्ली सरकार के मंत्रीगण करते हैं, इस घटना के बाद भी वे सामने आते, प्रेस कांफ्रेंस करते और प्रेस कांफ्रेंस करने के बाद कहते कि यह हमारी जिम्मेवारी है, हमारी सरकार की जिम्मेवारी है, हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। ये नैतिक जिम्मेवारी लेते और आने वाले समय में इन पर क्या कार्रवाई करते, उसके बारे में बोलते, तो अच्छा रहता। लेकिन उसकी चर्चा बिल्कुल भी नहीं हुई। इन्होंने उसकी चर्चा बिल्कुल नहीं की।

सर, यह कोई पहली घटना नहीं है। अगर आप कहते कि यह पहली घटना है, तो उससे आगे सीखा जा सकता है, कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन आप बताइए कि 25 जून, 2023 को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक महिला की मौत करंट लगने की वजह से हुई। ...(**व्यवधान**)... 27 जून, 2023 को तैमूर नगर कॉलोनी में जल भराव से करंट लगने के कारण 17 वर्ष के युवक की मौत हुई। इसके बाद 2 जुलाई, 2023 को एक हॉस्पिटल के निर्माणाधीन इमारत में करंट लगने से एक श्रमिक की मृत्यु हुई। इसके लिए 19 मई, 2024 को किराड़ी के इंदिरा एन्क्लेव से गुजरते हुए एक खुले तार की चपेट में एक रेहड़ी वाला आ गया और करंट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। 29 जून, 2024 को सिरसपुर अंडरपास में जल भराव के दौरान करंट आ गया और उसमें दो बच्चों की मौत हो गई। 28 जून, 2024 को किराड़ी में एक दुकान के बाहर लगे लोहे के पाइप के तार से करंट आ जाता है और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 13 जुलाई, 2024 को यमुना विहार इलाके में बिजली के खंभे से करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। उससे बढ़ कर मेरे साथी सुधांशु जी ने ठीक कहा कि हमारी सरकार और जनप्रतिनिधियों को कम-से-कम इतना तो संवेदनशील होना ही चाहिए। आपने जो ग्रीवेंस पोर्टल बनाया है, उस पर एक छात्र ने शिकायत की और उसने इस घटना से पहले इसके लिए आगाह किया कि इस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में जो लाइब्रेरी है, उसमें कभी भी दुर्घटना हो सकती है। अगर दिल्ली की सरकार इतनी संवेदनशील होती और उसका संज्ञान लिया होता, तो आज हम जिस दुखद घटना की चर्चा कर रहे हैं, उससे बचा जा सकता था और उन तीन छात्रों की जान बच सकती थी।

माननीय सभापति महोदय, जनता एक विश्वास के साथ अपना वोट देकर हम जनप्रतिनिधियों को चुनती है, एमएलए, एमपी चुनती है। इस क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के जो विधायक हैं, उनसे उस क्षेत्र की जनता ने इस घटना के चार दिन पहले शिकायत की कि इस तरह के जल भराव से दुर्घटना हो सकती है, लेकिन उस जनप्रतिनिधि के मन में कुछ नहीं था।

**श्री सभापतिः** पेपर को नीचे रखिए। Don't show the paper.

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागरः** सर, किसी...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह:** सर, किसी...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** मैंने उन्हें रोक दिया, एकदम रोक दिया, गंभीरता से रोक दिया। मैंने आपके कहने से पहले उन्हें रोका है।

माननीय सदस्यगण, जब मैं ऐसी घटना देखता हूँ, तब मैं माननीय सदस्यगण को अपने कक्ष में भी बुलाता हूँ और हाथ जोड़ कर विनती भी करता हूँ कि ऐसा मत कीजिए। मैं यहाँ भी टोकता हूँ और कक्ष में बुला कर भी बताता हूँ, समझाता हूँ, इसलिए आप सब cooperate कीजिए, प्लीज़। नागर जी, कृपया आप मेरी तरफ देख कर अपनी बात कहिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** सर, मैंने विधायक की चर्चा की। उस राजेन्द्र नगर के नागरिकों का कहना है कि हमने इस वाटरलॉगिंग को लेकर वहाँ के विधायक से शिकायत की, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं यहाँ पर यह चर्चा इसलिए नहीं कर रहा हूँ कि मैं कोई आरोप-प्रत्यारोप की बात कर रहा हूँ, बल्कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी यह नैतिक जिम्मेवारी भी है। इस प्रदेश की जनता ने आपको इस विश्वास के साथ सत्ता पर बिठाया कि आप भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चलाएँगे। आप तो भ्रष्टाचार का नारा लेकर आए थे, तो कम-से-कम नालों की सफाई को तो भ्रष्टाचार से बख्श देते, भ्रष्टाचार का स्तर यहाँ तक तो नहीं लाते। इस प्रदेश की जनता ने कम-से-कम आपसे यह अपेक्षा तो नहीं की थी।

सभापति जी, हमारे कई साथियों ने अपनी बात कही। हमारे संजय सिंह जी ने आँकड़ों की बात की, लेकिन मैं इनसे एक बात पूछना चाहता हूँ कि जब इन्होंने काम गिनाए कि इतने ड्रेन पाइप बिछा दिए, इतनी पानी की लाइन बिछा दी, क्या ये सब एलजी साहब ने बिछवाई थी? आप सदन को पहले यह क्लीयर कर दीजिए कि आप दिल्ली सरकार के आँकड़े बता रहे हैं या एलजी साहब के आँकड़े बता हैं?...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह:** सर, इन्होंने मेरा नाम लिया है, इसलिए मुझे बताने दीजिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** ठीक है, बोलिए, बोलिए।

**श्री सभापति:** क्या यह आप तय करेंगे कि कौन बोलेगा? आप अपनी बात कहिए न। अगर आपके पास ज्यादा कुछ कहने को नहीं है, तो कृपया आप बैठ जाइए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** सर, ऐसा नहीं है।

**श्री सभापति:** कृपया आप बोलिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर:** सर, इन्होंने चर्चा के दौरान दिल्ली सरकार के काम गिनाए, तो मैं इनसे पूछना चाहता हूँ कि desilting नहीं होने के कारण जो वाटरलॉगिंग हुई, वह भी तो दिल्ली सरकार की जिम्मेवारी है न? केवल आपकी negligence के कारण दिल्ली प्रदेश में तीन छात्रों की दुखद

मृत्यु हुई है। मैं राजनीति की बात ज्यादा करना नहीं चाहता हूँ। अभी हमारे शिवा जी कह रहे थे कि रिस्पांसिबल कौन है? हम रिस्पांसिबिलिटी की बात नहीं कर रहे, हम कह रहे हैं कि यह दिल्ली सरकार इर्रिस्पांसिबल है।

**श्री सभापति**: इर्रिस्पांसिबल को हटा दीजिए, नॉट रिस्पांसिबल कर दीजिए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: चलिए, नॉट रिस्पांसिबल है।

**श्री सभापति**: ताकि अपनी गरिमा बढ़े और कहने का तरीका ठीक हो जाए।

**श्री सुरेन्द्र सिंह नागर**: सर, मैं इर्रिस्पांसिबल हटा देता हूँ, रिस्पांसिबिलिटी की बात करता हूँ।

माननीय सभापति जी, जो मेरी जानकारी है, मैंने नालों की सफाई के लिए जो जिक्र किया, उसके लिए पहले 20 से 25 लाख रुपये का फंड होता था, जब से इनके पास एमसीडी आ गई, इन्होंने उसे 10 से 15 लाख रुपये कर दिया। एडवर्टिजमेंट का बढ़ा दिया, लेकिन उसका घटा दिया। मैं बहुत लम्बा विषय नहीं रखूंगा। क्योंकि डिस्टरबेंस बहुत हुआ है, इसलिए अब मैं एक बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा कि हमने राजनीतिक चर्चाएं कीं, अच्छा होता कि हम आज विषय पर बोलते, जो कमियां थीं, उनको स्वीकार करते। सदन के पास और चर्चाओं के लिए समय है, लेकिन यह गंभीर विषय था, महत्वपूर्ण विषय था, इसीलिए सभापति जी ने इस पर चर्चा के लिए समय दिया। ...(**समय की घंटी**)... मैं खत्म कर रहा हूँ, सर। मुझे कहना पड़ रहा है कि हमारे जो अपोजिशन के मेंबर हैं, उन्होंने दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार के कारण जो यह दुखद घटना हुई, उसके बारे में, उन तीन परिवारों के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उनको बोलना चाहिए था और अच्छा होता कि आज वे उनके बारे में कहते और भविष्य में किस तरीके से इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके, उसके लिए सुझाव देते तो बेहतर होता। ...(**समय की घंटी**)... मैं यही बात कहते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूँ कि यह जो घटना हुई है, इसमें दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है और वह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। नालों की सफाई में जो भ्रष्टाचार हुआ है, इसके लिए वे जिम्मेवार हैं। इसी के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंह**: सर, ऑनरेबल मेम्बर ने मेरा नाम लिया है और जवाब देने की परंपरा रही है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति**: ऑनरेबल मिनिस्टर, श्री धर्मेंद्र प्रधान।

**शिक्षा मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)**: सभापति महोदय, आपने शुरू में ही कहा कि एक अत्यंत संवेदनशील और सभी के मन को कष्ट देने वाली एक घटना के ऊपर आज सदन चर्चा कर रहा है। सभापति महोदय, इस सदन की परंपरा, विधि, इन सारी चीजों के संरक्षक आप हैं। इस चर्चा को शुरू करते हुए प्रारंभ में कुछ अत्यंत सम्माननीय सदस्यों ने आपकी दक्षता और आपके विवेक के ऊपर भी चर्चा की। मैं विनम्रता के साथ दोनों पक्षों के मित्रों से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस

Content Page

प्रकार की चर्चा पर जब देश नजरें गड़ाए हुए है और देश इस घटना से चिंतित भी है और हम विश्व में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहे हैं,उस समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अगर किसी भी प्रकार की कोई घटना होती है, तो उससे सभी के मन में चिंता होती है।

यह घटना जो पिछले 27 जुलाई को हुई है, इस पर हम कितना भी खेद प्रकट करें, कितना भी हम दुःख प्रकट करें, उन परिवारों की कोई भरपाई होने वाली नहीं है और मैं मानता हूँ कि सदन शायद इस विषय से सहमत है। हम उन परिवारों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि ज्ञापित करते हैं। यह हम सभी का निश्चित रूप से दायित्व बनता है कि ऐसी घटना आगे कैसे न हो, उसका दायित्व किसका है, इसमें राजनीति, लापरवाही बनाम जिम्मेवारी की बात नहीं होनी चाहिए, बल्कि जिम्मेवारी ही होनी चाहिए। लापरवाही तो हुई है, किसी न किसी को तो उसमें उत्तर देना पड़ेगा, दायित्व लेना पड़ेगा, जिम्मेवारी लेनी पड़ेगी, तब जाकर उसमें से कोई समाधान निकलेगा।

आदरणीय सुधांशु जी ने इस चर्चा की शुरुआत की और अभी तक जो चर्चा हुई है, उसमें कई प्रकार के तर्क और कुछ जगहों पर -- अगर यह असंसदीय शब्द नहीं है तो सभापति जी, मैं यहां *"कुतर्क" शब्द भी जोड़ना चाहूंगा। *"कुतर्क" संसदीय है या असंसदीय है?

**श्री सभापति**: मेरा सुझाव है कि *"कुतर्क" को बदलिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री धर्मेंद्र प्रधान**: मैं आपके आदेश से इसको तर्क और तर्कविहीन करता हूँ।

**श्री सभापतिः** अपना यहां शालीनता का इतना स्तर बढ़ाओ कि लोग प्रभावित हों और सीखें भी। आप तो हमेशी संयमित ही रहते हैं, पर यह भी कीजिए। इधर भी संयमित रहते हैं।

**श्री धर्मेंद्र प्रधानः** सर, यह हम सभी के लिए लागू है। यह पहले तो मेरे ऊपर लागू होता है कि मैं इस सदन को किसी भी शब्द के माध्यम से गुमराह न करूं, किसी मर्यादा की हानि करूं, मेरा बयान में इसकी सबसे ज़्यादा ज़िम्मेदारी मेरे ऊपर है। इसीलिए मैंने आपकी अनुमति भी चाही। इस चर्चा में दो-तीन पहलु सामने आए हैं, मैं आपकी अनुमति से कुछ तथ्य रखना चाहूंगा। हम सरकार में हैं। कोचिंग सेंटर के बारे में कुछ दायित्व हम लोगों का भी बनता है। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त दायित्व में यह व्यवस्था है। पिछले कई सालों से कोचिंग सेंटर्स की व्यवस्था और प्रबंधन कैसा होना चाहिए - वर्ष 2017, 2019, 2020 और फिर अभी 2024 में निरंतर रूप में भारत सरकार, राज्य सरकार तथा संघ शासित राज्यों को अपनी advisory भेजते आए हैं। यहां कोटा के बारे में चर्चा हुई, केवल कोटा ही नहीं देश की अन्य जगहों पर इस प्रकार की जब घटना होती है, campuses में भी कुछ दुर्घटना होती है, तब एक कोचिंग सेंटर की व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, इसकी निरंतर मॉनीटरिंग, जानकारी और सुझाव राज्यों को दिए गए हैं। जिसमें यह है कि कोचिंग सेंटर का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए, उसकी minimum standard requirement क्या होनी चाहिए, बच्चों के बारे में क्या-क्या safeguard लेने चाहिए और इन चीज़ों की निरंतर मॉनीटरिंग कैसे हो। यदि कोई इनके खिलाफ करता है, तो उसके ऊपर penalty की

* Withdrawn by the hon'ble Minister.

व्यवस्था क्या हो। सभापति महोदय, अनेक राज्यों ने बिहार, गोवा, उत्तर प्रदेश, कर्णाटक और मणिपुर जैसे राज्यों ने अपने-अपने राज्यों की एक-एक विधि व्यवस्था भी लगाई है। ये सब ध्यान रखते हुए भारत सरकार ने January, 2024 में एक advisory सारे राज्यों को दी है। मैं latest advisory की बात कर रहा हूं, वैसे तो वर्ष 2017, 2019, 2020, 2023 में यह advisory गई थी और अभी 16 January, 2024 को यह advisory राज्यों को गई थी। उस advisory में क्या है, वह public domain में है, सब उसके बारे में जानकारी रखते हैं। अगर उस advisory का राज्यों ने पालन किया होता, चाहे वह कोई भी राज्य हो - शायद आज यह दुखद घटना नहीं होती। इसकी ज़िम्मेवारी लेनी पड़ेगी। मैं कहूं कि process क्या होना चाहिए, हम इससे भाग नहीं सकते हैं, लेकिन इसको क्रियान्वयन करने का दायित्व राज्यों का है। राज्यों को इन दायित्वों का पालन करना चाहिए, उससे आगे चले जाना उचित नहीं होगा, दायित्व से भागने के कोई फायदा नहीं होता है।

महोदय, कुछ मित्रों ने इस चर्चा के बहाने भारत की शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठाए, कोचिंग सेंटर्स आखिर होते क्यों हैं, इस पर भी प्रश्न उठाए। पिछले 10 साल के ऊपर टिप्पणी भी की और कुछ शब्दों का इस्तेमाल करना कुछ लोगों की एक मजबूरी भी बन चुकी है, मैं उसमें खुद को शामिल नहीं करना चाहूंगा, लेकिन आपके सामने एक विषय कहूंगा। देश में कुछ लोगों की एक छद्म बौद्धिक अतिवाद है, कुछ लोगों के मन में severe intellectual activism है, उनकी एक धारणा है। मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि वर्ष 1835 में अंग्रेज़ों ने इस सभ्यता को, इस महान देश को लम्बे समय तक गुलामी में रखने के लिए Macaulay साहब ने British Parliament में एक debate की थी। उस डिबेट में जो सोचा गया था, अभी भी इस सदन में कभी-कभी उसका प्रतिफलन देखने को मिलता है। मैं ऐसे लोगों को ...(**व्यवधान**)... Dr. Brittas, you are a good friend of mine. Have patience, and please, in a democracy, at least, I expect this thing from you. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

DR. JOHN BRITTAS: I am asking you.....*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Yes, hon. Minister. ...*(Interruptions)*...

**श्री धर्मेंद्र प्रधान:** सभापति महोदय, कुछ लोगों के मन में उस मैकालेवाद का भूत अभी भी चढ़ा है। इसीलिए उनके मन में धारणा है कि सारा बौद्धिक सोचने का और समझने का ठेका उनके पास है।

3.00 P.M.

सर, मैं निरुत्तर हूं। प्रजातंत्र में इस प्रकार के अतिवाद को, छद्म, बौद्धिक अतिवाद को, pseudo intellectual extremism को मैं... सर, आप बंगाल में अध्यक्ष रहे, बंगाल की एक कहावत है, *"The one who doesn't have shame, I am scared of such person." सर, शायद इस

* English translation of the portion of the speech delivered in Bengali.

कहावत में 'लज्जा' शब्द असंसदीय हो सकता है, लेकिन इस प्रकार की मानसिकता का कोई उत्तर नहीं है। अभी कहा गया कि नीट में 24 लाख लोगों के भविष्य के साथ... मेरे पास जितनी जानकारी है, बीएसई में दोनों बजट की चर्चा करते हुए मेरे सहयोगी ने पूछा है और मुझे सूचित किया गया है कि बीएसई में लोक सभा में और राज्य सभा में शिक्षा के ऊपर चर्चा होनी चाहिए। मैं विनम्रता के साथ सरकार की ओर से कहना चाहूंगा कि सरकार खुले मन से किसी भी प्रकार की शिक्षा संबंधित चर्चा के लिए तैयार है। उस पर स्ट्रक्चर्ड चर्चा हो। हम किसी भी विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हमने ऐसा कोई गुनाह नहीं किया है। हमने देश का मान बढ़ाया है, देश की मर्यादा बढ़ाई है, देश की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाया है। दुनिया में भारत का नाम करने में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व लंबे समय तक इस देश के इतिहास में लिपिबद्ध रहेगा। इसमें हमें कुछ छुपाना नहीं है। अगर मेरे देश के प्रधान मंत्री परीक्षा के पहले बच्चों को बुलाकर उनको एक अभिभावक के नाते टिप्स देते हैं, परीक्षा में तनावमुक्त रहने के लिए वार्ता करते हैं, तो इस असहिष्णुता का मेरे पास कुछ उत्तर ही नहीं है। आपके संस्कार आपके हैं, मेरा दायित्व मेरा है।

मेरे प्रधान मंत्री ने सही किया है और इसमें छुपाने वाली कोई बात नहीं है। जिन लोगों ने खुद को संविधान का ठेकेदार माना, संविधान उनको ही समझ में आता है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी के नेतृत्व में एक बैंच ने पांच दिन बैठकर नीट के सारे पक्षों को सुना। उसको कोई छुपकर नहीं सुन रहा था। आजकल टेक्नोलॉजी के कारण उस डिबेट को सब लाइव सुन सकते हैं। सर, जैसे सदन की कार्रवाई लाइव होती है, उसी तरह से कोर्ट की डिबेट भी लाइव होती है। देश ने देखा है, विद्यार्थियों ने देखा है, सारे तर्क रखे गए हैं और नीट के ऊपर एक कानूनी स्पष्टता बन पाई है। यदि उसके ऊपर किसी को भी कुछ शंका है, हाउस में जब तय होगा, तब हमारी सरकार उस चर्चा में शामिल होने के लिए पूरी कटिबद्ध है। सर, जब एक तथ्य में आज चर्चा हो ही गई है, उसमें कहा गया है कि यह सरकार कुछ चीजों को छुपाना चाहती है। मैं कुछ तथ्य आपके सामने रखना चाहूंगा। इस सरकार ने पब्लिक परीक्षा में, पब्लिक एग्जामिनेशन में malpractices होने से उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई करने के लिए दोनों सदनों में कानून बनाए और उसको हम अमल कर रहे हैं। वर्ष 2010 में किसकी सरकार थी? सरकार जिन लोगों के दायित्व में थी, 19 मार्च, 2010 को कैबिनेट में एक फैसला होता है, उस बिल का नाम The Prohibition of Unfair Practices in Technical Educational Institutions, Medical Educational Institutions And Universities Bill, 2010 है। सर, क्या मजबूरी थी कि जो लोग आज बड़े नाटकीय ढंग से आरोप-प्रत्यारोप कर रहे थे, कृपा करके वे साबित करें कि किसके दबाव में, क्या निजी मेडिकल कॉलेज के दबाव में -- आपकी कैबिनेट थी, आपके प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में कैबिनेट बनी थी, आपने उस बिल को संसद में टेबल भी किया, introduce किया। पांच साल के बाद आपकी क्या मजबूरी थी कि आपने उसको एक कानून में परिवर्तित नहीं किया, जिसका काम अभी हमने 2024 में किया। गुनहगार कौन था, किसको आप छुपाना चाहते थे? आप कहते हैं कि नीट क्यों हो रहा है? महोदय, मैं 2010 का एक तथ्य फिर रखना चाहूंगा। वर्ष 2010 में आदरणीय मनमोहन सिंह जी देश के प्रधान मंत्री थे। उस कैबिनेट में शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद थे। 21 दिसंबर को उस समय के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश से एक single entrance examination हुआ। 2010, सरकार यूपीए की, प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी, स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद साहब थे और मेरे वरिष्ठ मित्र आदरणीय शिवा जी अभी कह रहे थे, we are agreeing that we are opposing NEET. My

dear Siva*ji*, hon. Member, you are there in those days, inside the Government. What compelled you to accept those rules in those days? सर, यह कहना बहुत आसान है, आपने जिम्मेवारी निभाई नहीं और भारत की शिक्षा के बारे में कहा जाता है कि अब कापी होती है। मेरे मित्र सुरजेवाला जी नहीं हैं। सुरजेवाला जी की सरकार..

**श्री सभापति**: आपके मित्र सुरजेवाला जी नहीं हैं, इसका मतलब क्या है?

**श्री धर्मेंद्र प्रधान**: यहां नहीं हैं।

**श्री सभापति**: वे यहां नहीं हैं, आप यह कहिए। मेरे मन में एक दूसरी बात आ गई। यहां पर हर सदस्य एक दूसरे का मित्र है।

**श्री धर्मेंद्र प्रधानः** सभापति जी, मैं खुद को संशोधित करता हूं। मेरे मित्र सुरजेवाला जी सदन में नहीं हैं। सर, मेरे सभी मित्र हैं। मैं सभी का प्रिय हूं। सर, मेरे मित्र सुरजेवाला जी ने अभी प्रश्न उठाए, ये सेम हैं। मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि 2004 से 2014 तक उन्हीं के राजनैतिक नेतृत्व से हरियाणा में सरकार थी। 11 examinations उन्हीं की सरकार के समय में हुए थे, विभिन्न परीक्षाएं हुई थीं, सारी की सारी court के द्वारा reject हुई थीं, कोर्ट ने सारी परीक्षाओं को निरस्त किया था। क्यों किया था! अगर मैं आपको कच्चा-चिट्ठा पढ़वाऊं, इनके समय में किस-किस राज्य में, उत्तर प्रदेश में, यहां पर प्रोफेसर साहब बैठे हैं, उत्तर प्रदेश में 2010 में सरकार किसकी थी, तमिलनाडु में 2012 में सरकार किसकी थी, पश्चिमी बंगाल में 2009 में किसकी सरकार थी? और राजस्थान की कहानी तो सभापति जी, मैं आपसे क्या बताऊं, राजस्थान की तो सारी खबर आपके सामने ही है। पिछले दिनों में राजस्थान क्वैश्चन पेपर लीक की एक फैक्टरी बन गया था। लोगों का आक्रोश बढ़ा था, कोर्ट का हस्तक्षेप हुआ था, यह तो एक लेबोरेटरी बन चुका था। सर, इन सारे विषयों में अब हमें आगे बढ़ना पड़ेगा, हमें आगे जाना पड़ेगा। आज कोचिंग सेंटर्स के लिए कानून स्पष्ट है, उसका राज्यों को पालन करना पड़ेगा, जिम्मेवारी लेनी पड़ेगी और जो आरोप-प्रत्यारोप की बात होती है कि हमारे ही समय में ऐसा था, मैंने आपके समय का कुछ विषय रखे हैं। आज भी कुछ विषय हो ही रहा है। मैं उसकी जिम्मेवारी से भागने वाला आदमी हूं ही नहीं। आज भी उस विषय पर, मैं सभी के सुझाव चाहता हूं। जो NTA है, वह और अच्छा कार्य कैसे करे, कोर्ट ने भी कुछ टिप्पणी दी है। हमने NTA को सुधारने के लिए पूर्व इसरो चेयरमैन राधाकृष्णन जी के नेतृत्व में, डा. गुलेरिया जी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई है। मैं सारे माननीय सांसदों से अनुरोध करूंगा। कुछ सांसद, आदरणीय तंबी दुरै जी वहां जाकर अपने सजेशन्स भी देकर आए हैं, जहां तक मुझे जानकारी है, मैं सभी माननीय सांसदों से आपके माध्यम से अनुरोध करूंगा कि जिनके भी मन में सुधार की कुछ कल्पना है, वे कृपा करके सुझाव दें। यह सरकार पारदर्शिता के साथ है, यह सरकार इस देश को 21वीं सदी में विश्व में ऊंचाई तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं निवेदन करूंगा कि हम उस स्पिरिट में इस चर्चा को आगे लें, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Now Shri Sandosh Kumar P.

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, my heartfelt condolences to the families of Shreya, Tanya and Nivin, who tragically lost their lives. This is no time to indulge in blame-game. The coaching industry, this mafia has reached to such a level that their annual income is more than Rs.58,000 crores. It is likely to go up to Rs.1,33,000 crores within a short span of years. So how to control this? Why is there mushrooming of these coaching centres? This is the most important question. Sir, there is a clear-cut mismatch in the education imparted in schools and colleges and the competitive examination requirements. The students are getting some kind of education in schools and colleges and the entrance examination requirements are something different. This mismatch, these competitive examination requirements are the main reasons of this mushrooming of coaching centres. So now, how to tackle this? How to tackle this mafia? That is the most important question. So, there is a nexus between real estate people, real estate agents, political parties and publication mafia. This is a vicious circle. So, it is not that easy to get it exposed. What I am suggesting is that, cutting across political party lines and interests, we all have to join in demanding one thing that there must be a clear cut, white paper or something like that, related to these coaching centres throughout the country. Education is in the Concurrent List. States do have to play a role and Centre also. So, let us come out with a clear cut paper on these issues. There is no point in blaming one political party or that political party. This Rao's Coaching Centre must have started before the inception of Aam Aadmi Party; so, no point in blaming one party or the other party, this party or that party. Let us join together in fighting against the examination mafia. Moreover, most of these centralized examinations like NEET must be abolished. It is the demand of my party and of the most of the States it seems. So, this is what I would like to request at this point of time. Thank you for allowing me time, Sir.

MR. CHAIRMAN: Very constructive suggestions.Coaching has become flourishing industry with high returns and the kind of advertisement, I said, need to be examined. Every penny spent on advertisement is coming from the student. Every new building is coming from the student. So, there is really need for an approach that can go a long way in tackling it. And one problem I can share with the hon. Members; the kind of avenues that are available because of paradigm shift in our working, students are not aware. They are aware of a very limited area. So, they get into that lane. I am sure something needs to be done. Now, Shri Haris Beeran; you have three minutes.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Thank you, Sir, for giving me the opportunity. I stand here on behalf of my party, Indian Union Muslim League. Mr. Chairman, Sir, it is a very sensitive topic, which we are dealing with. There are hundreds of students from across the country who are in the National Capital Region for the purpose of their higher studies. From my State alone, there are almost 5,000 students studying in coaching centres for Central University. Chairman, sir, we have to be more responsible because the parents are concerned; the students are concerned about the safety and their living. Now, there will be lot of political slugfest, which had happened in the House. Sir, you gave us the opportunity so that some concrete suggestions can be made. Now, there has been blame game from one party to another. That is not what the parents want. Parents want some concrete solution, and we have to be responsible for that.

I would just make three suggestions and conclude my speech. One is that there has to be a standard operating procedure for every coaching centre. There has to be a regulator who regulates the coaching centre. And if possible, there has to be a special legislation to control the coaching centres. Sir, if you allow me, even I can introduce a Private Member Bill for that purpose because that will be benefiting the whole section of the student society. Secondly, it is an eye-opener for all of us. Sir, you observed that our system of education requires some kind of a change. Skilling has to be there. Paramount importance has to be given to skill-based education. All parents are putting pressures on their children for these kinds of professional education rather than skill-based education.

Lastly, waste management is one thing on which we have to completely concentrate on. Sir, we are boasting of a 5 trillion dollar economy, but this happened 20 minutes drive from this Parliament House which is a shame to all of us. And what was the reason? It was not because of any flood or any rain. We know that in the last two or three days, there was hardly any rain in Delhi. This was due to the bursting of a sewer. And Sir, you very well know, in the whole of Delhi, the basements are used; basements are used for various purposes whether legally or illegally. No one is safe in Delhi if these kinds of things happen in Delhi. Therefore, the authorities cutting across the party lines have to come together and find a solution for this. Thank you.

MR. CHAIRMAN: The next speaker is Shri Ram Chander Jangra; you have eight minutes.

**श्री रामचंद्र जांगड़ा** (हरियाणा): महोदय, राउस आईएस स्टडी सर्किल, दिल्ली में दो छात्राएं, श्रेया यादव (22 वर्षीया), तानिया सोनी (21 वर्षीया) और Nevin Dalvin (29 वर्षीय), जो

एर्नाकुलम, केरल से हैं, की दुखद मृत्यु हुई है। संवेदना का कोई शब्द उनके परिवारों की पीड़ा को कम नहीं कर सकता है। आपने सदन में इस बहुत ही दुखद घटना के ऊपर चर्चा करने का सभी माननीय सांसदों को अवसर दिया है। यह केवल हादसा नहीं है, बल्कि मैं कहूँगा कि मानव जाति की एक त्रासदी है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) में मुकदमा भी दायर हो गया है। धारा 106 - जल्दबाजी या लापरवाही से किए गए कार्य से किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनना, यह मानव अधिनियम माना जाता है। धारा 115 (2) में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा है। धारा 290 में इमारतों को गिराने, मरम्मत करने या बनाने के संबंध में लापरवाही — इस प्रकार से मुकदमा भी दायर हो गया है। दो आदमी गिरफ्तार भी हो गए हैं, लेकिन केवल दो आदमियों की गिरफ्तारी और इन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो जाना ही इस समस्या का समाधान नहीं है। शहरों में लगातार अनधिकृत रूप से कॉलोनियाँ काटी जा रही हैं। दिल्ली भी इसमें अछूती नहीं है। बुराड़ी, समता विहार, गोकुलपुरी, बाबरपुर, सीलमपुर, हरित विहार, पूर्वी दिल्ली, रानी गार्डन, सभी जगह बिना किसी प्लान के कॉलोनियाँ काटी जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है। अभी मेरे सांसद साथियों ने बजट की चर्चा की थी। मैं पुख्ता जानकारी का दावा नहीं करता हूँ, मैं केवल समाचार पत्र की बात करता हूँ। हर वर्ष नालों की सफाई के ऊपर 100 करोड़ रुपया खर्च दिखाया जाता है, लेकिल वह केवल कागजों में खर्च हो जाता है। जब भी थोड़ी सी बारिश आ जाती है, दिल्ली की हर सड़क लबालब होती है। अगर किसी को साक्षात नरक का दर्शन करना हो, तो थोड़ी सी बारिश के बाद दिल्ली की किसी कॉलोनी में जाकर नरक का दर्शन किया जा सकता है। गंदगी ऊपर तैरती फिरती है। यहाँ तक कि जितने भी अंडरपासेज़ हैं। मेरे साथ हमारी माननीया सांसद, इंदु बाला गोस्वामी जी बैठी हैं। इनकी कार डूब गई। इनकी बहन और उनका बेटा मुश्किल से बचे थे और वह कार पूरी तरह से डैमेज हो गई थी। अंडरपास में एकदम पानी आ गया था। बेसमेंट में जो पानी आया है, यह भी इसी तरीके की घटना है। छात्रों को निकलने का मौका भी नहीं मिला और दो छात्राओं और एक छात्र की जिंदगी ले ली गई। उन परिवारों की पीड़ा को हम किन्हीं भी शब्दों में, संवेदना के कितने भी गहरे शब्द हों, कम नहीं कर सकते हैं। मेरा यह कहना है कि एनजीटी के नियम बने हुए हैं। 2015 में एनजीटी का एक सर्वे हुआ था। जिसमें जो प्राकृतिक फ्लो होता है, उसमें 44 ऐसे केंद्र थे, जिनके ऊपर कन्स्ट्रक्शन कर दी गई। पानी के प्राकृतिक फ्लो को रोक दिया। यही एक कारण है कि जब हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हैं, तो दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। ऐसा हिमालय में भी होता है और ऐसा समतल मैदानों में भी होता है। यह प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की एक घटना है। इसके ऊपर आपस में राजनीति न करके, मैं तो यही चाहूंगा कि हम सार्थक बहस के माध्यम से सार्थक समाधान निकालने की कोशिश करें कि भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना न हो।

मान्यवर, इसमें कोई शक नहीं है कि जैसे नालों की सफाई का जिक्र होता है - भ्रष्टाचार की बू आती है। एक ओर हम रोजाना दिल्ली की सड़कों पर देखते हैं -advertisement की चर्चा होती थी - हर बस के ऊपर लिखा होता है कि मैं लेन में ड्राइविंग कर रहा हूं, क्या आप भी कर रहे हैं। मान्यवर, दिल्ली की रोड के ऊपर हम कितनी ही बसें देखते हैं, जिनमें एक भी सवारी नहीं होती है और बसें चलती हैं। मैंने एक दिन रोक कर पूछा कि ये इतनी बसें हैं, लेकिन इनमें सवारी नहीं हैं। एकाध बस की तो रोजाना की 15 हज़ार की भी बुकिंग नहीं है और वह सारा दिन चक्कर काटती रहती है। रोड के ऊपर बहुत जाम की स्थिति बनती है। क्या उन बसों की आवश्यकता

नहीं है? राजनीति के अंदर जो यह मुफ्त का कल्चर है कि हमने मुफ्त यात्रा की सुविधा दे दी, हमने मुफ्त बिजली की सुविधा दे दी, हमने मुफ्त फलानी चीज़ दे दी, इस मुफ्त के कल्चर के कारण आप वोट तो प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन डेवलपमेंट प्लान उसमें गौण हो जाता है। डेवलपमेंट प्लान के ऊपर कोई खर्चा उसके अंदर नहीं किया जाता है। Advertisement के ऊपर ज्यादा खर्चा हो जाता है। यह जो बजट है, वह जनता की सुविधा की चीज़ों के लिए निकलता है। गवर्नमेंट की जो परिभाषा है, वह कल्याणकारी है, वेलफेयर गवर्नमेंट की परिभाषा होती है, न कि गवर्नमेंट का काम अपनी आत्म प्रशंसा करना है। इसलिए जनता के कल्याण के लिए जितने भी नियम बनाए गए हैं, वे धरातल के ऊपर आएं।

अभी चर्चा हो रही थी कि सड़क के ऊपर पानी भरा हुआ था, उसमें करंट आ गया और एक व्यक्ति की मौत हो गई। रोजाना ऐसे हादसे हो रहे हैं। मान्यवर, मैं महम, रोहतक से आता हूं। महम से टिकरी बॉर्डर तक आने में एक घंटा लगता है, लेकिन टिकरी बॉर्डर से यहां तक आने में हमें तीन घंटे लग जाते हैं। जब बारिश होती है, तो फिर अंसभव ही हो जाता है और चार घंटे भी लग सकते हैं, पांच घंटे भी लग सकते हैं, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। यह हालत है। सड़क के दोनों ओर नाले बने हुए हैं, लेकिन नालों का डिस्पोजल कहीं नहीं है। नाले भर जाते हैं, उनमें सब जगह पोलिथीन भरे पड़े हैं, उनमें सभी जगह मिट्टी भरी पड़ी है। जब बारिश आ जाती है, तो temporary पानी निकालने के लिए वहां पर पम्प खड़े कर दिए जाते हैं, ट्रैक्टर खड़े कर दिए जाते हैं और उनको temporary खड़ा करके जब तक बारिश होती है, तब तक पानी निकालने का काम वहां चालू रहता है। जैसे ही बारिश खत्म हो जाती है और जब नालों का पानी निकल जाता है, फिर उसके बाद वे ट्रैक्टर और पम्प वहां से हटा लिए जाते हैं। यानी कोई योजना नहीं बनती कि भविष्य में यह पानी न भरे, इसका डिस्पोजल क्या हो, इसके लिए कोई प्रैक्टिकल योजना तैयार नहीं की जाती है। यह जो मंशा है इसके ऊपर रोक लगनी चाहिए और भविष्य में किसी परिवार के साथ कोई भी ऐसा हादसा न हो, यह दुखद घटना न हो, इसके ऊपर विचार करते हुए, समस्या का समाधान निकाला जाए।

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Satnam Singh Sandhu. Give your suggestions, briefly.

**श्री सतनाम सिंह संधू** (नामनिर्देशित): सभापति महोदय, आपने मुझे बहुत ही संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा का अवसर दिया है, इसके लिए आपका धन्यवाद। सर, मैं एक educationist हूं और मैं अपनी ड्यूटी समझता हूं कि मैं भी इसमें अपना सजेशन दूं। इस पर बहुत सारी चर्चा हो चुकी है। मेरा नजरिया है कि जो कोचिंग सेंटर में आने वाले स्टूडेंट्स हैं, वे non-attending schools में एडमिशन लेकर कोचिंग के लिए आते हैं और कोचिंग लेने के लिए कम से कम दो साल स्कूल से बाहर रहते हैं। यह एक बहुत बड़ी बुराई है, क्योंकि हमारा academic system, हमारा education system एक बच्चे के overall development की एश्योरिटी देता है। Curriculum, co-curricular और extra-curricular activities students की overall development की surety देती हैं, जो स्कूल में ही हो सकती हैं, campus में ही हो सकती हैं। मेरा सजेशन है कि non-attending classes का जो प्रचलन चला हुआ है, खास कर उन स्कूल्स में, जिनके बच्चे कोचिंग लेने के लिए पूरे दिन कोचिंग सेंटर में होते हैं, हमें उसको control करने की जरूरत है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सभापति** : सुश्री स्वाति मालिवाल।

MS. SWATI MALIWAL (National Capital Territory of Delhi): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me this opportunity to speak on such an important issue. सर, पिछले 7 दिनों में देश की राजधानी, दिल्ली में UPSC की तैयारी करते हुए कई छात्रों की मौत हुई है, 4 छात्रों की मौत हुई है। मैं यह मानती हूँ कि यह मौत मौत नहीं है, हत्या है। सर, हमने देखा कि किस तरीके से पटेल नगर में एक छात्र, जिसका नाम नीलेश राय था, वह लड़का अपने घर के बाहर खड़ा था, वहाँ पर पानी भर गया और इस कारण से जैसे ही उसने गेट पकड़ने की कोशिश की, उसकी करंट लग कर उसी वक्त मौत हो गई। दो दिन पहले राजेन्द्र नगर में बुरे तरीके से तीन बच्चे डूब कर मर गए। वे सिर्फ अपने कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी के बेसमेंट में बैठे थे, पढ़ाई करने की कोशिश कर रहे थे, सामने पानी भरा, वह पानी उनके कमरे के अंदर बेसमेंट में आ गया और दो मिनट में तीनों के तीनों डूब कर मर गए। सर, मैं कल वहाँ गई थी और उन परिवारों से मिली। मैं उन दो लड़कियों के परिवारों से मिली, जिनकी जान गई है। उनमें से एक लड़की श्रेया थी, वह 25 साल की थी। वह अंबेडकर नगर से यहाँ दिल्ली पढ़ने के लिए आई थी। उसके पिताजी किसान हैं। उन्होंने बहुत संघर्ष करके उसको दिल्ली भेजा था। उनका एक ही सपना था कि मेरी बेटी आईएएस अफसर बनेगी, मेरी बेटी इस देश का नाम रोशन करेगी। सर, हम देखते हैं कि किस तरीके से इस देश में ऐसी बहुत बेटियाँ हैं, जिनको यह सहूलियत नहीं मिल पाती, जो अपने सपने नहीं पूरे कर पातीं। यह किसान परिवार अपनी बेटी को इतनी दूर दिल्ली एक सपने के साथ भेजता है और वह सपना डूब गया। इसी तरीके से तान्या, जो 21 साल की थी; नवीन भी, जो केरल से था; तान्या सिकंदराबाद से थी, सर, दोनों के दोनों डूब गए। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

सर, आज देश की राजधानी, दिल्ली में पूरे देश से, अलग-अलग कोनों से गरीब से गरीब परिवारों से यहाँ पर लोग आते हैं, बच्चे आते हैं, आईएएस अफसर बनने का सपना देख कर। सर, वे सिर्फ अपने लिए नहीं आते, वे एक ऐसा सपना लेकर आते हैं कि हम इस देश की गवर्नेंस में बदलाव लाएँगे, हम भ्रष्टाचार खत्म करेंगे, हम अपने गाँव की, अपने शहर की स्थिति सुधारेंगे और इन बच्चों के साथ ऐसा होता है! किसी की कोई जवाबदेही नहीं है! सर, हम यह देखते हैं, मैंने कल जाकर देखा, राजेन्द्र नगर में हर दूसरे घर में इस तरीके का सेंटर खुला हुआ है, इल्लीगल सेंटर्स खुले हुए हैं। इन इल्लीगल सेंटर्स को कैसे खोला जा रहा है? आप देखिए, दिल्ली में कोई भी अपना घर बनाता है, अगर घर में थोड़ा सा भी कंस्ट्रक्शन ज्यादा हो जाता है, तो तुरंत एमसीडी वाले आ जाते हैं, तुरंत वहाँ पर वे हल्ला करते हैं और इतने बड़े इल्लीगल सेंटर पर सेंटर बने जा रहे हैं और किसी को पता ही नहीं चला! यह बहुत बड़े भ्रष्टाचार का मामला है, जो आपके माध्यम से मैं यहाँ पर पेश करना चाहती हूँ। सर, हमें यह भी देखने को मिलता है कि थोड़ी सी बारिश होती नहीं और दिल्ली में कई इलाकों में ऐसा हाल हो जाता है कि लोगों को नाव लेकर निकलना पड़ जाए। ड्रेनेज सिस्टम को कौन साफ करेगा? क्या दिल्ली सरकार और एमसीडी की कोई जिम्मेदारी नहीं है?

सर, मैं आपके माध्यम से तीन डिमांड्स रखना चाहती हूँ। सबसे पहले, यह जो एफआईआर हुई है, इस एफआईआर में उन कोचिंग सेंटर के जो लोग हैं, उनको पुलिस ने पकड़

लिया है, लेकिन ये जो अधिकारी हैं और चुने हुए रिप्रिजेंटेटिव्स हैं, उनकी जिम्मेदारी कौन सेट करेगा? सर, आप वहाँ पर देखिए, मुझे बच्चों ने बताया कि किस तरीके से उन्होंने कंप्लेंट्स लिखी थीं, पार्षद को लिखी थीं, एमएलए को लिखी थीं और कोई एक्शन नहीं हुआ! इसलिए जो एफआईआर हुई है, उसमें पूरे तरीके से जाँच होनी चाहिए और ये जितने भी अधिकारी हैं, इन सबके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। एक ऐसा मैसेज देना चाहिए कि आगे किसी की इस तरीके की लापरवाही या भ्रष्टाचार करने की हिम्मत न हो।

सर, दूसरी बात, ऐसे मौकों पर कोई क्या ही मुआवजा देगा! एक परिवार, जिसने अपनी बेटी खो दी, जिसने अपना बेटा खो दिया, उसके लिए तो सब कुछ खत्म हो गया। मैं कुछ भी कह दूँ, हम सब मिल कर कुछ भी संवेदना प्रकट कर दें, हम उनका कोई भी खामियाजा नहीं कर सकते, हम उनकी संवेदना प्रकट ही नहीं कर सकते, वे इतनी पीड़ा में हैं, लेकिन दिल्ली सरकार का फर्ज बनता है कि एक-एक करोड़ का कंपेंसेशन एक-एक बच्चे को मिलना ही चाहिए।

सर, तीसरी बात यह है कि हम यह देखते हैं कि इतने सालों से UPSC की तैयारी करने के लिए दूर-दूर की जगहों से बच्चे दिल्ली में आते हैं, परन्तु दिल्ली सरकार ने इस तरीके के PGs को, इस तरीके के coaching centres को रेगुलेट करने के लिए कोई कानून नहीं बनाया। जो UPSC की तैयारी करने वाले बच्चे हैं या जो बाकी एग्जाम्स की तैयारी करने वाले बच्चे हैं, उनके वेलफेयर के लिए कोई स्कीम नहीं बनी है,कोई गाइडलाइंस नहीं हैं। ये सारी की सारी गाइडलाइंस होनी चाहिए।

सर, मैं अन्त में इतना कहना चाहूँगी कि मैंने दिल्ली में बहुत बार देखा है कि एक 100 मीटर की सड़क बनती है, तो उसके ऊपर 4 नेता आ जाते हैं कि इसे हमने बनाया, हमने बनाया। उसके बाद उसका प्रचार पर प्रचार होता है कि हमने 100- 100 मीटर की सड़क बना दी, बहुत बड़ी सड़क बना दी। मैं तो इतना भी देखती हूँ कि जब वहाँ यह बोर्ड लगता है कि किसने यह सड़क बनाई, तो उस पर भी लड़ाई हो रही होती है कि नहीं, यहाँ पर मेरा नाम लिखा जाएगा। लेकिन जब उसी सड़क के ऊपर लापरवाही के कारण या भ्रष्टाचार के कारण पानी भर जाता है, तो ये सारे गायब हो जाते हैं, कोई दिख नहीं रहा होता है।

मैं कल वहाँ गई थी। मुझे इस बात की बड़ी पीड़ा है कि अभी तक दिल्ली सरकार का कोई भी मंत्री, एमसीडी का कोई भी इलेक्टेड रिप्रिजेंटेटिव, कोई भी ऑफिसर इन परिवारों से नहीं मिला है। ...(**समय की घंटी**)... आपसे यही रिक्वेस्ट है कि please, give justice, Sir. Thank you.

MR. CHAIRMAN: Now, Dr. M. Thambidurai. Be very brief. Just give suggestions.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me the opportunity to speak on the subject, which is very important.

MR. CHAIRMAN: Make your suggestions.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, I join with my colleagues to express my condolences to the bereaved families of the students who died in the coaching centre. As you may have observed, Sir, these coaching centres give a lot of advertisements.These advertisements are not paid by the students; they are paid by their parents. Parents are paying a lot of money for that. As regards the coaching centres, there is a history. Earlier, students used to take tuitions from the teachers. Thereafter, as you would have observed, many of the teachers joined together and opened up a centre for giving tuitions. And, now, it has become customary for the coaching centres to give a lot of advertisements to attract students for taking admissions in their centres for getting better education.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*.)

Coming to the incident that took place at Delhi Centre which is an IAS coaching centre, I would like to say that a number of coaching centres, not only the IAS coaching centres, even other coaching centres which give training for other competitive examinations, are coming up in the country. Who is responsible for the incident that has taken place? All coaching centres must be abolished. My demand is that coaching centres must not be there in the country. What is the necessity of having these coaching centres? Already, the Government is spending a lot of money for schools, colleges and universities. All infrastructure has already been created. When that is the case and syllabus is there, when you are allowing these coaching centres, as my friend has already expressed, +1 and +2 students are not at all coming to the classes. Most of these students are not attending their classes. They are going only to coaching centres. As a result, these kinds of coaching centres are making a lot of money. Also, the standard of school education is also going down. When there is competitive examination held, that means all are equal. Some rich people are having a lot of money. They pay fees and go to these coaching centres. This is not like justice given to all. Therefore, these coaching centres must be abolished. That is our demand. On my behalf and also on behalf of my AIADMK Party, I express my condolences to the bereaved families of those students who died in the incident. Such incidents must not happen in the country. That is what we hope and wish.Thank you.

**श्री उपसभापति**: माननीया श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी जी, आपके 3 मिनट हैं।

**श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी** (महाराष्ट्र): सर, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहूँगी। सबसे पहले तो मैं श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डाल्विन जी के परिवारों को अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करना चाहूँगी। उनके साथ जो हुआ, मैं उम्मीद करती हूँ कि आने वाले समय में वैसा किसी भी अन्य बच्चे के साथ नहीं हो और वह बच्चा, जो एक opportunity को ढूँढ़ते हुए यहाँ आता है, उसके साथ तो कतई भी ऐसा नहीं हो।

सर, मैं जब आज अखबार पढ़ रही थी, तब उसी front page पर हरियाणा के 22 साल के एक युवा रवि माउन के बारे में भी पढ़ा। वह इसी अखबार के front page पर ही है। उनकी मौत रशिया के वॉर में लड़ाई लड़ते-लड़ते हो गई। वे 22 साल के युवा थे। देश में जो एक प्रकार की lack of opportunity हो रही है, जिसके चलते एक युवा को मजबूर होना पड़ रहा है कि वह रशिया-युक्रेन वॉर में भागीदारी ले। वहाँ पर वे अपनी जान गँवा बैठे। वह हरियाणा का युवा है। पूर्व मुख्य मंत्री यहाँ पर बैठे हैं। उम्मीद थी कि हम सब उस पर भी चर्चा करेंगे। जब हम रूल 267 के तहत, नीट के जो 24 लाख बच्चे हैं, उनके भविष्य के बारे में विषय लाते हैं, तो उस पर भी चर्चा करें। पर, यह अच्छी शुरुआत है और मैं उम्मीद करती हूँ कि आने वाले समय में हम वह चर्चा करेंगे।

सर, जब लोक सभा के चुनाव हुए थे, उस समय पर बात की गई थी कि पापा ने किस तरीके से वार रुकवा दी और जो युवा हैं, उनको यूक्रेन से इंडिया लाए। वे बच्चे इंडिया वापस तो आ गए, पर वहाँ पर उनको यह ब्रिज कोर्स नहीं दिया कि किस तरीके से वे अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर सकें। उनको इतना मजबूर कर दिया गया कि वे अपनी पढ़ाई कम्प्लीट करने के लिए वापस यूक्रेन गए। यह दूसरा युवा हरियाणा का है, अगर आप उसके बारे में पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उसके परिवार ने इस उम्मीद में अपनी लैंड बेच दी कि उस लैंड से जो पैसा आएगा, वह Agent को पे करेगा ताकि वह दूसरे देश में जाकर कमाई करेगा। पर, रुस में उसको बरगला कर वहाँ की आर्मी में डाल दिया गया। ऐसे अनगिनत युवा हैं, जिनकी मौत हो गई है, लेकिन उनके बारे में हमें पता ही नहीं है। उसी तरीके से हमारी सरकार ने इज़राइल के साथ ऐसी ही एक ट्रीटी साइन की है कि हमारे युवाओं के पास यहाँ पर रोजगार नहीं है, तो वे इज़राइल के बॉर्डर पर जाकर लड़ाई लड़ेंगे। उनकी वार हम लड़ेंगे और हमारे बच्चे वहाँ पर शहीद होंगे, हमें उसकी कोई परवाह नहीं है। सर, इसका root cause एक ही है और वह है 9.2 परसेंट unemployment. जो युवा उम्मीद करता है कि उसको आर्मी में भर्ती मिलेगी, लेकिन उसको 'अग्निवीर' दे दिया जाता है। जो युवा यह उम्मीद करता है कि उसको रोजगार मिलेगा, उसको एप्रेंटेनशिप प्रोग्राम दे दिया जाता है। अगर युवाओं के बारे में व्यापक चर्चा करनी है, तो इस ईको-सिस्टम को खत्म करने की जरूरत है, जहाँ पर सरकारें हों, सरकारी नुमाइन्दे हों। साथ ही साथ इस कोचिंग सेंटर से लेकर यह पूरा ईको-सिस्टम, जो हमारे युवाओं के सपनों को तार-तार कर रहा है, चूर कर रहा है, उस पर किसी तरीके का संज्ञान लिया जाए और सख़्त-से-सख़्त कार्रवाई हो। यह न हो कि आपने दस लोगों को जेल में डाल दिया, तीन महीने बाद उनको बेल दे दी और फिर 'work as usual' चल रहा है। मैं ऐसा मानती हूँ कि इस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए और इस पर कोई रेग्युलेशन, जिसकी सब माँग कर रहे हैं, उस पर भी ध्यान देना चाहिए, धन्यवाद।

**श्री उपसभापति :** धन्यवाद, प्रियंका जी। डा. फौजिया खान जी। तीन मिनट।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, first of all, I offer my condolences to the families of the students who have lost their lives. But we have seen that a series of such unfortunate incidents have taken place all over the nation -- airports, bridges, roads, railways flooding. There has been tremendous increase in all these incidents. More than 800 people have lost their lives here. इनमें मेरे या आपके या किसी भी सदस्य के परिवार का भी कोई सदस्य हो सकता था। जब एयरपोर्ट की छत गिरती है, कोई ब्रिज collapse होता है, तो इसमें हम में से कोई भी हो सकता है। But what we need to see is the underlying cause and the underlying cause is hundred per cent only corruption because of low-quality work. This has to be supervised, and we need vigilance for this. I agree with my colleague, Ms. Swati Maliwal, that officers should be held accountable. FIRs should be filed against them for allowing this corruption to happen.

Sir, as far as coaching industry is concerned, this is now moving towards Rs. 1,33,995 crore revenue. So, it is a huge industry. सर, ट्यूशन्स कहाँ से शुरू होती है? यह Kindergarten से शुरू होती है। आज 7 करोड़ बच्चे ट्यूशन्स में enrolled हैं। महाराष्ट्र में 742 unemployed youth ने suicide किया है। मैं एक गाँव में गई थी, वहाँ पता चला कि एक लड़की नीट की तैयारी कर रही थी, उसने आत्महत्या की है और उसने यह बोल कर आत्महत्या की है कि मैं कोचिंग क्लास में हूँ और अब मेरी माँ, जो किसान की विधवा है, अफोर्ड नहीं कर सकती है, पेपर लीक हो गया है, इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूँ। सर, आज यह परिस्थिति है।

Sir, what we need to introspect as a nation is that coaching classes are a desperate alternative to low-quality education in schools and colleges. This is what we need to say. If we had maintained quality in schools and colleges, no coaching class would have mushroomed today. This is where we need to shift our focus. Six per cent of expenditure of the GDP has to be made on education. The NEP says that we are nowhere near it.

Sir, we do not need a parallel system of education. अभी शिक्षा मंत्री कह रहे थे कि उन्होंने एडवाइजरीज़ भेजी हैं। I don't think advisories are enough. We need regulations. मैंने एक PMB भी डाला है, जो अब इंट्रोड्यूस होगा कि एक रेगुलेटरी बॉडी होनी चाहिए। It is very important. इसके लिए कम से कम एक कानून बनना चाहिए। शिक्षा से नसीब संवरते हैं, सर। ...(**समय की घंटी**)... सरकारें देशों का नसीब लिखती हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, एक सेकंड।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is already over. Shrimati Mahua Maji. आपके तीन मिनट्स हैं।

**श्रीमती महुआ माजी** (झारखंड): सर, दिल्ली में बेसमेंट के पानी में डूबने वाले कोचिंग इंस्टिट्यूट के छात्रों के प्रति मैं अपनी पार्टी की तरफ से हृदय से गहरा दुःख व्यक्त करती हूँ, उन्हें श्रद्धा सुमन

अर्पित करती हूँ और उनके परिवारजनों को ईश्वर इस दुःख को सहने की क्षमता दे, इसके लिए प्रार्थना करती हूँ। मैं सरकार से गुहार लगाती हूँ कि भविष्य में इस तरह की कोई घटना दोबारा न हो, इसके लिए इनके कारणों को ढूंढ़ा जाना चाहिए, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, एक-दूसरे पर दोषारोपण भी नहीं होना चाहिए। भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए हम सबको प्रयासरत रहना चाहिए।

सर, आज पूरे देश में कुकुरमुत्ते की तरह कोचिंग इंस्टिट्यूट्स उग रहे हैं। इसके कारणों को ढूंढ़ना बहुत जरूरी है। मैं आपको बताऊं कि शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है, फिर सरकारी स्कूलों की स्थिति इतनी दयनीय क्यों है? झारखंड में भी हम लोग देखते हैं कि जब पिछली बार वहां भाजपा की सरकार थी, तो ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 4,623 स्कूलों का विलय कर दिया गया। आपको पता होगा कि एक लड़की जंगल के रास्ते दुर्गम पहाड़ी इलाकों से कैसे अपने गांव को छोड़कर तीन-चार गांवों को पार करके उस स्कूल में पढ़ने के लिए जाएगी, इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है, शिक्षा बजट बढ़ाने की जरूरत है। आईआईएम्स, आईआईटीज़ एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटीज़ में बहुत बड़ी संख्या में शिक्षकों की कमी है। अभी हमारे झारखंड की एक लड़की इजराइल में रिसर्च करने गई थी। जब वहां युद्ध शुरू हुआ तो बड़ी मुश्किल से हम लोग उसे वापस लाए, लेकिन वह दोबारा वहां चली गई, जबकि वहां युद्ध का माहौल था, क्योंकि यहां पर उस तरह की सुविधा नहीं है, जिस तरह की क्वॉलिटी एजुकेशन वह चाहती है।

सर, हम चाहते हैं कि हमारे देश में इतने तरह के बोर्ड्स न हों। सीबीएसई, आईसीएसई, मैट्रिक बोर्ड, बिहार बोर्ड, यह बोर्ड, वह बोर्ड, क्यों? हमारे देश में एक तरह की एजुकेशन क्यों नहीं हो सकती है? इससे जो हिंदी मीडियम, क्षेत्रीय या गांव के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे हैं, उनके मन में हीनता का बोध पैदा होता है और फिर वे उसका सामना नहीं कर सकते, उन्हें लगता है कि हम कमजोर हैं। प्रतिभाशाली होने के बावजूद उन्हें कोचिंग इंस्टिट्यूट्स में ज्यादा से ज्यादा जाना पड़ता है। मैं चाहती हूँ कि इस समस्या का समाधान जड़ से हो। इस देश में केंद्र सरकार को सिर्फ एक तरह का एजुकेशन सिस्टम लागू कराना चाहिए। जहां तक लैंग्वेज़ की बात है, तो हर स्टेट में उन्हें कुछ सब्जेक्ट्स में अपने हिसाब से लैंग्वेज़ चुनने की स्वाधीनता मिले, लेकिन एजुकेशन एक जैसी हो, ताकि उसमें भेदभाव न हो। प्राइवेट स्कूल और सरकारी स्कूल में एक तरह का एजुकेशन हो, सरकार को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सर, यह बहुत जरूरी है, क्योंकि हम लोगों के जो हिंदी क्षेत्र हैं, वहां पर मैं देखती हूँ कि कितने ही सारे प्रतिभाशाली और मेधावी बच्चे सिर्फ इसलिए पिछड़ जाते हैं, क्योंकि वे अंग्रेजी मीडियम के बच्चों के साथ कॉम्पिटीशन में नहीं जा सकते। वे डॉक्टर्स, इंजीनियर्स बन सकते थे, लेकिन नहीं बन पाते। वे बड़े-बड़े साइंटिस्ट्स बन सकते थे, लेकिन सिर्फ भाषा की प्रॉब्लम की वजह से और स्कूलों में टीचर्स की अच्छी पढ़ाई न करने की वजह से उनकी ऐसी हालत है। ...(**समय की घंटी**)... मैं आप लोगों से निवेदन करती हूँ कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाया जाए, धन्यवाद।

**श्री उपसभापति:** श्रीमती जया अमिताभ बच्चन जी।

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चन** (उत्तर प्रदेश)**:** सर, सिर्फ जया बच्चन बोलते तो काफी हो जाता।

**श्री उपसभापतिः** यहां पूरा नाम लिखा है, इसलिए मैंने उसे रिपीट किया। श्रीमती जया जी।

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चनः** यह कुछ नया तरीका निकला है कि महिलाएं अपने पति के नाम से जानी जाएंगी, उनका कोई अस्तित्व नहीं है।

**श्री उपसभापतिः** चूंकि यहां नाम दर्ज है, इसलिए मैंने कहा।

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चनः** नहीं, सर। उनकी अपने में कोई उपलब्धि नहीं है और अस्तित्व नहीं है।

**श्री उपसभापतिः** हम सबके लिए आपकी बड़ी विशिष्ट उपलब्धि है।

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चनः** यह एक नया तरीका शुरू हुआ है।

सर, बहुत सालों बाद मैं इस तरह के डिस्कशन को देख रही हूँ। मुझे याद है, जब निर्भया कांड हुआ था, उस व्यथा को मैं आज भी नहीं भूल सकती हूँ, सर। More than the *vyatha*, it is the insult that a woman faced at that time. Today, I stand here as a mother, as a grandmother, with so much pain. आज हम सब लोग, न वे, न ये, न इधर बैठे लोगों में किसी ने भी - सिर्फ बच्चों को श्रद्धांजलि दी - उनके परिवार के बारे में कुछ नहीं कहा, कोई किसान थे, कोई कुछ थे। It is a very, very painful thing that has happened. हमके इसमें पॉलिटिक्स नहीं लानी चाहिए। We must rise above this. We have lost three young people. ऐसे बहुत से young लोग गए हैं। मैं एक कलाकार हूं, मैं body language समझती हूं, expressions समझती हूं, मैं तब से देख रही हूं यहां सब लोग बैठकर अपना-अपना politicaly पिट्ठु फिट कर रहे हैं। This should not have happened. We are Rajya Sabha. We have been nominated here to represent people. We must talk with compassion and intelligence. सर, CPWD, MCD और NDMC हैं। सर, इनका क्या मतलब होता है? जब मैं अपनी oath लेने के पहले यहां आई, तब मेरे घर में घुटने तक पानी था। Everything in my house was ruined. The quality that is being imparted by these agencies to look after the homes of MPs is so poor and the problem starts here. यह किसी सरकार की गलती नहीं है, यह हम सबकी गलती है। न हम लोग complaint करते हैं, इसके ऊपर कार्यवाही नहीं हो सकती है, जो in charge होते हैं, वे कौन होते हैं, What is their responsibility? हम ये सब सोचते नहीं हैं। आज हर चीज़ में पॉलिटिकल बातें कर रहे हैं, इससे बहुत दुख होता है। It is very sad. मैं त्रिवेदी जी की बहुत बड़ी फैन हूं। ...(**समय की घंटी**)... ये जब बोलते हैं, तो मैं इनको बहुत ध्यान से सुनती हूं, क्योंकि I love his languge. मगर आपने जिस भाव से बोला, मुझे उसमें थोड़ी कमी लगी। आज आप politically बोले, आप अपने दिल से नहीं बोले। आप इन लोगों को सुनाने के लिए बोले। आप normally ऐसा नहीं बोलते हैं, मुझे बुरा लगा। मैं बच्चन जी की कविता से एक छोटी सी पंक्ति पढ़ना चाहूंगी, अगर आप बुरा न माने।

Content Page

*"भार उठाते सब अपने बल, संवेदना प्रथा है, केवल*
*अपने सुख-दुख के बोझ को सबको अलग-अलग ढोना है,*
*साथी हमें अलग होना है।"*

धन्यवाद।

**श्री उपसभापति**: माननीय श्री रामजी, आपके पास बोलने के लिए केवल तीन मिनट का समय है।

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश)**:** मान्यवर, दिल्ली के एक कोचिंग इंस्टीट्यूच में तीन छात्र-छात्राओं की मृत्यु हो गई। यह अति दुखद है और मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगा कि उनके परिवार को जो असीम पीड़ा मिली, उसे सहन करने की शक्ति प्रदान करे। मान्यर, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि उसके पीछे जो लोग हैं, जो सिरीज़ उसके पीछे है, उन सबको कड़ी से कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए, ताकि देश में किसी भी स्टेट में इस तरह की घटना दोबारा न हो। मैं ब्लेम नहीं कर रहा हूं, लेकिन कई स्टेट्स में ऐसी घटनाएं हुई हैं। सभी माँ-बाप अपने बच्चों को बड़े सपने लेकर कोचिंग संस्थानों में भेजते हैं, वे घर, जमीन, आदि गिरवी रख देते हैं कि मेरा बेटा पढ़-लिख कर अधिकारी बनेगा, आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर बनेगा, लेकिन जब इस तरह की घटनाएं होती हैं, तो वे आखिर किससे अपने दुख को ज़ाहिर करें, सिस्टम के बारे में किससे बोलें, किसकी वजह से उनके बच्चे की जान चली गई। आज हमने यह Short Duration Discussion कर लिया, लेकिन इसका परिणाम क्या होगा। जब तक हम इन सुझावों को implement नहीं करेंगे, तो फिर ढाक के तीन पात जैसी स्थिति हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि रेगुलेटरी बॉडी होनी चाहिए, जो coaching institutes के अंदर क्या हो रहा है, वह देखें। अभी स्वाती मालीवाल जी ने कहा की गली-गली में institutes खोले जा रहे हैं। आखिर कौन चैक करेगा कि कितने इंस्टीट्यूट्स खोले गए, उनकी शिक्षा क्वालिटी क्या है, इंफ्रास्ट्रक्चर कैसा होना चाहिए और उनके पास बैठने के लिए क्या फैसेलिटीज़ हैं, कितने छात्रों का रजिस्ट्रेशन वहां पर होना चाहिए, कौन टीचर है, कौन पढ़ा रहा है, इन सारी चीज़ों के बारे में सरकार को जानकारी होनी चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी है। यह केन्द्र की भी जिम्मेदारी है और स्टेट की भी जिम्मेदारी है। हम किसी को ब्लेम नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें इस पर काम करना पड़ेगा। यहां पर सेंटर की सरकार को भी सोचना पड़ेगा कि जो गरीब तबके के लोग पढ़ने के लिए इंस्टीट्यूट में आते हैं, उनके लिए हम क्या कर रहे हैं? हमें इंस्टीट्यूट्स खोलने पड़ेंगे।

मान्यवर, मैं आपको बताना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी ने malpractices के बारे में कहा। उत्तर प्रदेश में 2010 की सरकार को दोषी ठहराया। मैं उनसे बोलना चाहता हूं कि 2007 से 2012 तक माननीय बहनजी की सरकार थी, उस समय एक भी मेडिकल पेपर लीक नहीं हुआ, किसी भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ, हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं टाइम पर हुईं और क्लीन हुईं। यहां तक कि उत्तर प्रदेश के अंदर पुलिस भर्ती हुई और कहीं भी उसका पर्चा लीक नहीं हुआ। वर्ष 2007 से 2012 का रिकॉर्ड है कि माननीय बहनजी की सरकार में कोई पर्चा लीक नहीं हुआ। उस समय अपराधी भाग गए थे, शिक्षा माफिया उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए थे। उत्तर प्रदेश में ऐसी सरकार थी। महोदय, माननीय बहनजी ने उत्तर प्रदेश के अंदर कोचिंग इंस्टीट्यूट्स खोले। लखनऊ में छत्रपति शाहूजी महाराज रिसर्च सेंटर खोला, निजामपुर, हापुड़ में आईएएस,

पीसीएस की कोचिंग सेंटर खोले, प्रयागराज में ज्यूडिशियल कोचिंग खोलने का काम किया, बनारस में कोचिंग सेंटर खोला और अलीगढ़ में भी कोचिंग सेंटर खोला। इस तरह से पांच से सात कोचिंग इंस्टीट्यूट्स खोले, जहां पर आज भी बच्चे आईएएस और पीसीएस बनकर निकलते हैं। मैं केन्द्र की सरकार के रिक्वेस्ट करना चाहता हूं, आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं...(**समय की घंटी**)... दिल्ली से कोचिंग इंस्टीट्यूट्स को अन्यत्र कहीं स्थापित करें और शिक्षा की क्वालिटी पर ध्यान दें।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri V. Vijayasai Reddy.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, thousands and thousands of students all through the country come here to Delhi for getting coaching for IAS and other competitive examinations. They do not come from all over India to die in Delhi; they come here to get the coaching for the competitive examinations. First of all, where is the necessity for having these coaching centres, if we maintain good educational standards in schools, colleges and universities? As we are not able to maintain good educational standards, this mushroom growth of coaching centres is taking place everywhere in the country, not only in Delhi, but also in Chennai, Bengaluru, Hyderabad, Andhra Pradesh and all big cities. At this point of time, we will have to emphasise and recognise the need to improve the educational standards in colleges, schools and universities and ban these coaching centres. Here, I totally agree with Dr. M. Thambidurai that existence of these coaching centres is totally unwarranted and they ought to be banned and educational standards must be improved in schools, colleges and universities.

Further, the present situation of these coaching centres, whether it is Rao Coaching Centre in Delhi, or Narayana Institute in Andhra Pradesh, or Chaitenya Institute in Andhra Pradesh, or any other coaching centres, they are not maintaining the standards. There is no infrastructure. The infrastructure has collapsed everywhere. Just because some incident has occurred in Delhi, it has come up for discussion here. Similar incidents are happening everywhere in the country. They do not come up for discussion. They do not come to the limelight. Therefore, it is absolutely necessary to ban these coaching centres, or, you also have another option of regulating them. Constitute a monitoring body and make them follow the standards. The collapse of infrastructure is a failure of the Government, whether it is Union Government or the State Government. It is not about State Government blaming the Union Government and vice-versa. Ultimately, the LG is also vested with the powers. Therefore, both the Governments are responsible for this, not only for this incident, but even for the incidents that occur elsewhere in the country, the

respective State Governments are responsible. Delhi was ranked 44th most-congested city amongst the 387 cities globally. Particularly, when we refer to Delhi, Rajinder Nagar and Mukherjee Nagar are the areas where most of the coaching centres are located. Sir, thousands and thousands of bright students are coming to Delhi, as I said, to prepare for competitive examinations and not to die. The negligent Government and the officials should be held responsible and proper action should be taken both against the Government as well as bureaucrats.

Sir, I appeal to the Lieutenant Governor to take action against the similar coaching institutes running illegal commercial activities. In the instant case, the basement was meant for parking. Why did the Lieutenant Governor or the State Government allow it for teaching the students? There is complete irresponsibility. We must also take action against the MCD officials. As far as training and infrastructure to prevent water-logging is concerned, it has collapsed in Delhi, not only in Delhi but in other parts of the country also.

As Madam has pointed out, requisite compensation has to be given. Of course, compensation can never compensate the life. Life will not come back but still compensation has to be given, and, it should not be one crore, it should be three crores of rupees for each student who has lost his life. Accountability must be fixed on the Government and action must be taken against both the Governments. As I said, coaching centres are to be banned as they are not required in the country. Educational institutions and universities have to be encouraged and their standards have to be improved.

Now, I come to my last point and it is an important point. Who are these students who take coaching in these private coaching centres? They are all rich, neo-rich; not the poor or downtrodden. Dr. John Brittas failed to highlight this point. These coaching centres are only meant for the rich.

Therefore, in the end, I once again say that the educational standards of the academic institutions, colleges and universities have to be improved in order to prevent these so-called coaching centres from coming up anywhere in the country. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri Ravi Chandra Vaddiraju. Hon. Member to speak in Telugu.

Content Page

SHRI RAVI CHANDRA VADDIRAJU (Telangana): *"Hon'ble Deputy Chairman, Sir, in the recent tragic incident that took place in Delhi, 3 students died. Ms Soni Tanya is one of them. She belongs to Telangana. Though her family is from Bihar, they migrated to Telangana many years back as her father works as a manager in Singareni. He sent his daughter to Delhi with a dream of seeing her as an IAS Officer. For the last year, she kept studying hard and at the time of realizing her dreams, she had an untimely death. Her family is inconsolable. Two more students died in this tragic incident. On behalf of BRS Party, I express my sincere condolences to the bereaved families. Shri KCR and Shri KTR have expressed their condolences through Twitter. BRS Party will help Soni Tanya's family and support them in every possible way. We express our deep anguish for her demise.

Sir, such problems persisted in the State before the formation of Telangana. Therefore, soon after the formation of Telangana, its first Chief Minister Shri KCR increased the number of districts to 33. He made sure that Medical Colleges were established in every district of Telangana. Additionally, Engineering Colleges, Girijan Universities, Degree Colleges and many educational institutions were established in every district to facilitate the students. Shri KCR, the first Chief Minister of Telangana, facilitated 100 students each from Hyderabad and Khammam to prepare themselves for the UPSC examinations.

I express my sincere condolences to the bereaved families who lost their children and I also wish they recover from this tragedy soon. Sir, through you, I request the Central Government and the State Government to ensure that such tragic incidents are not repeated. Shri KCR earmarked 20 lakh rupees for students studying abroad.

Sir, through you, I once again request the Central Government to take proper measures so that such incidents do not occur again. Thank you, Sir.

4.00 P.M.

**श्री उपसभापति**: धन्यवाद, रविचंद्र वद्दीराजू जी। माननीय रामदास अठावले जी, आपके पास 3 मिनट हैं।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले)**: उपसभापति महोदय, दिल्ली में जो घटना घटी है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इसमें तीन बच्चों की मौत हुई

* English translation of the original speech delivered in Telugu.

है। अपने माँ-बाप को छोड़कर दिल्ली आए हुए जिन बच्चों की मृत्यु हुई है, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? मुझे लगता है कि,

*'दिल्ली का कैसा हो गया है हाल*
*क्या करे मुख्यमंत्री केजरीवाल।*
*केजरीवाल जी तो गए हैं जेल*
*और संजय सिंह जी लेकर आए हैं बेल।'*

महोदय, इतना करने से काम नहीं चलेगा। मुझे लगता है कि इस विषय पर राजनीति करने की आवश्यकता नहीं है। हमारे महाराष्ट्र से हर साल 5,000 से ज्यादा बच्चे इधर आते हैं, देश से लाखों की संख्या में बच्चे इधर आते हैं। महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि जो ऐसे कोचिंग सैंटर्स हैं, क्या उन कोचिंग सैंटर्स के लिए परमिशन का कोई प्रावधान रखा गया है? महोदय, कोचिंग सैंटर को परमिशन देने की आवश्यकता है। बेसमेंट में वहाँ इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहाँ पर तीन बच्चे मर गए हैं और पैंतीस लोग बच गए हैं। महोदय, अगर इसी तरह से हादसे होते रहेंगे, तो आगे हमारा क्या होगा, देश का क्या होगा, बच्चों के भविष्य का क्या होगा? महोदय, मुझे लगता है कि ऐसे कोचिंग सैंटर को परमिशन देने का प्रावधान होना चाहिए, फिर वह चाहे हमारी एचआरडी मिनिस्ट्री के माध्यम से हो या स्टेट गवर्नमेंट के माध्यम से हो। बच्चों के साथ इस तरह के हादसे होना अच्छी बात नहीं है। मैं इतना ही बताना चाहता हूं जो ड्रेनेज सिस्टम है या अचानक एकदम से पानी आता है, उसके लिए कोई सुदृढ़ व्यवस्था होनी चाहिए।

महोदय, मैं मुंबई के बांद्रा में रहता हूं, उद्धव ठाकरे जी भी रहते हैं, राउत जी वहाँ बैठे हैं, मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक बार मैं बांद्रा में जा रहा था, वहाँ पर भी इतना पानी आ गया था कि मेरी गाड़ी पानी में घूमने लगी। मेरी गाड़ी तीन महीने से गैराज खड़ी में है। उपसभापति जी, मुंबई का भी ऐसा हाल है, दिल्ली का भी ऐसा है। हमें ड्रेनेज सिस्टम को इस तरह से दुरुस्त रखना चाहिए कि अगर एकदम से अचानक बारिश आती है, तो कोई बड़ा हादसा न हो।

महोदय, हमारे महाराष्ट्र की हालत तो ऐसी है कि गाँव-गाँव में पानी घुस गया है। इसीलिए बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने पहले से ही नदियों को जोड़ने का प्रोग्राम बता दिया था, ताकि जहाँ ज्यादा पानी आए, वहाँ से वह उस तरफ चला जाए जहाँ कम पानी है और फ्लड जैसी स्थिति नहीं निर्मित होनी चाहिए। महोदय, मेरा अनुरोध है कि उस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जो घटना घटी है, मैं उसके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार को बच्चों के अभिभावकजनों को कोई नौकरी देने या आर्थिक मदद देने के लिए भी विचार करने की आवश्यकता है - मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं। मैं उन तीन बच्चों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के दुख में अपनी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की तरफ से शामिल होता हूं और इतना कहकर अपनी बात खत्म करता हूं, 'जय भीम-जय भारत '।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Hon. Member, Shri G.K. Vasan.

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, a very unfortunate incident has taken place in the capital of the country. The parents throughout the nation are very upset and

Content Page

scared to send their children outside their place. My only request through this august House is this. This unfortunate incident is an eye-opener for all the institutions for having infrastructure facilities for the students so that they can study in a calm and quiet atmosphere. The State Governments also should be involved in this and see that 100 per cent coaching institutions, whether in the city, district headquarters or smaller towns, have proper infrastructure facilities for our students who are the future of our country. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, hon. Minister to reply to the discussion.

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री (श्री मनोहर लाल)**: उपसभापति महोदय, 27 तारीख की रात्रि को जो घटना हुई, उसके ऊपर इस सदन में बहुत सी गंभीर चर्चा हुई है। यह वास्तव में बहुत दुखद घटना है और इस दुखद घटना में तीन बहुत ही होनहार छात्र अपनी जान गंवा बैठे हैं। उनके प्रति अपनी भावनाओं को मैं भी उनके परिवार की भावनाओं के साथ सम्मिल्लित करता हूँ, उन्हें अपनी ओर से श्रद्धांजलि देता हूँ। श्रेया यादव उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले से हैं। तानिया सोनी तेलंगाना से हैं। Nevin Delvin केरल से हैं। यह एक बहुत बड़ा लॉस हुआ है। This is an irreparable loss for the family and the nation. इस घटना के बारे में जानकारी मिली है। इस घटना में बचाव कार्य भी संबंधित एजेंसीज़ ने किया है और 28-29 नौजवानों की जान बचाई गई है।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

यह बहुत भयंकर घटना है। बेसमेंट पूरा पानी भर जाने के बाद, उन लोगों का एनडीआरएफ ने, दिल्ली पुलिस ने और, और भी एजेंसीज़ थीं, जिसमें एमसीडी के लोग भी रहे होंगे, बाकी सब भी होंगे, उन्होंने बचाव कार्य किया। अब इस घटना के बारे में कोई-न-कोई जिम्मेवारी तो फिक्स करनी होगी कि आखिर यह घटना हुई है, तो क्यों हुई है। घटनाएं कई प्रकार की हो जाती हैं। कुछ नेचुरल हैं। शायद उनमें जिम्मेवारी फिक्स करना बड़ा कठिन होता है। कुछ सामाजिक तौर की घटनाएं होती हैं। यहाँ कई तरह की घटनाओं की चर्चा की गई। कुछ थर्ड पार्टी के इंटरेस्ट्स होते हैं, वे लोग घटनाओं को करने में जिम्मेवार होते हैं, लेकिन कुछ ऐसी हैं, जो सरकार की व्यवस्था की कमी के कारण हो जाती हैं। मैं समझता हूँ कि जो सरकारी एजेंसीज़ होती हैं, उनकी तरफ से जो कमी रह जाती है, उसके कारण से जो घटनाएं होती हैं, उसमें से एक यह घटना है, क्योंकि जिस बेसमेंट के अंदर यह कोचिंग सेंटर चल रहा था, आखिर उसकी परमिशन किसी ने दी थी या नहीं? एमसीडी बिल्डिंग प्लान बनाती है, फायर डिपार्टमेंट उसे एनओसी देता है और अभी जानकारी मिली है कि इसी वर्ष जुलाई के महीने में ही उन्हें फायर की एनओसी दी गई थी। जब शिकायतें हुईं, उसके बाद भी उसका इंस्पेक्शन नहीं किया गया, क्योंकि वह एनओसी स्टोरेज पर्पस के लिए दी गई है और बाद में वहाँ पर कोचिंग सेंटर चलता है, तो अनुमान लगाने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए कि कभी भी इस प्रकार के स्थान पर ऐसे कोचिंग सेंटर में इस प्रकार

Content Page

की कोई घटना हो सकती है। इससे पहले भी पिछले साल इसी प्रकार की घटना मुखर्जी नगर में ही हुई थी। मुखर्जी नगर घटना का केस कोर्ट में गया था। कोर्ट ने एजेंसीज़ को, खास करके एमसीडी को यह निर्देश दिए थे कि जितने भी फायर सेफ्टी नॉर्म्स हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, जहाँ-जहाँ इस प्रकार के संस्थान हैं, उनके सेफ्टी मेज़र्स को ध्यान में रखते हुए, इन सबका एक सर्वे कराया जाए और सर्वे करा करके, उनके लिए कोई न कोई प्रावधान किए जाएं। 1,120 ऐसे संस्थान हैं, इसके बाद जिन्हें नोटिसेज़ इश्यू किए गए। ये नोटिसेज़ 2023 में इश्यू किए गए, लेकिन दुख की बात यह है कि उस नोटिस देने की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद आगे उसके ऊपर कोई एक्शन नहीं हुआ। अगर समय पर ये सब एक्शन ले लिए जाते, पहचान कर ली गई है कि ऐसे स्थानों पर नोटिस देने के बाद वहाँ कोई कार्रवाई कर दी जाए, तो शायद इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सकता था। मैं समझता हूँ कि यह सरासर लापरवाही है। जो एजेंसीज़ इसकी जिम्मेदार हैं, या तो वह एमसीडी है, या फिर दिल्ली सरकार है, क्योंकि मुख्य रूप से दिल्ली सरकार को इस प्रकार के सारे ड्रेंस, नाले साफ करने की पहल करनी चाहिए। वर्षा शुरू होने से पहले ये सारे काम पूरे होने चाहिए। चूँकि मैं हरियाणा में मुख्य मंत्री रहा हूँ। हमने नौ वर्ष तक यह काम किया है। हम वर्षा शुरू होने से पहले दो बार मीटिंग करते हैं — एक बार जनवरी में, एक बार मई में। जनवरी में सारे काम आइडेंटिफाई कर लिए जाते हैं कि इन्हें किस-किस को ठीक करना है और मई में उनका रिव्यू लिया जाता है कि वे सब ठीक हुए कि नहीं। अगर कोई कमी है, तो अभी भी हमारे पास महीने भर का समय है, उसे ठीक कर लिया जाए। यह नाला, जिसके बारे में चर्चा हो रही है, यह 40 वर्ष पुराना है। इसकी गहराई भी कई फुट बताई गई है। शायद 15 से 20 फुट इसकी गहराई होगी। यह दिल्ली शहर के बीचोंबीच का नाला है। यह नाला गुरुनानक मार्केट, देशबंधु गुप्ता रोड और फिर न्यू रोहतक रोड होते हुए सराय रोहिल्ला, शास्त्री नगर होकर सीधा नजफगढ़ ड्रेन में जाता है। बीचोंबीच पूरे शहर का मलबा या इस प्रकार का पानी, स्टॉर्म वाटर ये सब ले जाने के लिए उसमें है, लेकिन दिल्ली सरकार की लापरवाही किस प्रकार की है, इस संबंध में मैं नजफगढ़ ड्रेन की एक घटना का उल्लेख करता हूं। इसको इससे जोड़ना या नहीं जोड़ना, यह आप लोग निर्णय कर सकते हैं। गुरुग्राम में एक नजफगढ़ झील है और उस झील का पानी वहां इसलिए इकट्ठा हो जाता है कि जो नजफगढ़ ड्रेन है, नजफगढ़ एरिया के आने के बाद उसकी सफाई ही नहीं की जाती। दिल्ली यह सोचती है कि वहां सफाई करने का हमें क्या लाभ है। अगर डूबेगा तो हरियाणा डूबेगा या गुरुग्राम डूबेगा। गुरुग्राम का वर्षा के दिनों में तीन हज़ार एकड़ पानी वहां फैल जाता है। मैंने उस समय दिल्ली सरकार के लोगों से बहुत रिक्वेस्ट की कि नजफगढ़ ड्रेन की सफाई कराई जाए। एक साल उसमें कोई काम नहीं किया गया। अंततोगत्वा मुझे केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट और एलजी साहब को भी यह निवेदन करना पड़ा कि इसका कुछ करिए, हमारा गुरुग्राम डूब रहा है। ककरौला से आगे यमुना नदी तक इस नजफगढ़ ड्रेन का पांच मीटर का स्लोप है और उस पांच मीटर के स्लोप में पूरी गाद भरी हुई थी और आखिर में जब केंद्रीय सरकार की सहायता से एक ज्वाइंट कमेटी बनी, तो बीस हज़ार टन मलबा उसमें से निकलवाया गया। हमने ज्वाइंट एफर्ट तक किया। अगर कोई काम करने के लिए ठान लिया जाए, तो वह काम हो जाता है।

दिल्ली सरकार इन चीज़ों पर लापरवाही बरतती है और उस लापरवाही के कारण दिल्ली पूरी * बनी हुई है। यह तो दिल्ली का सब तरफ ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** माननीय मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री मनोहर लाल**: दिल्ली * जैसी बनी हुई है... (**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** माननीय मंत्री जी ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय सिंहः** सर, यह शब्द ...(**व्यवधान**)...

**श्री मनोहर लाल**: चलिए ठीक है, मैं शब्द वापिस लेता हूं।

**श्री सभापतिः** माननीय मंत्री जी, इन्होंने भी कहा ...(**व्यवधान**)...

**श्री मनोहर लाल**: रहने लायक फैसिलिटीज़ होनी चाहिए। आखिर इसको सिविल अमेनिटीज़ कहते हैं। सिविल अमेनिटीज़ का मतलब है कि नागरिकों के लिए रहने की कैसी सुविधा हो, यह काम सरकारों का है और सरकारों के ये काम बंटे हुए हैं।

**श्री सभापतिः** मंत्री जी, एक सेकंड। एक बड़ी विचित्र बात है कि अंग्रेजी में यदि उसी शब्द का उपयोग करें, तो वह पार्लियामेंटरी है और हिन्दी में करें, तो अनपार्लियामेंटरी है।

**श्री संजय सिंहः** सर, आप ही डिसाइड करें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** यह मैंने किया था। ...(**व्यवधान**)... यह भाव से होता है।

**श्री मनोहर लालः** कुल मिलाकर जिम्मेदारी जैसा मैंने बताया कि बिल्डिंग प्लान की परमिशन एमसीडी द्वारा दी जाती है। फायर का एनओसी फायर डिपार्टमेंट द्वारा दिया जाता है, जो कि दिल्ली सरकार का एक हिस्सा है। यह जो सारी लापरवाही हुई है, इसको जरूर फिक्स-अप करना चाहिए कि किसकी जिम्मेवारी है, किसकी लापरवाही है। इसमें जो एफआईआर हुई, उसमें और भी जो संबंधित डिपार्टमेंट्स हैं या जो लोग हैं, जिनके नाम उसमें और जोड़े जा सकते हैं, उनको जोड़ना चाहिए।

मैं तो यही कहूंगा कि इस प्रकार के कृत्य और कहीं न हों, ऐसी लापरवाही और कहीं न हो और लोगों का जीवन कैसे सुरक्षित रहे, इसके लिए मैं कुछ सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करूंगा। भले ही उत्तर मैं दे रहा हूं, लेकिन इसमें एक ही बात बताऊंगा कि हमारा हाउसिंग और

* Withdrawn by the hon'ble Minister.

अर्बन अफेयर्स का जो विभाग है, इसमें केंद्र सरकार के प्रति हमारा कोई ऐसा काम नहीं है, हम तो केवल उसका ड्राफ्ट प्लान बनाते हैं। वह बनाकर दिया हुआ है कि कहां पर क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उसके बाद आगे बिल्डिंग बनाने का सारा काम एमसीडी और दिल्ली सरकार का होता है। उन्हें इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

मेरे इसमें कुछ सुझाव ये हैं कि केवल बिल्डिंग प्लान बनाकर न छोड़ दिया जाए, बल्कि समय-समय पर उसकी जांच भी करनी चाहिए कि हमने जो परमिशन दी है, क्या वह बिल्डिंग या फायर डिपार्टमेंट की ओर से परमिशन दी गई है, उसकी जांच करके कि क्या वे चीज़ें चल रही हैं या नहीं चल रही हैं! आखिर 9 जुलाई को फायर डिपार्टमेंट की ओर से यह परमिशन दी गई है, तो 9 जुलाई को फायर डिपार्टमेंट ने inspection तो किया ही होगा। हो सकता है कि उस दिन कोचिंग सेंटर बंद किया हो, तो भी आगे पीछे कुछ तो देखा होगा। फिर उसके बाद यह भी बताया गया कि उसकी शिकायत भी गई है। वहां पर पार्षद को शिकायत की गई, एमसीडी को शिकायत की गई कि वहां पर कोचिंग सेंटर्स चल रहे हैं। उसके बाद भी उसका कोई निरीक्षण नहीं किया गया। इस प्रकार के निरीक्षण की एक पद्धति बनानी चाहिए। सरकार न कर सके, तो रेगुलर थर्ड पार्टी असेसमेंट का कोई mechanism बनाना चाहिए, ताकि समय-समय पर ऐसा निरीक्षण हो सके और इस प्रकार की घटनाओं को बचाया जा सके। इसी प्रकार disaster की ऐसी ट्रेनिंग भी जरूर होनी चाहिए। घटनाएं, दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन disaster management भी मजबूत होना चाहिए। जैसे बाकी छात्रों के जीवन को बचा लिया गया - हमारा disaster management का सिस्टम थोड़ा सा और मजबूत होता, जो दिल्ली प्रदेश का भी होता है, सेंटर का भी होता है। इसमें सभी और मजबूती से काम करें। खास कर जहाँ कोई कमी पाई जाती है, अगर उसको रद्द भी करना पड़े, तो करें। पता लग रहा है कि जिस भवन में वह कोचिंग सेंटर चल रहा है, वहाँ जो नाला है, वह नाला उस particular स्थान के ऊपर bowl type है। वह नीचे से इतना गहरा है कि वहाँ पानी आकर रुकता ही रुकता है। जब वह पानी रुकता है, तो उसका flow थोड़ा धीमा होता है और खास कर जब traffic चलता है, मैंने भी राजेन्द्र नगर में कई बार ऐसा देखा है कि वर्षा के दिनों में ओल्ड राजेन्द्र नगर में दो-दो फीट पानी हो ही जाता है, वहाँ वाहन चलते समय उसकी जो उछाल आती है, उसके कारण से यह स्वाभाविक है। बेसमेंट का रास्ता भी इतना कम है कि अगर कोई दुर्घटना होती है, तो दूसरा कोई रास्ता ही नहीं है। उसी रास्ते से पानी आ रहा है और उसी रास्ते से विद्यार्थियों को बाहर निकलना है। इस प्रकार के सिस्टम को जरूर चेक करना चाहिए। इस प्रकार के विषयों को लेकर समय-समय पर mock drill भी करानी चाहिए, ताकि कभी कोई दुर्घटना हो जाए, तो उसका बचाव कैसे हो, यह पता चले। सामान्यतया ये जो चीजें हैं, अगर हमारी सरकारें इसके ऊपर काम करेंगी, तो मैं निश्चित रूप से कह सकता हूँ कि आगे इन घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सकता है। सदन में इस प्रकार की जो चर्चा हुई, उसके लिए मैं सदन के सभी सदस्यों का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ, ताकि आगे इस प्रकार की समस्या न आए।

---

## *GENERAL DISCUSSION

### #The Union Budget, 2024-25
&
### #The Budget of Union Territory of Jammu and Kashmir, 2024-25

MR. CHAIRMAN: Further discussion on the Union Budget, 2024-25 and the Budget of Union Territory of Jammu and Kashmir, 2024-25. I now call upon Members whose names have been received for participation in the discussion. Shri H.D. Devegowda.

SHRI H.D. DEVEGOWDA (Karnataka): Respected Chairman, Sir, I would like to express my sincere thanks that you have given me an opportunity to speak on the Union Budget. This Budget presented by Shrimati Nirmala Sitharaman is the seventh Budget under the leadership of Narendra Modi*ji*. In my humble opinion, this is an NDA Budget and not the BJP Budget. In 2014, when Dr. Manmohan Singh lost, Narendra Modi*ji* came. He got majority on his own. There was a big clash between me and Narendra Modi*ji* in election campaign. "If you get the majority, I would resign." Why did I mention this? Today, this is a coalition Government headed by Narendra Modi*ji* and Shrimati Nirmala Sitharaman has presented this Budget. I welcome and not only welcome, I wholeheartedly support this Budget. I am at the age of 92. I came to Parliament in 1991. With your kind permission, I requested you. Whether I may speak in the next Budget, I do not know. Let me be honest. I have made a request to your goodself and also to the leader, Nadda*ji* to spare some time as I am one member in NDA.

Sir, let me be honest, when the House deliberated on the issue of this unhappy incident as to what had happened in coaching centres, I share my sorrow for the bereaved families. I was not here. As far as the education system itself is concerned, they have a lot to discuss. I have got some experience in life. I don't want to deviate my issue from the Budget as to what had happened in the coaching centres and how people have suffered here in Delhi. It is not only the water stagnation but also how exploitation is done by the so-called coaching centres. I am going to deal with two aspects. One is, agriculture and the other is, unemployment. I must express my sincere thanks to the hon. Prime Minister selecting a person who has got some commitment in agriculture. I know when I was in the Standing Committee on

---

* Further discussion continued from 28.07.2024.

# Discussed together.

Content Page

Agriculture, I tried to go in depth about how best in Madhya Pradesh they have done to the farming community. With facts and figures, I can convince this House. Today, the team that has been selected by the hon. Prime Minister, I don't want to just praise the Prime Minister, but he has selected some of the best team so far as his team is concerned on various subjects. Today, the Leader of the Rajya Sabha is also a Minister and well-experienced so far as medical education is concerned.

Sir, Gujarat was ruled for ten years by Modi *Saheb* with Shah*ji* as the Home Minister and how best Gujarat was developed from all angles. I had gone to Gujarat as one of the Committee Members of the Assembly in 1964. I had seen as to what they had done and what is now the development of Gujarat as compared to other States. If you see, it is one of the marvellous developments that has taken place in Gujarat. Today, we have the coalition Government. He has to satisfy all the coalition partners. There are two groups which fought the elections. One is NDA and the other is I.N.D.I.A. headed by Kharge*ji*, Rahul Gandhi*ji* and our Madam, I don't want to say anything beyond that, Sonia Gandhi*ji*. Yes, on the other day, when I raised a small issue pertaining to an unhappy incident that had taken place in Hiriyur, some of my friends and colleagues became angry. It is not a question of criticizing. What has happened, I just brought to the notice of the House. I have not mentioned name of the individuals or used any unparliamentary language. Today, when Modi*ji* is heading a coalition, he is satisfying all those people who are in the NDA bloc. Now let me be very plain. Sir, he might have considered to give certain benefits to Bihar and Andhra Pradesh. I welcome it. I wholeheartedly welcome it whatever may be our political differences. Chandrababu Naidu was with me. He was one of the persons responsible to make me as the Prime Minister with the support of Congress. I do not deny that. I wholeheartedly welcome it. On that day, I was not prepared to accept the responsibility of the post of the Prime Minister. Digvijaya Singh*ji* is sitting here. He knows me. I was not prepared to accept; how this happened and how I was forced to accept. Sir, I took the responsibility. Vajpayee*ji* was the Leader of the Opposition. For ten months and twenty days, there was not a single day when there was any disturbance either in this House or the other House. Sir, I must remember those days. I was not an experienced leader; even then, how things were run in those days. But today, if I mention only not to criticize, Babu wanted the Speaker post. Last time also, during Mr. Vajpayee's period, the Speaker post was given to the TDP. But today, the Prime Minister has not brought down his authority. He has taken the decision and nobody again persuaded. The Speaker post was taken by the BJP in Lok Sabha. I am very happy. Why I am telling this is, Babu cooperated. He has never grudged. He has also cooperated. This is how today, the NDA, all the team, who are

all with him, 293, 300-odd Members, have all come together. To satisfy, everybody is accommodated. That is the maturity he has shown, maturity, having run Gujarat for ten years. Only Amit Shah and Modi *saheb*, two members who hail from Gujarat, who brought Gujarat today as one of the marvelous States. Yes, we do expect as the Member of the NDA, if I say something about Karnataka, nobody should feel hurt. At the same time, our strength in Karnataka is only two Members. Let us be honest. I do not want to say anything beyond that. But, even then, you have provided a Cabinet Berth to Karnataka, to JDS. I must congratulate the hon. Prime Minister for having taken such a decision to consider the former Chief Minister of Karnataka, Shri Kumaraswamy as one of the senior Cabinet Minister.

Sir, now I am coming to the point about the agriculture. I only deal with these two subjects with the permission of all the colleagues, senior leaders. I am a farmer. They are also farmers. I am not going to say, I am not going to take the credit. I am not the only farmer. All the leaders, Members, colleagues sitting on both sides are coming from the farming community. They have got high regards and respect. Sir, farming community is one of the communities which was exploited since some last five, six decades. They are poor people. They are subjected to exploitation by various aspects. I can quote several instances. Sir, when I came to Parliament in 1991, at that time, the workforce was nearly 68 per cent from the farming community. Today, it has brought been down to a mere 40 per cent. During Narasimha Rao*ji* and Manmohan Singh*ji*'s period, when the economic reforms took place, liberalization and several measures were taken. On account of that, several developments had taken place. Due to that, the workforce in the agriculture sector has come down today to a 40 per cent. Now, in the present Budget, just I would like to highlight some of the points, which have been narrated. The Budget has all ingredients to transform society into disciplined, scientific, healthy, skilled and productive society. The four drivers of our economy are poor, young, human, and farmer. The Budget has clearly laid down the intervention to establish an innovative ecosystem where above four drivers will derive the economic benefit with the expected speed. As agriculture is dearer to my heart as also providing gainful employment to the needy people of the country, the Budget 2024 should focus on productivity and resilience in agriculture; major focus is on research and innovation to enhance productivity in agriculture and allied sectors. Then, raising productivity; climate resilience varieties and 109 varieties covering 32 crops - National level conference held to identify 32 crops of national importance covering cereals, pulses, oilseeds, fruits, vegetables and plantation crops based on their impact on nutritional security, resource conservation and market potential; and identification of region-wise institutes in public and private sector.

Then comes, natural farming, eco-friendly, cost-effective and sustainable agriculture. Certification to over one crore farmers over the next two years. There should be implementation through 731 KVKs and FPOs across the country. There should be identification of leading national level agency (eg. NCOF in Ghaziabad) and identification and accreditation of certification bodies.

Sir, then there is branding- national level accepted standards should be there. There are 10,000 bio-input resource centres. In bio-input resource centres, there should be provisions for capacity building, content development and identification of resource institutions, investment support for establishing bio-input resources centres. Then there is brand development, registration support, brand endorsement as Bharath brand and promotion.

Sir, regarding production, storage and marketing of pulses and oil seeds - development of supply chain with focus on value addition and processing, storage infrastructure and marketing by involving farmers' organisations. Sir, regarding vegetable production; vegetable varieties resistant to pest and diseases, the Horticulture Cluster Development Programme implemented by NHB may be strengthened with focus on IPM. Sir, then for farmers organisations and start ups for vegetable supply chains, coverage to be made comprehensive by including farmers organisations and start ups, promoting farmers market for shortening the supply chain. Sir, there should be provisions to reduce post-harvest losses also. Regarding shrimp production and export-breeding and finance for processing and exports through NABARD, there should be provisions for financial support for input preparation and making available to farmers at subsidised rates. They should be provided with export support in terms of packaging, processing, laboratory testing equipment and quality management.

Sir, focus is also required in the following areas: fruit production and supply chain. The post harvest losses are equally observed in fruit crops also. According to the recent estimates, more than 90 per cent of the tamarind which is growing in large scale in Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Jharkhand and also in other States in the country is going unharvested. Sir, then plantation crops, supply chain and value addition processing for all the farm produces is essential. The annual post harvest losses in India according to General Agriculture Data-2024 is Rs. 94,000 crores. Hence, value addition process to be given top most priority for all farm producers to improve the economy of farmers to create more employment opportunities and minimum wastage. Sir, so far as agriculture is concerned, there are several issues which I can discuss with the hon. Finance Minister by taking some time, so far as employment is concerned. India is expected to become the third-largest economy in

the world with GDP of Five trillion dollars in the next three years and touch Seven trillion dollars by 2030 and the back of continued reforms, the Finance Ministry said this on January, 29th.

Sir, in this respect, I will make certain mentions. I hope and trust hon. Finance Minister will take note of these points and, while replying, reply to some of the points which I have raised.

Sir, first is, employment-linked incentives. Budget is a vision to create huge employment opportunities, both in rural and urban areas by need-based skilling. Under Scheme 'A', one month wages to new entrants to all formal sectors in three instalments up to Rs. 15,000 will be given and is expected to benefit 210 lakh youth. Scheme 'B' is linked to first time employees. Incentives to both employees and employer with respect to their EPFO contribution in the specified scale for the first four years. It is expected to benefit 30 lakh youth. Scheme 'C' is relating to support to employers. The Government will reimburse EFPO contributions of employees up to Rs. 3,000 per month for 2 years for all new heirs. It is expected to generate 5 lakh jobs.

Sir, under Skilling Programme, 20 lakh youth will be skilled over a 5-year period. Sir, 1,000 Industrial Training Institutes will be upgraded in a hub and spoke arrangements with outcome orientation. Course content and design aligned to the skill needs of industry. Sir, there are so many points. The time has come. Dr. Manmohan Singh had brought the economic reforms. We have to make a change. The change is: The Government has worked on the idea of disinvestment for some decades. But, now, the time may have come to reinvest, instead of only disinvestment, and develop the new model of development and job creation. The private sector should be encouraged to do its job. But, there is adequate scope for the public and private to develop the new professional realignment by sharing of resources and management capabilities to create new products, a new model of growth for India and generate employment. This may boost our ability to be a global manufacturing power in a shorter period of time. The public sector has always offered job dignity. When agricultural jobs are being increasingly replaced by jobs in urban service industry, the manufacturing sector can create dignity for someone who is giving up agricultural jobs. In job creation, we cannot forget our social complexities. When a small farmer comes to a city to fill up Group 'D' job, we have to understand what passes through his mind. We have to ensure that his dignity, independence and pride are not harmed.

Sir, some of these points I am making, through you, to the hon. Finance Minister — hon. Leader of the House is here — might have been noted.

Content Page

Sir, we have to change. Disinvestment has created a lot of problems. I don't want to quote some of the issues. In our period, our friends are here, many profit-making industries were designated as *'navratana'*. Those days have gone. Now, reinvestment is one of the major issues, which our hon. Prime Minister has to think of to see that some respectable jobs are provided to the rural masses.

Lastly, I would like to make a humble appeal through you. I am not going to hurt anybody. Like our friends, yes, I became the Prime Minister with the support of 13 political parties, supported by Congress. I do agree. There is nothing to hide. Shrimati Sonia Gandhi was there. At present, she is not in the House. Kharge*ji* is the Leader of the Opposition. I know my relationship with him. I have to make one point about the problem of drinking water in the city of Bengaluru. I am not going to criticize the Judiciary; I am not going to criticise the tribunal; I am not going to criticise anybody. Sir, the hon. Prime Minister knows this problem. Madam Finance Minister comes from my home State to Rajya Sabha. Today, it is a metropolitan city. My friend, Thambidurai, is sitting at the back. He knows, when the Tribunal gave the award in 1991, the population of Bengaluru was 80 lakhs. Today, it is 1.34 crores. Mr. Chairman, Sir, you have a huge experience of life. Availability of drinking water is a fundamental right. The people of Bengaluru are suffering. To bring it to the notice of the House, there was an order on July 10$^{th}$, from 12$^{th}$ to 31$^{st}$, 19 TMC water must be released. There was abundant rainfall, more than one thousand cusecs per day. It has gone to sea. The Rain God helped. Almost all the rivers, not only in Karnataka, Maharashtra, even in the Northern States, so much damage has happened. I have got a little experience. It is only in three out of 10 years that there is problem. That has been calculated by all our engineers since the last 200 years. Now, today, if Rain God had not helped, Karnataka could have disobeyed the so-called order issued by the authorities.

MR. CHAIRMAN: Point well taken, Sir.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Sir, I am not going to blame anybody. Only the Rain God helped.

MR. CHAIRMAN: Divine intervention.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Under such circumstances, what we should do, Sir? Tell us, Sir.

SHRI G.K. VASAN (Taml Nadu): Sir, distress sharing also..

MR. CHAIRMAN: Mr. Vasan, please sit down.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: With your permission, Sir, I will conclude. I am not referring to your so-called Cauvery — a dispute you people have been fighting for 200 years. Let us discuss that later on. The hon. Prime Minister knows this. I would like to tell very frankly, today, — 10 members have been elected from NDA — the entire Cauvery basin has problem. They are facing water problem and drinking water is a big problem. In about 9 districts in Old Mysore, 27 taluks, and Bangalore, a metropolitan city, we are suffering.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Sir.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Knowing fully well, the people today have supported NDA because of this. Please understand the problem of the Old Mysore, how people are suffering. The BJP Government headed by Mr. Bommai recommended for Upper Bhadra Project.

MR. CHAIRMAN: Thank you.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: It has been accepted by the Union Government. The Upper Bhadra project should be cleared. The drinking water problem of Old Mysore, Karnataka, should be solved. Lastly, I would like to say that I am a small farmer. Nobody recognises me. Whenever they talk, in the last 40 years, I have seen nobody recognizes me. I have done something to this country, a little bit. Sir, we all know Sunder Lal Bahuguna; Rs.10,000/- crores were given by the World Bank for Tehri Dam. It had come to a grinding halt. I cleared the project. Narmada Project, I cleared it. Sir, one author Shri Sugata Srinivasaraju and his wife have written a book. I have circulated all the books in the last Parliament, to all the 850 Members, thorough in their field. Shri Jairam Ramesh has appreciated that book. Why I am saying this because I have done something to the nation.

MR. CHAIRMAN: Sir, we are sure, undoubtedly, we will have the benefit.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: As a farmer, whether I may address the next Budget, I do not know, but I must congratulate the Prime Minister for the Prime Ministers' Museum

which has been established in Delhi where a small farmer like Shri H.D. Devegowda is also one person. I have not seen that Prime Minister Museum but I have come to know that it has been very well done, and I thank the hon. Prime Minister for such a large-hearted decision which he has taken. I express my gratitude to the hon. Prime Minister, Narendra Modiji, for having done that contribution.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Sir.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: Thank you very much. Thank you very much for having given me this opportunity to speak today.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I will be a little anecdotal. A young doctor, around 30 years of age, had gone to look up someone who was in 90s like our former Prime Minister, Shri H.D. Devegowda. So, the young doctor was worried. He said, 'Hope to see you next Christmas', and the man in 90s said, 'Well, you look very healthy. There is no reason about it.'

Sir, we will see you for many more Budget speeches, and the House is privileged. Sometimes, we have to have patience because experience and age so demand both in the family, both in the society and in Parliament. We look forward to many more addresses, Sir, and I have particularly noticed five innovative points given by you, very critical points. I am sure; we will bear that in mind. Shri Rajeev Shukla.

**श्री जयराम रमेश** (कर्नाटक): सर, इन्हें भी आधा घंटा दीजिए।

**श्री सभापतिः** जयराम जी, ऐसा है... ...(**व्यवधान**)... भारतीय जनता पार्टी के... ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजीव शुक्ला** (छत्तीसगढ़): सर, अब मेरा टाइम जुड़ जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Rajeevji let me clarify. *Bhartiya Janata Party* had more than four hours, and Leader of the House indicated before all of you, time may be taken. And, sometimes, out of deference, we do not intervene or interrupt; and I am grateful to the House for living up to very high standards. Shri Rajeev Shukla; fifteen minutes.

**श्री राजीव शुक्लाः** सर, बताइए 15 मिनट में कैसे काम चलेगा?

**श्री सभापतिः** पार्टी का टाइम है।

**श्री राजीव शुक्लाः** मैं तो देवेगौड़ा जी का पुराना शिष्य हूँ। मुझे तो 15 मिनट एक्स्ट्रा दे दीजिए।

MR. CHAIRMAN: When you will be at the age of 92, I will not look at the watch. ...*(Interruptions)*... Have my assurance, wherever I may be.

**श्री राजीव शुक्लाः** सर, सबसे पहले तो मैं निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने सातवाँ बजट पेश किया है। इस सरकार में इतने लंबे समय तक एक मंत्रालय में रहना बड़ा मुश्किल काम है और इसमें उन्होंने सफलता हासिल की है, इसलिए वे बहुत-बहुत बधाई की पात्र हैं।

**श्री सभापतिः** राजीव जी, पूरी बधाई दीजिए। वे पहली वित्त मंत्री हैं, जिन्होंने यह माइलस्टोन अचीव किया है। And she is the first full-time Finance Minister, woman Finance Minister of the country.

SHRI JAIRAM RAMESH: Shrimati Indira Gandhi was first. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I said, first full-time. ...*(Interruptions)*... I would urge Shri Jairam Ramesh ...

SHRI JAIRAM RAMESH: *

MR. CHAIRMAN: Who said so? ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: * ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: What is this? ...*(Interruptions)*... No, you are getting this. My very good friend, Mr. Chidambaram, is not here. He called all of us as part-timers. He called all of us as part-timers. No one here is a part-timer, and we have enormous respect for Indiraji. None in the House ... ...*(Interruptions)*... Don't create controversy. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: * ...*(Interruptions)*...

---

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. *...(Interruptions)...* Don't create controversy. ...(Interruptions).. Don't create controversy about our leaders. *...(Interruptions)...* We value each and every leader, sitting this House and that side. They are highly respected. ...(Interruptions).. Every time to create a controversy is not ... *...(Interruptions)...* I think, we must get over it. Mr. Rajeev Shukla.

5.00 P.M.

**श्री राजीव शुक्ला**: सर, जब बजट पर भाषण दिया जाता है, तो हमेशा से एक परंपरा रही है कि चाहे सत्ता पक्ष हो, चाहे विपक्ष हो, वे अपने सुझाव देते रहे हैं। पहले तो यह था कि सत्ता पक्ष में जो लोग बैठे होते थे, वे भी बजट की कुछ कमियां हैं, तो उसकी आलोचना करते थे और न तो वित्त मंत्री और न ही सरकार किसी को बुरा नहीं लगता था। अभी तो ऐसा है कि जरा भी कोई कुछ बोल दे, तो हंगामा हो जाता है और उधर जरा सा कुछ हो, तो सिर्फ ताली बजाने के अलावा कुछ नहीं है। बिना यह अनुभव किए हुए, एक पुराना शेर है -

*"वो ताज़ा-दम हैं नए शो'बदे दिखाते हुए*
*आवाम थकने लगा तालियाँ बजाते हुए।"*

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

आप भले बजाएं, लेकिन आवाम थक गया ताली बजाते-बजाते और सुन-सुनकर। वह मुश्किल से इस बजट में भी परिलक्षित हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... नीरज भाई, तुम तो मत बोलो, तुम तो पुराने दोस्त हो। ...(**व्यवधान**)... जब आगे नॉमिनेशन होगा, तो हम भी साथ सिफारिश करने चलेंगे। ...(**व्यवधान**)... सबका साथ, सबका विकास - इस बजट में लग रहा है कि कुछ का साथ और कुछ का विकास। अगर आप यहां से कन्याकुमारी की एक ट्रेन लें, तो ऐसा कोई राज्य रास्ते में नहीं पड़ेगा, जिसमें कोई नया प्रोजेक्ट इस बजट से लगाया जा सके। सब कुछ खाली है। यहां एक बात ज्यादातर विपक्ष के वक्ताओं ने कही है, उससे हम सहमत नहीं हैं कि सब कुछ बिहार को दे दिया और सब कुछ आंध्र प्रदेश को दे दिया। आंध्र प्रदेश और बिहार वाले रो रहे हैं कि कुछ नहीं मिला है। मेरी उनके एमपीज़ से बात हुई, मैं उनका नाम नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि कुछ नहीं मिला है। सिर्फ अमरावती राजधानी के लिए कुछ दे दिया, जो कि देना ही था। कोई भी सरकार होती, तो राजधानी को इतना पैसा देती है। बाकी चन्द्रबाबू नायडू जी को कुछ नहीं दिया गया। बिहार में एक पावर प्लांट और एक सड़क दी गई। मैंने यह भी सुना है कि जो अमरावती वाला दिया है, उसमें भी कहा है कि हम विश्व बैंक से फाइनेंस करा देंगे। उसमें स्टेट को अपना शेयर देना पड़ेगा। मैं निर्मला जी से एक्चुअली स्पष्टीकरण चाहूंगा कि जो उन्होंने आंध्र प्रदेश को दिया है, वह क्या है - क्या डायरेक्ट उन्होंने मदद दी है या विश्व बैंक के जरिए दिया है? दूसरी चीज़ यह है कि बिहार में भी जो दिया है, वह पैसा किस मद में दिया जाए, क्योंकि उनकी ओरिजनल जो मांग थी - वह यह थी कि हमें स्पेशल स्टेटस, विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए, क्योंकि मैं योजना मंत्री

था, तो हर बार बिहार से विशेष राज्य के दर्जे की मांग आती थी। नीतीश जी बार-बार इस बात को बोलते थे, तो न उनको विशेष राज्य का दर्जा दिया गया और न चन्द्रबाबू नायडू जी जो चाहते थे, वह उनको दिया गया। उनको भी कुछ नहीं मिला है। एक्चुअली यह बजट ऐसा है, जिसमें ऐसा पहली बार है कि किसी को कुछ मिला ही नहीं है।

अब मैं बारी-बारी से शुरू करूंगा कि पहले किसको नहीं मिला। देवेगौड़ा जी ने जो कहा मैं उससे सहमत नहीं हूं। कृषि मंत्रालय की बात करते हैं। आज की तारीख में सबसे ज्यादा किसान परेशान है। अगर आप कृषि विभाग की बात करें, तो कृषि विकास दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है। उसको जो एलोकेशन हुआ है, पैसा दिया गया है, वह 3.15 प्रतिशत है, जबकि वह पहले इससे 1 प्रतिशत और ज्यादा 4.5 प्रतिशत था। उसका एलोकेशन 3.15 परसेंट रह गया है। उन्होंने कृषि में यह क्यों घटाया है, यह मेरी समझ में नहीं आया। इसके बाद फर्टिलाइज़र सब्सिडी, जो किसान को खाद की सब्सिडी दी जाती थी, सहायता दी जाती थी, उसको भी 1 लाख, 88 करोड़ से घटाकर 1 लाख, 64 करोड़ कर दिया गया। फूड सब्सिडी भी कम कर दी गई है, तो जो किसान - जिसे आप कहते हैं कि हम किसान के लिए कर रहे हैं, किसान भगवान है, यहां शिवराज जी बैठे थे, तो भगवान का प्रसाद ही आधा काट लिया। मंदिर में जो प्रसाद चढ़ता था, वही आधा काट लिया और कह रहे हैं कि किसान भगवान है! किसान के साथ जो यह अन्याय किया है, भगवान करे कि ऐसा अन्याय किसानों के साथ कोई और सरकार न करे!

दूसरी चीज़ यह है कि रेल बजट की परंपरा खत्म हो गई। रेलवे भी आम जनता से जुड़ा हुआ है। क्या मजा आता था, जब रेल बजट पेश होता था! पहले से एमपी तैयार हो जाते थे, सब अपनी-अपनी मांग उठाते थे। कोई रेल लाइन मांगता था, कोई नई ट्रेन मांगता था, कोई कुछ कहता था, कोई कुछ कहता था। रेल बजट एक उत्सव जैसा होता था। वह सारा खत्म करके आपने इसके अंदर डाल दिया। इसमें रेल बजट की क्या भूमिका रह गई! वह बजट डेढ़ घंटे पढ़ा जाता था। इसमें डेढ़ बार रेल का नाम भी नहीं लिया गया। सिर्फ एक बार रेलवे का नाम लिया गया। इसका मतलब है कि बजट में रेलवे का कोई स्थान ही नहीं है। रेलवे की पूरी तरह से उपेक्षा है। अगर आप इन्फ्लेशन के हिसाब से देखें, दूसरी चीज़ों के हिसाब से देखें या जो वायदा किया गया था, जितने प्रतिशत उसका बजट बढ़ाना चाहिए था उतना नहीं बढ़ाया, बल्कि सिर्फ पांच प्रतिशत बढ़ाया गया है। उससे कोई नई सुविधाएं क्रिएट नहीं हो सकती हैं। अगर रेलवे की स्थिति देखी जाए, तो वह बहुत बुरी हालत में है और उसके लिए कोई प्रयत्न नहीं किए जा रहे हैं। मैं जान-बूझ कर रेलवे पर emphasis दे रहा हूँ, क्योंकि और विषयों पर हमारे बहुत से लोगों ने बोला है। अगर आप देखें, तो जो poor infrastructure और maintenance के ऊपर CAG की रिपोर्ट है, उस हिसाब से आपने इसमें कहीं कोई प्रावधान नहीं किए हैं। Financial performance इसीलिए गिरती जा रही है। इस रिपोर्ट ने कहा था कि 2023 के बजट में पैसेंजर में 68,269 करोड़ का घाटा था। उसमें वादा किया गया था कि हम freight के जरिए इसे पूरा करेंगे, लेकिन आज freight के लिए भी जो freight journey के train operations हैं, उनके जरिए भी कुछ नहीं किया जा रहा है, बल्कि उसकी स्पीड slow है। यह 50-51 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई है, जो कि मिशन रफ्तार का जो नारा दिया गया था, उसके हिसाब से कुछ भी नहीं है। वंदे भारत के अलावा और बाकी ट्रेन्स का बुरा हाल है, उनकी स्पीड बहुत नीचे है।

दूसरा, कवच सिस्टम को लेकर भी बहुत ज्यादा कहा गया था। कवच सिस्टम सिर्फ 1,465 किलोमीटर ट्रैक पर ही है, बाकी देश में कहीं कवच सिस्टम नहीं है। इसलिए आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। मैं सरकार से अपील करूँगा, अनुरोध करूँगा कि कम से कम इसमें 3 हजार किलोमीटर तक कवच सिस्टम लागू किया जाए और इसको आगे और बढ़ाया जाए, ताकि दुर्घटनाएँ न हों। आम लोग इससे परेशान होते हैं।

पीपीपी मॉडल पर जिसे विकसित करना था, चाहे रेलवे की properties हों, चाहे रेलवे की assets हों, उस मामले में भी अभी तक कुछ नहीं किया जा रहा है। बजट में हमें ऐसा कोई प्रावधान देखने को नहीं मिला है। इसके अलावा, जो assets की चोरी हो रही है, जैसे बिहार में 500 टन का जो रेलवे ब्रिज था, वही लोग उखाड़ कर ले गए और यह आज तक पता नहीं कि कौन ले गया! इसलिए रेलवे संपत्ति की जिस तरह से चोरियाँ हो रही हैं, उन्हें भी रोकने में नाकामी है। मेरा आपसे यही अनुरोध है कि इस रेलवे बजट की तरफ भी लोग देखें और सरकार इसमें अच्छा काम करे।

सर, मैं एक चीज़ ज्यूडिशियरी के बारे में कहना चाहता हूँ, शायद संजय सिंह जी ने इस पर बोला था। सर, ज्यूडिशियरी के लिए भी इसमें कोई वित्तीय प्रावधान नहीं किया गया है। ज्यूडिशियरी की हालत बहुत खराब है। अभी लोअर ज्यूडिशियरी की तो worst position है। अगर आप देखें, तो केसेज़ बहुत हैं। न कूलर है, न एसी है, कुछ नहीं है। लोग खड़े रहते हैं; मजिस्ट्रेट, जज भी परेशान रहते हैं। लेकिन वह राज्यों का विषय है, इसलिए मुझे इसके बारे में नहीं कहना। केन्द्रीय बजट में कम से कम हाई कोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट का तो ध्यान रखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के बारे में आज ही अखबार में छपा है कि सुप्रीम कोर्ट में इतने ज्यादा केसेज़ की pendency हो गई है कि सुप्रीम कोर्ट के जज की strength बढ़ा कर कम से कम 40 करनी चाहिए। पहले सरकार ने 31 से 34 की थी, लेकिन मुझे लगता है कि कम से कम दो-तीन बेंचेज की और जरूरत है, लेकिन इसके लिए infrastructure नहीं है। इसलिए सरकार को इसमें और हाई कोर्ट्स में infrastructure बढ़ाना चाहिए और जजेज़ की जो vacancies हैं, उनको पूरा करना चाहिए। यह नहीं कि जजेज़ की vacancies हमेशा खाली ही रहें। मेरा दूसरा सुझाव यह है कि सुप्रीम कोर्ट में strength बढ़ाई जाए, हाई कोर्ट में जहाँ strength कम है, वह बढ़ाई जाए। कर्णाटक जैसे हाई कोर्ट में सिर्फ 30 जज हैं। इस strength को बढ़ाना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट में आज तक कभी पूरे जज आए ही नहीं। वहाँ 160 की strength है, लेकिन हम आज तक 80-90 से ऊपर जा ही नहीं पाए, 100 भी नहीं touch किया। इसलिए जजेज़ की vacancies भरी जाएँ। ज्यूडिशियरी के मामले में हमें infrastructure पर बहुत पैसा खर्च करना चाहिए।

तीसरी बात यह है कि MSME सेक्टर, मतलब छोटे और लघु उद्योग तथा व्यापारी, उनकी बहुत बुरी हालत है और उनको GST ने मार दिया है। GST के कुछ प्रावधान ऐसे हैं, जिनको सरकार को तत्काल बदलना चाहिए। जैसे अगर कोई गवर्नमेंट के साथ व्यवसाय करता है, तो उसने अपना काम करके गवर्नमेंट को बिल भेज दिया। उसको तुरंत GST देनी पड़ती है, जबकि गवर्नमेंट की पेमेंट 6 महीने-साल भर बाद आती है। उसी में कंपनियाँ डूब रही हैं, क्योंकि 6 महीने-साल तक वे कैसे काम करेंगी, या तो वे लोन लेकर GST अदा करें! GST, जिसका इतना बड़ा हौव्वा किया गया था कि यह देश अब कर सुविधा वाला हो गया, कर सरलीकरण हो गया। सेंट्रल हॉल में इसका फंक्शन हुआ था, जैसे देश आजाद हो गया हो, ऐसा लग रहा था कि देश कर से

आजाद हो गया। वह समस्या इतनी बड़ी बन गई है कि लाखों उद्योग डूब गए हैं। GST के अधिकारियों को power बहुत दे दी गई है। वे किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं, कहीं भी छापा मार सकते हैं। इससे व्यापारी बहुत परेशान हैं। इसलिए न तो कोई अपने उद्योग को बढ़ा रहा है, न तो कोई अपने व्यापार को बढ़ा रहा है, बल्कि जो जैसा है, वह चुप बैठा हुआ है। फिर नौकरियाँ कहाँ से आएँगी! It is related to employment. जो बड़े-बड़े लोग हैं, वे सब देश छोड़ कर विदेश चले गए, जिस तरह का यहाँ हाल था। आप उसकी रिपोर्ट मँगा लीजिए कि कितने लाख उद्यमी, entrepreneurs देश छोड़ कर बाहर बसे। वे यहीं से तो पैसा लेकर बाहर गए हैं। वादा था - काला धन लाने का, लेकिन इस तरह से 15 लाख करोड़ के करीब धन बाहर चला गया। लोग बाहर जाकर इंडस्ट्री लगा रहे हैं और वहाँ जा कर रह रहे हैं। यह बहुत ही खतरनाक चीज है। देश की अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए हमें इसकी तरफ देखना चाहिए। यह directly employment की समस्या से linked है, जो कि आज की सबसे बड़ी समस्या है। आज आप क्यों ऐसी स्थिति में आए? आपको बहुमत क्यों नहीं आ पाया? आप इस चीज को समझ ही नहीं पाए। जहाँ 5-5 लाख से जीतते थे, वहाँ आज 1 लाख, डेढ़ लाख, 50 हजार, 20 हजार से जीते और तमाम जगह हार गए। वजह क्या है - नीचे भयानक बेरोजगारी है, लोग परेशान हैं।

सर, इसमें एक बात तो यह है कि आपने 4 घंटे के नोटिस पर बड़ी जल्दी लॉकडाउन लगा दिया। अगर लोगों को 3-4 दिन का टाइम देते, मुफ्त ट्रेनें चलाते, तो लोग अपने घर पहुँच जाते। अब वे लोग जो कष्ट में अपने घर गए हैं, परिवार साथ में लेकर 7 दिन, 10 दिन पैदल चल कर अपने घर गए हैं, उनके अन्दर डर बैठ गया है। अब वे वापस न तो गुजरात आना चाहते हैं और न ही महाराष्ट्र या पंजाब आना चाहते हैं। वे कहीं नौकरी के लिए नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि उनको डर लगता है कि अगर फिर कभी कुछ हो गया, तो हम ऐसी स्थिति नहीं झेलेंगे। ...(**व्यवधान**)... मैं सरकार की कोई आलोचना नहीं कर रहा हूँ। तो इसीलिए लेबर की कमी हो गई। पंजाब में कोई लेबर नहीं है। रियल एस्टेट में बिल्डर्स को लेबर नहीं मिल रहा है। पूरे गुजरात में, सूरत वगैरह में लेबर की कमी है, क्योंकि लोग वहाँ नहीं आ रहे हैं। अब वे सिर्फ गाँव में रह रहे हैं और वहाँ उनको जो भी अनाज वगैरह मिलता है, उससे अपना काम चला रहे हैं। इससे लेबर, जो देश की स्ट्रेंथ थी, क्योंकि यहाँ 60 प्रतिशत यूथ पॉपुलेशन है, जिसका फायदा हमें मिलता, वह आज गाँव में चुपचाप बैठी हुई है। अब वह वापस आना नहीं चाहती। इसके लिए यह कोशिश करनी चाहिए कि हम उनको वापस लाएँ।

आपने जो skill training के लिए internship की स्कीम अनाउंस की है, तो मैं अभी FICCI में लोगों से बात कर रहा था, जहाँ कॉरपोरेट के सारे लोग आए थे, वे कहते हैं कि इसमें clarity नहीं है कि किसको कितना देना पड़ेगा। एक साल के लिए 5,000 रुपये देना है, तो किसको देना है और इसका criteria क्या है? शायद उनको यह बताया गया है कि voluntarily जो लेना चाहें, लें और यदि नहीं लेना चाहें, तो नहीं लें। तो फिर कैसे 1 करोड़ लोगों को इसका फायदा मिलेगा? एक तो जो वादा था, उसके मुताबिक अब तक 10 सालों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी देनी थी, लेकिन इसमें भी 1 करोड़ लोगों के लिए एक साल के लिए 5,000 रुपये की internship है। मैं वित्त मंत्री जी अनुरोध करूँगा कि वे इसमें वह clarity दें, जिससे यह जो internship की स्कीम है, यह स्कीम किस ढंग से लागू होगी और उसके जो पूरे प्रावधान हैं, उनके बारे में सदन में बताना चाहिए।

ऐसा नहीं हो कि बाद में अधिकारी रूल्स बना दें और हम लोगों को पता नहीं चल पाए और इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हो। वह भी बहुत गलत काम हो जाएगा।

आपने capital expenditure 1 लाख करोड़ कम कर दिया, तो कहाँ से रोजगार आएगा, कहाँ से लोगों को काम मिलेगा? अभी इतनी मुश्किल है कि मत पूछिए। इसलिए यह बहुत जरूरी है। हम भुखमरी के global index में 111वें नम्बर पर हैं। 128 पूरे हैं और हम 111वें नम्बर पर हैं। हमसे बेहतर 110 देश हैं। ये ऐसी बातें हैं, जिन पर मैं कोई आलोचना नहीं कर रहा हूँ, बल्कि मैं सलाह दे रहा हूँ कि वित्त मंत्री जी को इन चीजों पर बहुत मजबूती से ध्यान देना चाहिए, वरना स्थिति लगातार बिगड़ती जाएगी। आडवाणी जी ने जैसे कहा था कि मजबूत सरकार और मजबूत नेतृत्व। ...(**व्यवधान**)... मुझे यह मजबूर सरकार वाली स्थिति लग रही है, जिस पर ध्यान देकर उसे ठीक करना चाहिए।

सर, चूँकि मेरा टाइम खत्म हो रहा है, तो मैं आखिर में एक बात कहूँगा। यह अच्छी बात है, सब लोग ताली बजाएँ, प्रशंसा करें, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ...(**समय की घंटी**)... लेकिन इस बात का ध्यान रखिए, 2014 में भी मैंने यही शेर पढ़ा था और आज फिर वही शेर पढ़ रहा हूँ कि *"शोहरत की बुलंदी भी एक पल का तमाशा है.."* तब नहीं मान रहे थे, सब ने विरोध किया था कि:

*"शोहरत की बुलंदी भी एक पल का तमाशा है,*
*जिस डाल पर बैठे हो, वह टूट भी सकती है।"*

तो अभी यह आधी ही टूटी है, पूरी तरह टूट सकती है, इसलिए इसका ध्यान रखिए। सबको शांतिपूर्वक ढंग से बातें सुननी चाहिए, धन्यवाद।

**श्री उपसभापति**: राजीव शुक्ला जी, आपका धन्यवाद। माननीय श्री साकेत गोखले। आपके 10 मिनट हैं।

**श्री साकेत गोखले** (पश्चिमी बंगाल): 10 मिनट!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have ten minutes.

SHRI SAKET GOKHALE: Sir, we had 17 minutes left for our Party.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will get it checked. Here, 10 minutes' time is mentioned.

SHRI SAKET GOKHALE: Thank you, Sir. The Union Budget presented by the hon. Finance Minister reminds me of an old quote by Benjamin Franklin. He said, "In this world, nothing is certain except death and taxes." It also interestingly echoes, especially with the Budget presented by the hon. Finance Minister, what Terry Pratchett added to Franklin's quote, when he said, and I am going to add a little bit of

Content Page

creative liberty here and say that the Finance Minister's taxes are worse because death kills you only once in your life, but these taxes kill you every year. Centuries ago, when America fought for its independence from Britain, their founding fathers had proclaimed, "no taxation without representation". The idea of Government taking money without giving the people adequate representation, without giving a voice to the people, without people getting their share of the taxes that they are paying to the Government, has always been considered a very abhorrent colonial idea. Sadly, after listening to the hon. Finance Minister's Budget Speech, the people of West Bengal, where I come from, and several other Opposition States, have found that they have no representation or even a mention in how they will get their rightful share of money from the taxes that they all pay to the Union Government. This Budget goes against the foundational ideas of cooperative federalism. Forget cooperative, it goes against the foundational ideas of federalism of any form. This Budget brutally taxes the multitude of hard working Indian citizens while giving favours to a select few. What is sad is that the Union Government in this Budget takes money from all the 28 States of the Union but 26 States have got nothing in this Budget. This Budget also insults the collective intelligence of this august House because the hon. Minister did two things in the Budget speech. She gave statements that paint a brazenly false and rosy image of a completely damaged economy. She made promises that -- going by this Government's track record -- she has absolutely no intention of fulfilling. This Union Budget is a clear and shameful case of taxation without representation. I recently met a young professional who is 30 years old. Going by the 2011 Census, she belongs to an age group, the youth, which represents about 65 per cent of the India's population. Actually, it might be more but this Government has not conducted the Census which was supposed to be done in 2011. Right now, we are in 2024. So, if we have the new Census, maybe, we would know that the youth represents even a bigger chunk of India's population.

Sir, this person's grocery bill has spiked up drastically. Thanks to the Modi Government's inability to control the food prices, the food inflation is at a whopping 9.4 per cent. Then, like many other professionals living in different cities in India, she has to pay her medical insurance premium every year. What kind of travesty is it that this Government charges 18 per cent GST on insurance premium? For giving the public the basic right of health care, you are charging 18 per cent of GST on the insurance premium. The infrastructure in Mumbai, where she lives, where I also originally come from, is falling apart. For the longest time, she commuted to her workplace by using Mumbai's local trains, which have not changed since 1970s. One day, she saw fellow passenger fall out of the train, the moving local train. Thanks to

Content Page

the hard work of our social media savvy and reel-making Rail Mantri, on an average, seven people die every day on the tracks of Mumbai locals, the financial capital of India. But what has this Budget given to this young girl? The hefty taxes that she pays will go towards a special package for people residing in a completely different place, a place that she has never visited in her entire life. She has no roads in her own city but her taxes will go as a special package for building roads in another State. Why? The only reason is that her taxes are required to save the minority Government of Narendra Modi, which is completely reliant on two allies of a creaky coalition, and, to keep it afloat. Sir, how many must die so that Caesar may remain king? This Budget is an example of that. You tax somebody so that your allies are happy and your Government manages to survive for a few more months. But this young lady has no voice. In fact, things are so bad that the Government makes her feel lucky that she is privileged to pay tax.

If you look at the recent ILO's Report, around 85 per cent of India's unemployed are youth. Forget about paying taxes, she has made you feel lucky that, at least, she has a job from which she can pay taxes. It is not her voice alone that is being suppressed. Today morning, when I came to the Parliament, I was very, very disturbed to see that the media outside has been pushed to a container. It reminds me of the Black Hole tragedy of 1776 where media is being taken outside Parliament, put into a container and suffocated from everything. Why? It is because, apparently now, the Government has a problem with media talking to the Opposition as well. Forget voices of MPs in Parliament, now the media has been suffocated and they are not being given a voice. It is absolutely deplorable.

Sir, an average employee is a middle class person. I will just tell you a reality because I have been listening to a lot of speeches. Nobody talks about the middle class of India. It is quite sad. The middle class of India is the backbone, but nobody talks about them. Today, the middle class is paying about 70 per cent of their salary on basics, like rent, groceries, EMIs, medical expenses. उसके ऊपर से, you are increasing their taxes every year. Where is an average middle class professional of this country supposed to go? This five-trillion economy is only going to happen when the employed people of this country take the country further. You are punishing the middle class. You are punishing them with increasing taxes every year. Now, the Finance Minister has also decided to go after people's meagre savings. For whatever a middle class professional manages to save and invest, the taxman is now going to knock his door to extract another pound of flesh, by way of short term and long term capital gain taxes. This Union Budget exploits the poor and rewards the rich. What is the middle class getting out of the Budget? Absolutely nothing! This Union Budget

taxes the middle class but gives them no representation. I am talking about 45 crore people of India. That constitutes the middle class. This is taxation without representation. Sir, there is something interesting that I would like the Finance Minister to address in her speech whenever she responds. The Government of India has a definition for the economically weaker sections. Economically weaker sections in India are individuals or families with an annual income of rupees eight lakh or less. This is economically weaker section. But, in the new tax regime, 8 लाख की सैलरी के ऊपर 10 परसेंट इनकम टैक्स का स्लैब लगता है। On one side you are saying that they are the economically weaker sections and on the other side you are imposing 10 per cent income tax on them. So, this Government needs to make its mind a little clear. Are they economically weaker section? Or, are they rich enough that you can tax them with 10 per cent under the new income tax regime? This sort of Schizophrenia makes no sense?

Sir, I want to talk about a very touchy and interesting topic for this Government, which is the subject of religious minorities. Religious minorities constitute 20 per cent of India's population. This includes not just Muslims, but Sikhs, Buddhists, Christians, Jains, Parsis and other smaller religious denominations. We saw the concern of the hon. Prime Minister for the minorities during the Lok Sabha elections. * Why did he say that? He said it only to express his immense frustration at the fact that the Mamata Banerjee-led Government practices pluralism and ensures the welfare of both the majority and the minority in West Bengal. A peaceful and harmonious West Bengal bothers Prime Minister Modi because the people of my State... *...(Interruptions)...* यह सुनिए, इम्पॉर्टेंट है। ...(**व्यवधान**)... The people of my State have constantly rejected the BJP. *...(Interruptions)...* सर, अब एक बचा है, वह भी चला जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. *...(Interruptions)...*

SHRI SAKET GOKHALE: Sir, in this Union Budget, how much is the allocation for minority welfare? Is it 1 per cent? No! Is it 0.1 per cent? No! It is 0.07 per cent of the total Government outlay. So, what is pathetic and shameful is the Prime Minister talks about '*sabka sath sabka vikas*'. *...(Interruptions)...*

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. *...(Interruptions)...* **आप बिना** परमिशन बोल रहे हैं, आप प्लीज़ बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)...आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)... आपकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है, आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)...साकेत जी, आप बोलिए।

SHRI SAKET GOKHALE: Twenty per cent of the population of India has a Budget outlay of 0.07 per cent. *...(Interruptions)...* The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act, MNREGA, was introduced by the UPA Government to provide guaranteed employment to scores of Indians who live in abject poverty. The success of MNREGA was seen by the entire world during the devastating Covid pandemic when this was the only scheme which provided a little bit of a safety net to the poor after P.M. Modi announced his harebrained lockdown. As I said earlier, Sir, unemployment in India is at all time high. Outside of the cities, the unemployed Indians living in rural areas, have virtually no opportunities of securing employment. The MNREGA scheme was meant basically for them. But what has the Government done in this Union Budget? What have the poor people of India received from a seven-budget-old Finance Minister? MGNREGA outlay has not been changed at all this year. MGNREGA outlay continues to be the same despite unemployment rising and despite people in abject need of*...(Interruptions)...* It is pretty much almost the same. *...(Interruptions)...* Because we are the Council of States, let me talk about what is happening with the States in India. *...(Interruptions)...*

**श्री उपसभापति:** जब आपको अवसर मिलेगा, तब आप बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)... साकेत जी, आप बोलिए।

SHRI SAKET GOKHALE: Sir, the States constitute the Union of India together. The bedrock of our democracy is meant to be cooperative federalism which respects the voices of States and provides them with opportunities for development. Several hon. Members of Parliament have mentioned the fact that the Finance Minister chose to highlight only Bihar and Andhra Pradesh in her Budget speech. This is understandable. It was in this very House in January when the Prime Minister arrogantly declared that the BJP would go 400 *paar.* All my colleagues sitting on that side of the House not only cheered but gave a thumping ovation. What happened in the Lok Sabha election? They got thumped by the people of India. If it were not for these two allies in Bihar and Andhra Pradesh, they would be sitting here and we would be sitting there. It is understandable. Let me say this clearly. We are happy for Bihar and Andhra Pradesh. We have no problem if they get some money. We have absolutely no problem. What is unacceptable is: why do 26 States have to be

deprived at the cost of two? Give it to Bihar. Give it to Andhra Pradesh. What about the remaining 26 States? Some of these States have also given BJP 100 per cent MPs. Even these States have been ignored. Forget the Opposition-ruled States. My State of West Bengal by the way is subject to special discrimination and deprivation in the Union Budget because the people in my State have been since 2021 rejecting the BJP soundly in every election. In her Budget speech, the Finance Minister announced flood relief for five States. They are: Bihar, Assam, Sikkim, Uttarakhand and Himachal Pradesh. If anyone looks at the map, सर, निश्चय करके, जानबूझ कर, Bengal has not been mentioned. Every State has been mentioned. All five of them, except Bengal. What is even more shocking is that Bengal has been reeling under devastating floods and the part of Bengal that has been reeling under devastating floods is the part which actually gave BJP the handful of MPs. It is North Bengal. Despite that, the Finance Minister makes no mention of Bengal when it comes to flood relief. West Bengal like every other State of the Union pays taxes. People who work in Bengal, live in Bengal, सब, जीएसटी भरते हैं, यह भरते हैं, वह भरते हैं। Why doesn't Bengal get anything? Over 1.6 lakh crore of our dues are still being withheld by the Union Government. My leader, Mr. Abhishek Banerjee, had challenged them during the elections to present a White Paper showing since 2021 when the BJP lost in the Assembly elections if a single *naya paisa* has been given under MGNREGA and *Aawas Yojana* to Bengal. In her speech maybe, if the Finance Minister thinks what she is doing is right, she should take up the challenge given by Mr. Abhishek Banerjee and provide a White Paper on whether we have received a single *naya* paisa since 2021. ...*(Interruptions)*... Sir, just two days ago, my Chief Minister ...*(Interruptions)*...

**श्री उपसभापति:** आपको जब मौका मिले, तब बोलिएगा। ...(**व्यवधान**)... साकेत जी, आप बोलिए।

SHRI SAKET GOKHALE: Hon. Chief Minister of West Bengal, Ms. Mamata Banerjee, a seven-time MP, former Union Minister, third time Chief Minister of West Bengal, she was the only Opposition Chief Minister who in good faith came to attend NITI Aayog meeting. She went there in good faith. She flew all the way down to Delhi. She went there in good faith. What happened there, Sir? Pathetic. She was given five minutes to speak. At the end of those five minutes, her mike was switched off. One Opposition CM who attended that meeting out of good faith, her mike was switched off after five minutes. She walked out of the meeting. She gave them a chance. लेकिन जिस गवर्नमेंट को बात ही नहीं करनी है, जिनको discussion ही नहीं करना है, उनसे हम क्या expect कर सकते हैं। ...*(Interruptions)*... Let me say this. Let me put it on

record. This colonial Modi Government subjects West Bengal to taxation without representation. Our people contribute to the Union. Our people contribute our share. But when it comes to getting our rightful share of that money, cat gets their tongue. Not a single penny to West Bengal. On what grounds, Sir? They said that job cards were found to be fake. The MGNREGA website shows that 99.7 per cent of the cards are verified. On what grounds our funds have been withheld? Because we refused to use the name 'PM' in a scheme where 40 per cent funds are being paid by the State. Why our funds have been withheld? Because there is a certain colour, which represents their party and we refuse to paint our walls with that colour. Now, there is one more devious trick that this Government uses, which the people of India should know. आपका टैक्स का पैसा कहां जाता है? Twenty-three per cent of the Union Government's revenues in this Budget come from cess and surcharge. Cesses and surcharges are non devolved parts of taxes which means that not a single penny out of these goes to the States. This money goes entirely to the Union Government. So, what was the point of bringing forward GST? This Government proudly at midnight said that there will be one nation, one tax. One nation, one tax was to get rid of surcharges, cess and such other extra taxes which are imposed. But what have we been seeing over the last five years? Swachch Bharat cess, health cess, social welfare cess, etc. are being used just to steal money from the people without having to give a single penny out of that to the States. यह स्वच्छ भारत सेस का क्या होता है? What bothers me is this. A lot of people whom I know from the middle class -- I am talking about cities -- paid for their own covid vaccines. Why is the photo of Prime Minister printed on my vaccine certificate? Taxes paid by people of all 28 States enable the Government to give free ration. मोदी जी ने क्या अपना राशन दिया है? Has Mr. Modi sold off his LIC policies to pay for this ration? (*Time-bell rings*) Is this money coming out of his pocket?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.

SHRI SAKET GOKHALE: Sir, I am just concluding. Just give me 30 seconds to conclude. I want to congratulate the hon. Finance Minister, in all due supportiveness, for presenting the seventh consecutive Union Budget. But let me also state from this House on the record that this Government is not going to last with its policy of robbing Peter to pay Paul. I also wish today to extend my farewell to the hon. Finance Minister because I know for a fact that next year she will not be presenting the Budget of a Government led by Mr. Narendra Modi. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri S. Kalyanasundaram, to speak in Tamil.

SHRI S. KALYANASUNDARAM (Tamil Nadu): *"Hon. Deputy Chairman Sir, Vanakkam. I thank Mr. M. K. Stalin, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu and hero of the Dravidian movement, for giving me the opportunity to be a Member of Rajya Sabha and to speak on Budget for the third time. I salute him. Sir, Tirukkural, the sacred text of the world, hails the glory of agriculture. It says, "Those who live by agriculture only live a meaningful life, all others lead a dependent life only."

Our leader Kalaignar, architect of the development of Tamil Nadu provided free electricity to farmers, as a pioneering initiative. He had implemented this scheme since the year 1990. It is being continued by our incumbent hon. Chief Minister of Tamil Nadu and Dravidian hero Mr. M. K. Stalin till today. This scheme should be implemented throughout the country. Due to the UDAY scheme, the financial burden of Tamil Nadu is increasing. The Union Government has to accept the responsibility of providing free electricity to farmers.

In 2005, Vikravandi Thanjavur State Highway was damaged due to heavy rains. Dr. Kalaignar, then Leader of the Opposition in the Legislative Assembly of Tamil Nadu, visited the affected areas to meet the affected people and to console them. When he was travelling by road through the Cuddalore district, he observed that the roads were in dilapidated condition. They were damaged. Then the Union Government was run by the United Progressive Alliance in which DMK also was a partner. Mr. T.R. Balu, Minister of Road Transport was our dear brother. Dr.Kalaignar requested the then Union Minister T.R. Balu to convert Vikravandi Thanjavur State Highway into National Highway. Accordingly, Dr.Kalaignar's request was accepted and implemented immediately. Vikravandi Thanjavur State Highway was upgraded into a national highway and the notification in this regard was issued expeditiously. However, the construction work of that road is still incomplete, the works are moving at a snail's pace. Therefore, I request you to complete the construction of this Vikravandi Thanjavur National Highways project through the National Highways Authority of India, as expeditiously as possible.

Proper warehouses must be set up at railway stations to store food grains and to prevent wastage. Efforts are to be taken to transport the food grains to proper storage warehouses. The Union Government should give permission for converting the Thanjavur Villupuram railway line as a doubling line.

---

* English translation of the original speech delivered in Tamil.

The Goods shed at Kumbakonam is not sufficient. It is an obstacle to people's movement also. There is sufficient space at Thirunageswaram. Therefore, I request that a goods shed with a proper warehouse facility be set up at Thirunageswaram.

Farmers are risking their lives day and night to produce paddy. During harvest, their produce is affected by stormy rains and floods. Such a situation has occurred in Tamil Nadu three times. The hon. Chief Minister of Tamil Nadu met the Union minister in person to request compensation to farmers and he also wrote letters many times to release disaster release funds. However, the Union Government did not pay heed to our request and is neglecting the welfare of Tamil Nadu farmers.

The Union Government should provide adequate compensation to agricultural produce affected by natural calamities. GST should be abolished for agriculture machinery. If this machinery is available to farmers at low price, it will enable them to increase their production. The Government has to consider this point and should give tax exemptions for agricultural machinery. I reiterate this point as a Cauvery Delta farmer and I also request you on behalf of our hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Mr. M. K. Stalin.

The Union Government should introduce schemes to encourage livestock and farms that will enable farmers to increase their income. Proper warehouses are needed to protect harvested grains from natural disasters. Particularly, concern has to be given in setting up storage houses for onions in the Perambalur and Namakkal districts of Tamil Nadu as they produce onions on a large scale.

Coconut farming is done in these southern states on a larger scale. Coconut farmers are not getting adequate prices for their produce. A policy decision should be taken to develop and make value-added products using coconut as raw material. Coconut oil, gingelly oil and ground nut oil should be compulsorily sold through PDS shops. The Union Government should come forward to provide food subsidy grants to state Governments.

The total corpus allotted by the Union Government for agricultural development schemes, should be paid immediately. It would help the farmers on time to continue their farming process. As the funds are stopped, it could not be implemented as announced. The Union Government should take steps to encourage organic farming. The Government should come forward to impose a ban on the production of insecticides and weedicides. They spoil soil resources and poison food products. It is not appropriate to implement crop insurance schemes throughout India taking only two seasons such as Kharif and Rabi into consideration. The Centre should come forward to formulate separate insurance guidelines for Tamil Nadu.

As the Centre has allowed the private players in the insurance sector, there is a business-oriented motive. There is a delay in giving compensation to farmers. The Centre should make a policy decision that crop insurance should be implemented only through the Central Government's agricultural insurance scheme.

The Union Government should implement a free crop insurance scheme for all farmers. Earlier, both the Central and the State Governments contributed their share of 49% each. Now, the Centre has reduced its share to 25%. The total burden had fallen over the States. Already the states are overburdened. The Centre must consider the previous scheme of contributing 49% each by both the Centre and States.

Lakes and reservoirs must be identified throughout the country and they need to be purified and rejuvenated. Water management must be enhanced. Water storage should be enhanced. Steps should be taken to increase the level of groundwater. The Union Government should formulate schemes to provide free fishing boats to the fishermen to assist them in deep sea fishing. They should also be given access to modern facilities to store the caught fish safely.

Fishermen are also like farmers. They do not have a safe livelihood. The Union Government should take steps to protect fishermen who are affected by natural calamities. Ultramodern GPS devices should be supplied to them so that the devices will be helpful in not crossing the Indian waters.

The Government of Sri Lanka arrests Indian fishermen on a frequent basis. They are imprisoned and their boats are snatched. The Union Government should intervene in these matters. At present, fishermen from the districts of Ramanathapuram, Nagapattinam and Pudukottai have been imprisoned. The Union Government should make efforts to release them and to retrieve their power boats. If boats could not be retrieved, the Union Government should pay some compensation to these fishermen.

Tamil Nadu is the only state in India that gets rainfall through both northeast monsoon and southwest monsoon. Due to climate change, the rain that used supposed to fall for a month or two pours down in one or two days. During the southwest monsoon season, summer crops like paddy, banana, ground nut, and horticultural crops face severe damage.

Hon. Prime Minister of India announced that organic fertilizers will be brought as an alternative to chemical fertilizers by using marine organisms and plants as raw materials. A mere announcement is not enough. Appropriate subsidies should be given to produce organic fertilizers and a field survey should be taken to market them.

The Government should take steps to encourage private institutions who come forward to produce organic fertilizers.

Water shortage in Tamil Nadu is very severe. People suffer a lot due to a shortage of drinking water. Cauvery issue is still not resolved. The Union Government is simply watching like a spectator. It should accept the responsibility of implementing the order of the Cauvery Management Board. With these words, I conclude my speech. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Sanjay Raut.

**श्री संजय राउत** (महाराष्ट्र): उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

महोदय, यह केंद्रीय बजट नहीं है, यह कुछ राज्यों का बजट है, क्योंकि इस बजट से महाराष्ट्र गायब है, तेलंगाना गायब है, हरियाणा गायब है, केरल गायब है, तमिलनाडु गायब है, पंजाब गायब है, ओडिशा गायब है, दिल्ली गायब है, पश्चिमी बंगाल गायब है, झारखंड गायब है। महोदय, ऐसे बजट को हम केंद्रीय बजट कैसे कह सकते हैं? महोदय, बात यह है, मैं ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि यह सामान्य बजट नहीं है, यह नोन बायोलॉजिकल बजट है। जैसे हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि मैं नोन बायोलॉजिकल हूं, वैसे ही यह नोन बायोलॉजिकल बजट है। कैसे बनाया, कहाँ से बनाया, किसके लिए बनाया, उसके लाभार्थी कौन हैं, क्या है - कुछ भी पता नहीं है, लेकिन एक बात तो सही है कि यह जो बजट बना है, इस बजट पर लोक सभा का जो नतीजा आया है, उसका बहुत बड़ा प्रभाव है। महोदय, यह लोक सभा नतीजे से पीड़ित बजट है।

**श्री सभापति**: संजय जी, आप मेरी तरफ देखिए।

**श्री संजय राउत**: सभापति महोदय, मैं आपसे ही बात कर रहा हूं और मैं आपसे ही dialogue करूंगा। यहाँ है कौन मेरा आपके सिवाय? आप ही तो हैं भगवान। सर, प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि मैं भ्रष्टाचार का पैसा जनता में बाँटूँगा। हमें लगा कि इस बजट में ऐसी कोई योजना आ जाएगी कि भ्रष्टाचार का पैसा, जो दस साल में ईडी के माध्यम से जमा किया है, आप वह पैसा सबको बाँट देंगे, आप ऐसी कोई घोषणा करेंगे, लेकिन हुआ है इसका उलटा। जो पैसा आपने भ्रष्टाचार के माध्यम से जब्त किया था, हमने ऐसा देखा कि वह पैसा वापस उन्हीं भ्रष्टाचारियों को बाँट दिया गया। मैं उदाहरण के तौर पर बताउंगा कि हमारे प्रफुल्ल भाई पटेल .. क्या वे यहाँ पर हैं? वे हमारे मित्र हैं और अच्छे मित्र हैं, आप देखिए कि ईडी ने उनके ऊपर कार्रवाई की। महोदय, ईडी ने क्या कार्रवाई की? उनके ऊपर यह इल्जाम लगाया (..**व्यवधान**) ..

**श्री सभापति**: संजय जी, आपने कहा था कि मेरी तरफ देख रहे हैं, लेकिन आप उधर देख रहे हैं।

**श्री संजय राउत** सभापति महोदय...

**MR. CHAIRMAN**: Yes, that is the point.

**श्री संजय राउतः** हम सबके पीछे ईडी, सीबीआई लगा दी, उनके पीछे भी लगाई - बेचारे हमारे मित्र रहे है।

महोदय, उनके ऊपर क्या आरोप था?* ईडी ने हमको भी अरेस्ट किया। हमारा कोई गुनाह नहीं था। जिस घर में रहता हूँ, वह जब्त किया हुआ है। हमारा घर तो दीजिए।

**श्री सभापतिः** संजय जी, एक सेकंड, एक सेकंड। ...(**व्यवधान**)...

**श्री संजय राउतः** सर, अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ प्रश्न है।

MR. CHAIRMAN: Sanjay*ji*, one minute. These are very serious charges and I will appreciate that you be firm on your facts. Go ahead.

**श्री संजय राउतः** सर, फैक्ट्स हैं और रिकॉर्ड है। सर, ईडी ने हमें भी जेल में डाला था। बात छोड़ दीजिए। मोदी जी के तीसरे कार्यकल में सभी भ्रष्टाचारी इस सरकार से बेदाग हो रहे हैं। सर, इस बजट में क्या है? इस बजट में न किसानों के लिए घोषणा है, न बेरोजगारों के लिए कोई खास योजना है, न युवाओं के लिए है। 50 परसेंट किसान आज भी कर्ज में डूबे हैं और किसानों की सबसे ज्यादा आत्महत्या हमारे महाराष्ट्र में ही हो रही है। हमारी भी यह माँग है, सबकी माँग है कि किसानों को, उनके प्रोडक्शन को, अनाज को समर्थन मूल्य मिलना चाहिए, लेकिन किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिला है, तो समर्थन मूल्य किसको मिला है? सरकार ने सत्ता का समर्थन मूल्य चुकाया है और वह समर्थन मूल्य मिला है - बिहार के नीतीश बाबू को, आंध्र के चन्द्रबाबू को। उन्हें समर्थन मूल्य मिला है, किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिला है। ...(**व्यवधान**)... समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) ...(**व्यवधान**)... मिनिमम सपोर्ट प्राइस किसको मिला है? ...(**व्यवधान**)... समर्थन मूल्य मिला है। ...(**व्यवधान**)... राजीव जी, आपने एक अच्छा मुद्दा रेज़ किया कि बहुत से उद्योगपति देश छोड़कर जा रहे हैं, क्योंकि इस देश में जो जहर, नफरती माहौल बनाया है, उसमें उद्योगपति भारत में नहीं रहना चाहते हैं। वे विदेश में जा रहे हैं। पिछले आठ सालों में भारत से हजारों उद्योगपति देश छोड़कर अमेरिका चले गए हैं। ...(**व्यवधान**)... ...(**समय की घंटी**)...

MR. CHAIRMAN: Sanjay*ji*, please round up. ...(*Time-Bell rings.*)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री संजय राउत**: वहाँ जाकर अपनी इनवेस्टमेंट कर रहे हैं। छः लाख करोड़ से ज्यादा इनवेस्टमेंट अमेरिका में हमारे लोगों की तरफ से हुई है और वहाँ पाँच लाख रोजगार हमारे लोगों ने दिए हैं।

MR. CHAIRMAN: Thank you, Mr. Sanjay Raut. ...*(Interruptions)*...

**श्री संजय राउत**: सर, मैं आपकी तरफ देखकर बोल रहा हूँ। ...*(**व्यवधान**)*...

MR. CHAIRMAN: You are ahead of time; time has crossed.

**श्री संजय राउत**: सर, इसलिए मैं यह कहता हूँ कि यह जो non-biological Budget है...

MR. CHAIRMAN: Mr. Raut, last one minute. Please round up.

**श्री संजय राउत**: आपने चार करोड़ नौकरी देने का वादा किया, लेकिन दस साल में आप *20* करोड़ नौकरियाँ देने वाले हैं। कहाँ गईं नौकरियाँ? इस देश में बहुत से ऐसे राज्य हैं... मुम्बई हिन्दुस्तान को सबसे ज्यादा टैक्स देता है। मुम्बई तीन लाख करोड़ सालाना टैक्स देता है, जीएसटी देता है, लेकिन मुम्बई के लिए इस बजट में एक पैसे का प्रावधान नहीं किया है, कोई नहीं किया है। *100* स्मार्ट सिटीज़ बनाने वाले थे। कहाँ गईं स्मार्ट सिटीज़? मुझे आनंद है कि आपने अमरावती के लिए *15,000* करोड़ दिया है। ...*(**व्यवधान**)*... नहीं, नहीं। ...*(**व्यवधान**)*...

MR. CHAIRMAN: You will have your time. ...*(Interruptions)*... You will have your opportunity. ...*(Interruptions)*...

**श्री संजय राउत**: कराड़ साहब, मैं मुम्बई की बात करता हूँ, औरंगाबद की नहीं बात करता हूँ। धारावी की बात छोड़ दीजिए। ...(**व्यवधान**)... इस देश के किस शहर के लिए इस बजट में क्या प्रावधान, यह आप बताइए? मुम्बई तो बहुत बड़ा शहर है, देश का पेट पालता है। फिर भी आज कल एक नया ट्रेंड है, *...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: It will not go on record. ...(*Interruptions*)... No, it will not go on record. ...(*Interruptions*)... संजय राउत जी, एक सेकंड ...(**व्यवधान**)...मैंने आपको ...(**व्यवधान**)... Mr. Tiwari, congratulate him later on because every time, you congratulate something, I find at the end of the day, उसका कुछ निचोड़ निकलता नहीं है...(**व्यवधान**)... Sanjay*ji*, I gave you 60 per cent more time. Now, Shri Sanjay Kumar Jha.

---

* Not recorded.

**श्री संजय कुमार झा** (बिहार): धन्यवाद, सभापति महोदय। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को, वित्त मंत्री जी को एक **...(व्यवधान)...**

MR. CHAIRMAN: What is this Priyanka? ...(*Interruptions*)... First, you are not on your seat. ...(*Interruptions*)... No, please. ...(*Interruptions*)... Go to your seat first. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record. ...(*Interruptions*)... Go to your seat first. ...(*Interruptions*)... I know, it will take time before you come to this seat. ...(*Interruptions*)... I will look into it. ...(*Interruptions*)... I will look into it. ...(*Interruptions*)... No, no. ...(*Interruptions*)... Nothing is going on record. ...(*Interruptions*)... एक चीज़ है, सुनिए **...(व्यवधान)...** Sanjay Kumar Jha*ji*, one second. ...(*Interruptions*)... संजय कुमार झा, ये संजय सिंह हैं, वे संजय राउत हैं, संजय का बोलबाला है। **...(व्यवधान)...** Now, go ahead. ...(*Interruptions*)... Please maintain order in the House. ...(*Interruptions*)... Don't force me. ...(*Interruptions*)... Now, Shri Sanjay Kumar Jha.

**श्री संजय कुमार झा**: माननीय सभापति महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी को, माननीया वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि गरीब, किसान, युवा, महिला सबको देखते हुए एक विकास उन्मुख बजट पेश किया है और खासकर कि बिहार के आकांक्षी राज्य के रूप में विशेष सहायता के लिए मदद की है।

आदरणीय सभापति महोदय, जब हम लोग चुनाव में बिहार गए थे, तब हम लोगों का प्री-पोल एलाएंस था, जनता को मालूम था कि हमारे प्रधान मंत्री का चेहरा कौन है। हम लोग नरेन्द्र मोदी जी के नाम पर जनता के बीच में वोट मांगने गए थे। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जनता दल यूनाइटेड, जो हमारी पार्टी है, हम लोग बिहार में एक साथ चुनाव लड़े। लोगों ने उनके चेहरे पर वोट दिया। **...(व्यवधान)...** हम बिहार सरकार की तरफ से, अपने मुख्य मंत्री जी की तरफ से धन्यवाद देते हैं कि वित्त मंत्री महोदया ने पहली बार बजट में बिहार के बाढ़ को नोटिस में लिया। सभापति महोदय, आपको पता है कि 25 साल पहले झारखंड बिहार से अलग हुआ। वह landlocked State है, कोई मिनरल नहीं है, सारा पानी नेपाल से आता है। मैं वहां वाटर रिसोर्स मिनिस्टर रहा हूं। मैं देखता था कि हमारे स्टेट का हज़ारों करोड़ पैसा हर एक साल बेकार बरबाद होता है। हमारे 38 में से 28 जिले हर एक साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इतना बड़ा एरिया है, इतनी बड़ी पॉपुलेशन है, 8-9 करोड़ पॉपुलेशन है। नेपाल में हाई डैम बनना है। वहां 30-40 साल से कोई काम नहीं हो रहा था। पहली बार वित्त मंत्री जी ने बजट में इसको नोटिस में लिया और 11.5 हज़ार करोड़ रुपया बिहार के फ्लड के लिए, बाढ़ के लिए मदद करने का सुझाव दिया। दूसरा, जो वहां 'गयाजी' हैं, 'विष्णुपद मंदिर' है, पूरे देश और दुनिया के हिन्दू समाज के लोग पितृपक्ष में वहां पिंड दान देने के लिए आते हैं। कुछ काम हम लोगों की एनडीए सरकार, नीतीश कुमार जी की सरकार ने किया, लेकिन पहली बार इस सरकार ने पर्यटन में उसको जैसे काशी विश्वनाथ का corridor बनाया गया, उसी हिसाब से डेवलप करने के लिए 'गयाजी' को लिया गया है। उसी तरह से पूरा Buddhist - South-East Asia में बुद्ध को ज्ञान इसी बिहार की धरती पर

मिला था। गया में उस पूरे महाबोधि टेम्पल को develop करने के लिए उस कॉरिडोर को लिया गया है। माझी जी बैठे हुए हैं, यह उन्हीं का पार्लियामेंटरी क्षेत्र है। नालंदा सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी है। लोग कहते हैं कि जब यूरोप में यूनिवर्सिटी नहीं थी, तब लोग नालंदा में पढ़ने आते थे। ...(**व्यवधान**)... आप commentary क्यों कर रही हैं? ...(**व्यवधान**)... नहीं, गलत है, आप पीठ पीछे क्यों commentary कर रही हैं? इस तरह पीछे बैठ कर, मैं लगातार इनको देखता रहता हूँ।

**श्री सभापति**: संजय जी, आप पीछे मत देखिए, आप आगे देखिए।

**श्री संजय कुमार झा**: नालंदा और राजगीर, इन दोनों को पर्यटन में develop करने के लिए जो लिया गया है, मेरे ख्याल से वह पूरे एरिया के लिए game changer हो जाएगा। जब 2005 में नीतीश कुमार जी की सरकार बनी, तो हम लोग लालटेन युग में थे। लालटेन युग से हम लोग आज 24 घंटे बिजली युग में आए हैं। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने बिजली के उत्पादन के लिए 20 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की, जिससे पीरपैंती, भागलपुर में नया प्लांट लगेगा। इससे अब हम लोग सरप्लस बिजली के रूप में जाएँगे। इस 20 साल में लालटेन से सरप्लस बिजली के रूप में बिहार जाएगा। मुझे लगता है कि बिहार के लिए एक बड़ा अवसर मिला है। हमें लगता है कि बिहार कभी सेंटर के फोकस में नहीं रहा। इसके लिए मैं केन्द्र सरकार को, प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

जो इनिशिएटिव लिया गया है, मैं देख रहा था कि हमारे प्रतिपक्ष के जो नेता हैं, उन्होंने कहा कि बिहार को प्लेट में पकौड़ी और जलेबी दे दी गई। मैं उनकी बात सुन रहा था। आप बताइए कि जिस बिहार को 10 साल केन्द्र सरकार द्वारा एक मदद नहीं दी गई, वहीं रघुराम राजन कमिटी ने, जो उस समय बनाई गई थी, विशेष राज्य के दर्जे को खत्म कर दिया। मुझे लगता है कि पहली बार बिहार रडार में आया है। आने वाले टाइम में निश्चित रूप से, -- चाहे वह तेलुगु देशम पार्टी हो, चाहे वह जनता दल (यूनाइटेड) हो, हम सब लोग pre-poll alliance में जनता का वोट लेकर आए हैं, -- मोदी जी की सरकार 5 साल चलेगी। यही बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The next speaker is Shri Lahar Singh Siroya, *...(Interruptions)...*

**श्री लहर सिंह सिरोया** (कर्नाटक): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। बजट पर बात करने के लिए मैं बहुत तैयारी करके आया था। काफी बातें कही जा चुकी हैं, लेकिन एक बात पर मुझे विशेष आपत्ति है।

**श्री सभापति**: लहर सिंह जी, इधर देख कर बोलिए।

Content Page

**श्री लहर सिंह सिरोया:** अभी हमारे एक सदस्य सरासर असत्य बोल कर गए हैं, सदन को * करके गए हैं, उसके लिए मैं विशेषाधिकार हनन का नोटिस देना चाहता हूँ। वे सदन से हम लोगों के कहने के बावजूद चले गए। न्होंने मनरेगा के बारे में यह कहा है कि हमने 86 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। उन्होंने यह बिल्कुल असत्य कहा है। अगर सदन को इसी तरह से * करना है, तो इन लोगों के बोलने का मतलब क्या है? ...(**व्यवधान**)... इसलिए मैं चाहता हूँ कि उनको बुलाया जाए ...(**व्यवधान**)... और उनको विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जाए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी ...(**व्यवधान**)...

**श्री लहर सिंह सिरोया:** तब तक उनको सदन में दोबारा बोलने का मौका नहीं दिया जाए, क्योंकि सदन को * नहीं किया जा सकता। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी ...(**व्यवधान**)...

**श्री लहर सिंह सिरोया:** सभापति महोदय, यह सदन की अवमानना है। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Shrimati Priyanka Chaturvedi, ...*(Interruptions)*... I will not tolerate anyone intervening the speaker. ...*(Interruptions)*...

**श्री लहर सिंह सिरोया** : सदन का उपयोग इस तरह से नहीं किया जा सकता। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: He is saying it. He says he will bring a Breach of Privilege notice also. ...*(Interruptions)*... Take your seat. ...*(Interruptions)*... No, you do not have to make it a wrestling match. ...*(Interruptions)*... No, please, ...*(Interruptions)*... go ahead and you can take recourse to rules.

**श्री लहर सिंह सिरोया:** सभापति महोदय, आपने एक कहावत कही थी कि अनपढ़ जाट पढ़ा-लिखा बराबर, लेकिन हम इन पढ़े-लिखे को क्या कहें, जब पढ़ा-लिखा व्यक्ति जान-बूझ कर असत्य बोलता है, सदन को * करने की कोशिश करता है, इसका मतलब वह सदन का उपयोग इसलिए करना चाहता है कि वह देश को * कर सके। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: When you speak, you look at me.

**श्री लहर सिंह सिरोया:** यह मेरा कहना है। सभापति जी, मैं आभार मानता हूँ कि आपने मुझे ...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री सभापति**: और एक बात सुन लीजिए, it is my privilege to look at everyone, but, the speaker has to look at me only.

6.00 P.M.

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सभापति जी, मेरा सौभाग्य है कि आप यहाँ विराजमान हैं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं एक बार पुनः आपका आभार मानता हूँ। मैं उस समय आवेश में आ गया था, क्योंकि वह सदन को * करने वाली जो बात थी, वह मुझे बहुत चुभी थी।

महोदय, चूँकि मैं एक कर्मचारी भी रहा हूँ, एक छोटा दुकानदार भी रहा हूँ और मध्यम श्रेणी का एक व्यापारी भी रहा हूँ, इसलिए मैंने इस बजट को अच्छी तरह पढ़ा है। मैंने इस बजट को जिया है, मैं इस बजट के प्रावधानों को मैं समझता हूँ। इसके लिए मैं बहुत तैयारी करके आया था। मैं बताना चाहता हूँ कि मिडल क्लास के लिए, गरीबों के लिए और महिलाओं के लिए उसमें कितना कहा गया है, लेकिन आप मुझे उतना समय नहीं देंगे।

महोदय, मुझे कभी-कभी दुख इस बात का होता है कि हमारे आदरणीय खरगे जी अभी नहीं हैं, उन्होंने भी शायद बजट नहीं पढ़ा और शायद इन्होंने भी नहीं पढ़ा। क्योंकि उनकी बातों का खंडन तो राजीव शुक्ला जी और अखिलेश कुमार सिंह जी कर चुके हैं। यह जो कांग्रेस पार्टी है, यह Grand Old Party मानी जाती रही है, लेकिन मुझे ऐसा लग रहा है कि अब यह grand new political party बन गई है। क्योंकि अब ये जिनसे मार्गदर्शन ले रहे हैं, भगवान इनका भला करे। कौन-कौन इनका मार्गदर्शन कर रहे हैं और कौन-कौन इनको खींच कर Well में ला रहे हैं, यह grand new political party का चरित्र नहीं हो सकता, जबकि चिदम्बरम जी, दिग्विजय सिंह जी और प्रमोद तिवारी जी..

**श्री सभापति** : माननीय सदस्य, आप अपने बजट भाषण पर फोकस कीजिए।

**श्री लहर सिंह सिरोया**: महोदय, मैं बजट की बात पर आता हूँ। आदरणीय खरगे जी ने यह कहा था कि दो ही राज्यों को फायदा दिया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार को फायदा दिया गया है। उन्होंने इन दो राज्यों के नाम लिए थे। उन्होंने बाकी कुछ और नाम भी गिनाए थे कि इनको कुछ नहीं मिला, उनको कुछ नहीं मिला। शायद वे भूगोल का पाठ रट रहे थे कि कहाँ-कहाँ वे सत्ता खो चुके हैं। तो इसीलिए उनको वे नाम याद आ रहे थे, उनके जेहन में वे नाम छाए हुए थे। लेकिन मैं आपको बताता हूँ कि जब उन्होंने यह कहा, तो मैं कर्णाटक को लेकर यह कहना चाहूँगा कि कर्णाटक में हमारी सरकार ने क्या किया है। ...(**व्यवधान**)...

**एक माननीय सदस्य**: राजस्थान पहुँच गए? ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री सभापति**: राजस्थान तो बहुत से लोग पहुँचे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। रणदीप सुरजेवाला भी हरियाणा से राजस्थान गए हुए हैं, प्रमोद तिवारी जी भी राजस्थान गए हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... यह पूरा देश एक है।

**श्री लहर सिंह सिरोया**: महोदय, चूँकि यह कर्णाटक की बात है और मैं समझता हूँ कि आदरणीय खरगे जी कर्णाटक की बातों को जल्दी समझ जाएँगे, इसीलिए मैं कर्णाटक का उदाहरण दे रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... कर्णाटक में stage-wise outlay of the Railway projects में जो आवंटन हुआ था, मैं एक उदाहरण देना चाहूँगा। रेलवे के बारे में बातें कही गईं। कर्णाटक में 2009 से 2014 तक 835 करोड़ रुपये yearly average spend किए गए थे। हमारी सरकार ने yearly average spend किये - 2023-24 में, एक साल में 7,561 करोड़ रुपए spend किए। आप देखिए कि यह 9 गुना हुआ, nine times हुआ। इस बजट में इसे और भी बढ़ा कर 7,559 करोड़ रुपये रेलवे के लिए बजट में रखा है। क्या यह कर्णाटक में नहीं गया है?

आदरणीय सभापति जी, मैं और बताना चाहूँगा। यह जो tax का सिस्टम है, वह आप ज्यादा समझते होंगे। मेरे सदन के साथी समझ जाएँगे। जो tax devolution की बात है, 2004 से 2014 तक 10 वर्षों में 81,000 करोड़ दिया गया था। यह आप सब समझ लें। हमारे विपक्ष के मित्र भी समझ लें। 2014 से 2024 में 10 वर्षों में 2 लाख, 95 हजार करोड़ रुपए दिए गए। दूसरी जो Grant-in-Aid from the Government of India है, इसका मैं ज्यादा नहीं समझता, लेकिन मैं इसके आंकड़े देख रहा हूँ। यूपीए के 10 साल के कार्यकाल में 60,779 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे और हमने 10 वर्षों में 2 लाख, 36 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए। आप कम्पेयर करके देखिए। कहाँ 60,779 करोड़ रुपए और कहाँ 2 लाख, 36 हजार करोड़ रुपए! यह मैं कर्णाटक के बारे में बता रहा हूँ। महाराष्ट्र के बारे में तो बाकी लोग बताएँगे, मैं नहीं बताऊँगा। Release under 'special assistance' to the States for capital investment under Karnataka के तहत 2020-21 में 305 करोड़ रुपए, 2021-22 में 452 करोड़ रुपए, 2022-23 में 3,399 करोड़ रुपए, 2023-24 में 3,879 करोड़ रुपए और 2024-25 में 2,006 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस तरह से इसके लिए कुल मिला कर 10 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं। ऐसे मेरे पास बहुत सारे आँकड़े हैं, लेकिन मैं आपका अधिक समय नहीं लूँगा, इसलिए मैं ये आँकड़े जयराम रमेश जी, जो मेरे साथ ही राज्य सभा में आए हैं, उनको देना चाहूँगा, ताकि वे इसको देखें और वे खरगे जी का भ्रम दूर करें।

सभापति जी, मैं समय की सीमा में रहना चाहूँगा। मैं आँकड़ों में ज्यादा विस्तार से नहीं जाऊँगा, जब कि मेरे पास कर्नाटक के कम-से-कम 25 और आँकड़े हैं। मैं एक बात बताना चाहूँगा, जिससे मुझे बहुत दुख होता है और मेरे आदिवासी भाई, जो यहाँ पर बैठे हुए हैं, वे विशेष रूप से इस बात को लेकर दुखी होंगे। आदिवासियों के लिए हमारी सरकार ने पूरे देश में 1,24,909 करोड़ रुपया आवंटित किया है, पिछले वर्ष यह आँकड़ा 1,19,796 करोड़ रुपए था। यह एसटी समुदाय के लिए है, मैं एससी की बात नहीं कर रहा हूँ।

सभापति जी, जब हम बजट पर चर्चा करते हैं, तो केन्द्र का यह दायित्व हो जाता है कि वह यह देखे कि संबंधित राज्य एससी-एसटी के लिए दिए गए पैसे का सदुपयोग करे। मैं स्टेट का नाम भी नहीं लेना चाहूँगा, किसी व्यक्ति का भी नाम नहीं लूँगा, लेकिन कर्नाटक में वाल्मीकि के

Content Page

नाम पर जो डेवलपमेंट कमिशन बना था, उसमें 188 करोड़ रुपए बैंक से ऐसे ही उठा लिए गए। ऐसी * आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं हुई। ऐसा जिम्मी नागर वाला केस में भी नहीं हुआ, जो कुछ लाख रुपए लेकर गया था। बैंकों से 188 करोड़ रुपए उठा लिए गए। यह उजागर कैसे हुआ? इसमें जो अकाउंट ऑफिसर था, जिसके हाथ से यह काम कराया गया था, उसको लगा कि मैंने यह बहुत गंभीर अपराध कर लिया है, इसलिए उसने suicide कर लिया। वह छः पेज का नोट लिख कर गया। इस केस में उसका मंत्री जेल में है, बैंक वाले जेल में हैं। उसमें सीबीआई इन्क्वायरी कर रही है। मेरा यह मानना है कि उस पैसे से 19 हजार करोड़ रुपए की शराब ली गई, इसके डॉक्युमेंट्स हैं, मैं इसको authenticate करूँगा, पाँच-पाँच करोड़ रुपए की लैंबॉर्गिनी गाड़ियाँ खरीदी गईं और 15 किलो सोना खरीदा गया, जिसमें से 10 किलो सोना परसों ईडी ने सीज़ किया है। हम एसटी के लिए फंड देते हैं और खरगे जी, जो दलित नेता हैं, मैं तो उन्हें सबका नेता मानता हूँ, कर्नाटक में उनका बड़ा योगदान है, परसों निर्मला जी के लिए माता जी कह रहे थे, जब कि निर्मला जी उम्र में उससे बहुत छोटी हैं। ऐसे हमारे कर्नाटक में छोटी बहन को अक्का बड़ी बहन कहते हैं। कोई बात नहीं, लेकिन उन्होंने जो अपनी माता के लिए कहा कि मैं इनकी वजह से हूँ, तो मैं खरगे जी को याद दिलाना चाहता हूँ कि माता जी तो 1999 में पॉलिटिक्स में आई हैं, जबकि उसके पहले वे पाँच-छः बार केबिनेट मिनिस्टर बन चुके थे, छः-सात बार एमएलए बन चुके थे, इसलिए यह ठीक नहीं है, बाकी यह उनकी इच्छा है कि वे किसी को भी श्रेय दें, मुझे उसमें कोई आपत्ति नहीं है। सवाल यह उठता है कि जब वे यहाँ पर रोज ज्ञान बाँटते हैं, रोज बातें करते हैं, आए दिन मोदी जी पर आरोप लगाते हैं, तो क्या उनका यह कर्त्तव्य नहीं बनता है कि अपने राज्य में सही स्थिति पैदा करे? जब वे इसको मॉरल हाई ग्राउंड्स में लेते हैं, तो क्या उनके मुख्य मंत्री को इस्तीफा नहीं देना चाहिए? सभापति जी, मेरा यह सीधा आरोप है और अगर इसकी एक निष्पक्ष जाँच एजेंसी बिना किसी अवरोध के जाँच करेगी, तो यह साबित हो जाएगा कि यह पैसा दिल्ली के चुनाव में खर्च होने के लिए आया हुआ पैसा है। मैं यह जिम्मेदारी के साथ कहता हूँ।...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रमोद तिवारी** (राजस्थान): सर...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: The word is deleted.

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सर, अगर मेरी यह बात असत्य होती है, तो मैं राज्य सभा से इस्तीफा दे दूंगा। अगर आप जांच करेंगे, तो पता चलेगा कि यह पैसा दिल्ली आया है, किन-किन माध्यमों से आया है, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बैंकों में पैसा गया है, किन-किन खातों में पैसा गया है। इसकी जांच होनी चाहिए और उस जांच के लिए मेरा स्पष्ट मानना है कि वहां के मुख्य मंत्री इस्तीफा दें, फिर जांच कराएं और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करें। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please conclude now.

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सर, दो मिनट। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं अपने आपको बहुत सीमित रख रहा हूं, लेकिन मुझे दो मिनट दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)... सर, एससी समुदाय का पैसा, एसटी समुदाय का पैसा गारंटियों में डायवर्ट हो रहा है। हम एससीज़ के लिए 1 लाख, 65 हजार करोड़ रुपये बजट में तो अलॉट करते हैं, लेकिन एससी का पैसा संभ्रांत महिलाओं को फ्री बस राइड प्रदान करने के लिए उपयोग किया जा रहा है, अलग-अलग गारंटियों में बिना किसी बीपीएल लाइन के उपयोग किया जा रहा है। यह देखना भी सरकार का फर्ज बनता है।

सर, अब मैं लास्ट प्वाइंट रखूंगा कि RTI के लिए मैं कांग्रेस धन्यवाद देना चाहूँगा, क्योंकि कांग्रेस के मेरे साथी रहे हैं और मेरे यहां आने में वाया मीडिया उनका भी कहीं न कहीं आशीर्वाद रहा है। मैं कांग्रेस को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूँगा और 2005 में RTI लाने के लिए मैं सोनिया गांधी जी को श्रेय दूंगा कि सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी ने RTI एक्ट लागू किया। यह देश में एक बड़ा game changer था, लेकिन हुआ क्या? मैसूर में कुछ लोगों ने RTI लगाई और कुछ documents निकाले। सभापति जी, उन documents में यह निकला कि एक-डेढ़ एकड़ जमीन किसी दलित की थी। उस जमीन का मालिक मर चुका था। जब उस जमीन का मालिक मर गया, तो उसके भाई के बच्चों ने उस जमीन को मुख्य मंत्री के साले के नाम पर बेच दिया। उसके बाद, भाई ने उस जमीन को मुख्य मंत्री की पत्नी को गिफ्ट कर दिया। उसके बाद, वह notify होकर उसके compensation में मैसूर शहर के बीच में 14 बड़े-बड़े प्लॉट्स, जो करोड़ों की संपत्ति हैं --और जब यह विवाद खड़ा हुआ ...(**व्यवधान**)... यह RTI मेरे पास में है।...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति**: नीरज जी, आप उनको बोलने दीजिए, आप क्यों डिस्टर्ब करते हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सभापति जी, वहां यह हो रहा है कि RTI वालों को ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*.. एक सेकंड, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... लहर सिंह जी, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... Digvijaya Singh*ji*, please.

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, the point of order is, he is making a specific charge. ...*(Interruptions)*..

MR. CHAIRMAN: Please, this is point of order. ...*(Interruptions)*..

SHRI DIGVIJAYA SINGH: He is making a specific charge against the Chief Minister. He has to follow the rules and the rule says that he has to give in writing in advance to the Chair. Has he given it in writing to the Chair, Sir? Please give your ruling. ..*(Interruptions)*..

**श्री सभापति**: सुनिए, सुनिए। Digvijaya Singh*ji* has raised a very important point of order. This is already pending for my consideration. But, with respect to this, Lahar Singh*ji* will authenticate all the documents.

SHRI JAIRAM RAMESH: No, no, Sir. ...*(Interruptions)*.. He should not be allowed to speak. ..*(Interruptions)*...

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सर, अगर मेरी एक बात भी असत्य हो तो मैं सदन में कभी नहीं आऊंगा। सभापति जी, मैं कहना चाहता हूँ कि उन मुख्य मंत्री ने क्या कहा। उन्होंने कहा कि अगर मुझे यह साइट नहीं देते हो तो मुझे इसकी एवज में 64 करोड़ रुपये का compensation दिया जाए। ...(**व्यवधान**)...एक मुख्य मंत्री अपनी ही सरकार से 64 करोड़ का मुआवजा मांग रहा है, यह unseen है। इंदिरा गांधी जी ने अपना पूरा आनंद भवन दान कर दिया और एक यह मुख्य मंत्री हैं, जो अपना compensation मांग रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)...

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. Your time is over.

**श्री लहर सिंह सिरोया**: सर, मैं conclude कर रहा हूँ। राहुल गांधी जी और सोनिया गांधी जी RTI एक्ट को लाए, लेकिन RTI का जो concept था, RTI का जो मानस था, उसकी हत्या कर दी गई है और RTI activists को मैसूर में अरेस्ट किया गया है। ...(**व्यवधान**)... मैं उनके नाम लेता हूँ। ...(**व्यवधान**)... गंगराजू और स्नेहमयी कृष्णा, इनको अरेस्ट करके जेल में डाला गया है और वहां पर जो एजेंसियां जांच कर रही हैं, उन एजेंसियों के खिलाफ ...(**व्यवधान**)...बस, अब मैं conclude करता हूँ।

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. Your time is over. Shri Imran Pratapgarhi.

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी** (महाराष्ट्र): सभापति महोदय, आपने मुझे आम बजट पर बोलने का मौका दिया ...(**व्यवधान**)... Sir, my time. ...*(Interruptions)*... Pause my time, Sir.

**श्री सभापतिः** श्री इमरान प्रतापगढ़ी कहा गया है। आप थोड़ा ध्यान से सुनिए।

**श्री जयराम रमेश**: सर, मैंने कहा कि यहां प्रमोद प्रतापगढ़ी भी बैठे हैं।

**श्री सभापतिः** यह आपसी मामला है। यह मुझसे खत्म होने वाला नहीं है। इसकी जड़ें बहुत गहराई तक गई हुई हैं। मैं रोज़ देखता हूं कि ये जड़ें गहरी होती जाती हैं। श्री इमरान प्रतापगढ़ी।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ीः** सभापति महोदय, धन्यवाद। 83 मिनट, 71 बार थपथपाई गई मेज़, 14,417 शब्दों का बजट भाषण और उस बजट में अपने लिए राहत तलाशती मिडिल क्लास की हैरतज़दा

आंखें - सभापति महोदय, मेरे हाथों में जो दस्तावेज़ है, दरअसल यह देश के किसानों, गरीबों और मज़दूरों की उम्मीदों का स्मारक है। ऐसा लग रहा है, जैसे वित्त मंत्री महोदया ने बजट नहीं तैयार किया है, बल्कि प्रधान मंत्री जी के मन की बात का संकलन तैयार किया है।

*"टूटा हुआ लश्कर का भरम देख रहे हैं,*
*और ज़िल्ले इलाही के करम देख रहे हैं।*
*ताकत का नशा अक्ल पर हावी है तुम्हारी,*
*तुम देख ना पाओगे जो हम देख रहे हैं।।"*

वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में महंगाई पर सिर्फ 10 शब्द बोले हैं, जिस देश में टमाटर सौ रुपए किलो बिक रहा हो। ...(**व्यवधान**)...

[**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** *पीठासीन हुए*]

उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा टाइम pause करें या बार-बार interrupt करने से मना करें।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया आप बोलें।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** उपसभाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में महंगाई पर सिर्फ 10 शब्द बोले हैं। जिस देश में टमाटर सौ रुपए किलो बिक रहा हो, उस देश की वित्त मंत्री के पास बजट में महंगाई पर बोलने के लिए सिर्फ 10 शब्द हैं - डीजल, पेट्रोल, आटा, चावल, दाल, सब्जी आदि की महंगाई का तो कोई जिक्र ही नहीं हुआ। सावन चल रहा है, तो प्याज और लहसुन का दाम पूछना शायद पाप होगा। मैंने तो यह भी सुना है कि वित्त मंत्री जी जो चीज़ खुद नहीं खाती हैं, उसके दाम से उनका कोई लेना-देना नहीं होता, लेकिन इस बार बजट पेश करने के लिए पार्लियामेंट आने से पहले वित्त मंत्री जी ने दही और चीनी खाई थी। अब तो उनसे यह पूछा जा ही सकता है कि उन्हें दही, दूध और चीनी का रेट तो इन दिनों पता ही होगा। क्या उसे सस्ता करवाएंगी या नहीं सस्ता करवाएंगी? ...(**व्यवधान**)... अगर पता है तो कृपया सस्ता करवाइए, क्योंकि इसी चीनी ने अमेठी में एक मंत्री महोदया का राजनीतिक कैरियर कड़वा कर दिया। सभापति महोदय, अपने शीश महलों में बैठे हुए सरकार के सांसद और मंत्री कह रहे हैं कि महंगाई कम हो रही है।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया बैठ जाइए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** संसद की कैंटीन से बाहर निकाल कर के एक चाय का कप खरीदिए, तब समझ में आएगा कि महंगाई कम हो रही है या बढ़ रही है। किसी एक दिन किसी मज़दूर की तरह अपनी दिन भर की दिहाड़ी लेकर बाजार जाइए और अपने बच्चों के लिए राशन खरीदिए, तब पता चलेगा कि महंगाई कम हो रही है या नहीं हो रही है। यहां बैठ कर बड़ी-बड़ी बातें करना आसान है -

Content Page

*"ये चूनर धानी-धानी भूल जाते,*
*ये पुरवा की रवानी भूल जाते।*
*जो आकर चार दिन गांव में रहते,*
*तो सारी लंतरानी भूल जाते।।"*

उपसभाध्यक्ष महोदय, इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के नाम छुपाने वालों की सरकार इन दिनों आम का ठेला लगाने वालों के नाम जानना चाहती है। मुझे तो होटलों, ढाबों या आम के ठेलों पर नेम प्लेट लगवाने वालों से पूछना है कि कभी खून की बोतल पर देखा है किसी का नाम लिखा हुआ? मुझे पूछना है कि क्या कोरोना के दौरान अपनी उखड़ती हुई सांसों के लिए ऑक्सीजन तलाशने वाले किसी इंसान ने ऑक्सीजन लाने वाले किसी इंसान से पूछा था कि यह ऑक्सीजन लाने वाला इंसान हिन्दू है या मुसलमान है। मुझे पूछना है कि क्या लावारिस लाशों के लिए कोरोना में कांधा देने वाले, चिताओं के लिए लकड़ियां सजाने वाले किसी इंसान से पूछा गया था उसका नाम, उसका मजहब, लेकिन इन दिनों पूछा जा रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, अफसोस है कि देश के प्रधान मंत्री जी ने कभी न टूटने वाली चुप्पी ओढ़ ली है। उपसभाध्यक्ष महोदय, जनता ने 63 सीटें कम क्या कर दीं, यह सरकार तो अमृतकाल का नाम लेना ही भूल गई। यह भूल गई है अमृतकाल को, यह भूल गई है मनरेगा को, यह भूल गई है मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप को, यह भूल गई है मणिपुर को, यह भूल गई है महाराष्ट्र को। मुझे गर्व है कि मैं राज्य सभा में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। महाराष्ट्र, जो देश की आर्थिक राजधानी है, जो टोटल कॉरपोरेट टैक्स का 40 परसेंट, इनकम टैक्स का 32 परसेंट और जीएसटी का 20 परसेंट इस देश को देता है, उस महाराष्ट्र के लिए इस बजट में एक शब्द नहीं है।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): कृपया आप बैठ जाएं।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: आखिर महाराष्ट्र से किस बात का बदला लिया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): आप बैठ जाएं, जब आपका समय आएगा, तब बोलिएगा।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: महाराष्ट्र ने लोक सभा चुनाव में...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): कृपया बैठे-बैठे न बोलें।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: महाराष्ट्र ने लोक सभा चुनाव में बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान को बचाने के लिए क्वोट क्या कर दिया...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): माननीय सदस्य, कृपया बैठे-बैठे न बोलें।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: प्रधान मंत्री जी तो महाराष्ट्र से बदला लेने पर उतर आए। अब तो शायद उन्हें याद भी न हो कि यवतमाल का वो दाभाड़ी गांव, जहां 20 मार्च, 2014 को वे किसानों के साथ चाय पर चर्चा करने गए थे और किस्मत बदलने के सपने दिखाए थे। उसी यवतमाल में पिछले छह महीने में 132 किसानों ने आत्महत्या की है। सर, महाराष्ट्र में हर महीने 209 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा सौंपा गया आंकड़ा बताता है कि 1 जनवरी से 31 मई के बीच 1,046 किसानों ने आत्महत्या की है, लेकिन अफसोस यह है कि इस बजट में महाराष्ट्र के किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। किसानों से चिढ़ी हुई सरकार ने बजट में किसानों के एमएसपी की लीगल गारंटी नहीं दी, लेकिन याद रखिएगा जो किसान का नहीं, वो हिंदुस्तान का नहीं।

महोदय, मुझे वित्त मंत्री जी से पूछना है कि कुछ साल पहले 100 स्मार्ट सिटीज़ बनाने का ढोल पीटा गया था, सुना है उस ढोल में पानी भर गया है। इसलिए आपने उसका नाम बदलकर सिटीज़ ऐज़ 'ग्रोथ हब्स' रख दिया है। अच्छा है, नाम बदलने का खेल खेलते रहिए। आपकी कई सरकारें तो इसी वजह से चल रही हैं। इस सरकार को पढ़े-लिखे लोगों से दिक्कत है, इसीलिए इस सरकार ने यूजीसी का बजट 66 परसेंट कम कर दिया है। वाह री सरकार! सर, मैं वित्त मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि किशनगंज में एएमयू सेंटर के पास 224 एकड़ जमीन है। यूपीए सरकार ने सोनिया गांधी जी की अगुवाई में 136 करोड़ रुपये एएमयू, किशनगंज सेंटर के लिए सेंक्शन किए थे, लेकिन आपकी सरकार ने पिछले दस साल में उस 136 करोड़ रुपये में से सिर्फ दस करोड़ रुपये रिलीज़ किए हैं। डेढ़ करोड़ की आबादी वाला सीमांचल बेहतर शिक्षा के लिए उस सेंटर की बांट जोह रहा है। मेरा आपसे सवाल है कि इस सेंटर का बाकी पैसा आप कब रिलीज करेंगे। मुझे उम्मीद है कि वित्त मंत्री महोदया जवाब जरूर देंगी। सीमांचल उसी बिहार में आता है, जिसकी बैसाखी के सहारे आपकी सरकार चल रही है। वहां के लोगों को एम्स की जरूरत है। महानन्दा और कोसी से होने वाली बाढ़ की तबाही को रोकने के लिए बांध बनाइए, सीमांचल के साथ सौतेला व्यवहार बंद कीजिए। इकोनॉमिक कोरिडोर बनाने से किसी राज्य का विकास नहीं होगा, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी मुद्दों के लिए बजट देने पर विकास होगा। एक तरफ तो इस बजट में पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ अतिरिक्त मकान देने की घोषणा है और दूसरी तरफ लखनऊ के अकबर नगर में 1,280 वे मकान हैं, जिन्हें रिवर फ्रंट बनाने के नाम पर बुलडोजर से ज़मींदोज़ कर दिया गया। वहां लोग चीखते रहे, बच्चे बिलखते रहे, वसुधैव कुटुम्बकम का नारा लगाने वाली सरकार इंसानों के घरौंदे उजाड़ कर जश्न मना रही है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया बैठ जाइए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: मेरा बहुत भावुकता के साथ देश के प्रधान मंत्री से सवाल है कि इन उजड़ते हुए मकानों और बेघर होते हुए घरों को देखकर आपको नींद कैसे आती है, आप सो कैसे पाते हैं।...(**व्यवधान**)... मेरा सवाल है इस देश के प्रधान मंत्री से या तो लोगों के घरौंदे उजाड़ना बंद कीजिए या फिर करोड़ों मकान बनाने की * घोषणाएं करना बंद कीजिए। यह बजट * का पुलिंदा

* Expunged as ordered by the Chair.

है, यह बजट, आपके पिछले साल के बजट का कट, कॉपी, पेस्ट है। यह बजट हमारे चुनावी घोषणापत्र की नकल करने की एक * कोशिश है।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : * और * शब्द नहीं जाएंगे।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: लेकिन कहावत है कि नकल के लिए भी अकल चाहिए। मेरे हाथ में एक तरफ न्याय पत्र है, जो हमारा है, वहीं दूसरी तरफ अन्याय पत्र है, जो आपका है।...(**व्यवधान**)... इस सरकार को आलोचना सुनने की आदत नहीं है।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया शांत रहें।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी**: जब आप इनसे सवाल पूछिए, तो ये कहते हैं कि आप बताइए कि 70 साल में आपने क्या किया है? मैं इस सदन में कहना चाहता हूं कि हमसे 70 साल का हिसाब मांगने वालों, जो सरकार अपना चलाया हुआ 2000 का नोट सात साल नहीं चला सकी, वह हमसे 70 साल का हिसाब मांगती है! उपसभाध्यक्ष महोदय, अंत में, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि यह बजट बैसाखी पर टिकी हुई सरकार का कुर्सी बचाओ बजट है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आप सुनिए, आप सुनिए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** इस बजट में राज्यों के साथ, किसानों के साथ, नौजवानों के साथ, महिलाओं के साथ, देश के मिडिल क्लास के साथ अन्याय किया गया है और इस अन्याय का खामियाजा आपको महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव में भुगतना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस सरकार ने नोटबंदी लगाकर देश की आम जनता की पूंजी छीन ली। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपा करके बैठे-बैठे नहीं बोलिए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** गब्बर सिंह टैक्स लगाकर छोटे व्यापारियों के कारोबार छीन लिए, पेपर लीक करवा कर युवाओं की आंखों से नौकरी के सपने छीन लिए, अग्निवीर योजना लाकर जवानों की उम्मीदें छीन लीं, बुल्डोजर लगाकर लोगों के आशियाने छीन लिए, महंगाई लाकर देश की जनता की थाली से निवाले छीन लिए और नारा लगाया कि हम तो सेवक हैं! हम तो 18-18 घंटे काम करते हैं। इन्हीं लोगों के लिए किसी ने एक शेर कहा है,

*"जो सच और झूठ में दूरी है, वह दूरी समझते हैं,*
*सियासी हाकिमों की हम भी मजबूरी समझते हैं,*
*वो अपना हक समझते हैं निवाला छीन लेने को,*
*डकैती को बहुत से लोग मजदूरी समझते हैं।"*

हमें पता है कि कैसी मजदूरी की जा रही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यहां खड़ा होकर के अंत में, आपसे कहना चाहता हूं कि इस बजट में तमाम राज्यों के साथ अन्याय किया गया है। इस बजट में युवाओं के साथ अन्याय किया गया है, महिलाओं के साथ अन्याय किया गया है। ...(**व्यवधान**)... खास तौर से महाराष्ट्र के लिए कुछ भी नहीं रखा गया है। महाराष्ट्र बाढ़ से जूझ रहा है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्य, आप शांत रहिए। आप शांत रहिए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** पानी बरसने से 1,500 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उस राज्य को, उस शहर को 4,000 करोड़ रुपये के पैकेज की जरूरत है ताकि जो फसलें बरबाद हुई हैं, लोगों को राहत दी जा सके। लेकिन अफसोस इस बजट में महाराष्ट्र के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है। ...(**व्यवधान**)... मैं आखिर में यह कहना चाहता हूं कि पिछले सात दिन से इस बजट का बड़ा ढिंढोरा पीटा जा रहा है, इसे महान बताया जा रहा है, लेकिन कौन महान बता रहा है। सत्ता पक्ष के लोगों को तो बताना ही है, क्योंकि मैं अवध क्षेत्र से आता हूं, मैं प्रतापगढ़ से आता हूं। नीरज भाई भी अवध और पूर्वांचल से आते हैं। ...(**व्यवधान**)... वहां एक कहावत है कि "*बिटिया की तारीफ किसने की, बिटिया की महतारी ने*", यानी कि बेटी की प्रशंसा किसने की, माँ ने की। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपा करके माननीय सदस्य शांत रहिए।

**श्री इमरान प्रतापगढ़ी:** तो इस बजट की तारीफ सत्ता पक्ष तो करेगा ही, लेकिन विपक्ष के एक भी सांसद से आप पूछिए कि क्या उसके राज्य को कुछ मिला है, तो वह यह कहेगा कि नहीं, कुछ भी नहीं मिला है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे आम बजट पर अपनी राय रखने का मौका दिया।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** धन्यवाद। श्री अब्दुल वहाब।

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Sir, this Union Budget is an uneven budget. One 'Jha' says that बिहार के लिए कुछ नहीं, another 'Jha' says बिहार के लिए सब कुछ है। YSR party is saying that there is nothing for Andhra and this is an uneven Budget. Actually, there is nothing for any State, especially for Kerala. We are totally ignored. एम्स, एम्स बोलकर एक मंत्री जी ने एक सीट ली। अभी इसमें एम्स की बात भी नहीं है। For India, the solution is skill development and giving employment. The Government has given importance to it but it is not enough. Jan Shikshan Sansthans are doing wonderful work but they are given only Rs.50 lakhs. They should be given minimum Rs.2 crore. Only then JSS could do something. I hope our Skill Minister with Independent Charge, Jayant*ji*, will take care of it. Next thing is MPLADS funds. MPLADS funds are Rs.5 crore. For how many years it has been Rs.5 crore? What is the inflation? In

2004, we could make a classroom for Rs. 50,000. Now, Rs.5 lakhs are not enough for a classroom. So, I request our Minister to increase the MPLADS funds. Some people may be against it, but it is a very good scheme and the Government should increase it to, at least, Rs.15 crore. The Government has to give more importance to the skill development and more funds must be given for it. This is the only way to skill the youth and get rid of unemployment. I hope this Government will look into it. The GST should be avoided, especially for youth development and all. For NEET exam also, there is 18 per cent tax. Who has to pay for this? As my friend mentioned, in NEET and other examinations, only rich students are able to qualify and not the ordinary people. The one thing that you should do is to remove all the coaching centres or, at least, restrict the coaching centres. Every day, we see so many advertisements on the front pages of big newspapers, like the *Hindu* and others, by these coaching centres. Crores and crores of rupees are being spent by these coaching centres on advertisement. That is happening and we have seen the results of this trend.

So, I request the Government to consider 2-3 points. The remedies presented in the Budget to tackle unemployment crisis are not very convincing. I am of the opinion that when it is time for Government to provide high paying employment opportunities to our educated youth, they have come up with an internship policy in top 500 companies with a stipend of Rs.5,000 only. I welcome this initiative, but to meet the target of one crore interns in five years, it is assumed that the selected 500 companies in India will now have to train an average of 4,000 students/interns in a year, which is beyond demand or capacity of any existing company in India. Also, a stipend of Rs.5,000 for students in internship is way less than the daily wage of MNREGA workers in Kerala. I think, even the stipend provided for Rajya Sabha internship is Rs.25,000. I request that the Government should bring more clarity on the ELI scheme.

Now, I will talk about visible under-unemployment and invisible under unemployment. People, who have PhD degrees, have no appropriate job opportunities. People, who have B.Tech and M.Tech degrees, are working as Uber drivers and delivery agents. It is a great failure of the Government that they are not being able to provide good opportunities to the educated youth. I urge upon the hon. Finance Minister that in her reply, she must answer as to what the Government plans to offer to our educated youth.

My second concern, as I told you, is wrong tax policy for small and medium-scale business and entrepreneurship. These sectors are critical in generating employment for our youth. However, the current GST policy of Government is killing

many young entrepreneurs at the infant stage. For example, a student, who is taking NEET coaching today, has to pay 18 per cent GST for the service of tuition.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** कृपया समाप्त कीजिए।

SHRI ABDUL WAHAB: Sir, I am looking at you. Just like everybody, please give me two-and-a-half minutes more.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपके 5 मिनट पूरे हो गए हैं, कृपया समाप्त कीजिए।

SHRI ABDUL WAHAB: Let me finish this point. I demand that the Government must seriously engage with small, medium-scale, retail and wholesale business people and young entrepreneurs to understand how tax and online business is killing their business or entrepreneurship. I request the Government to look into these small things. Finally, Sir, my concern is regarding the NRIs.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** आपका समय समाप्त हो गया है, कृपया समाप्त कीजिए।

SHRI ABDUL WAHAB: I will conclude with this point. According to the present Report of the World Bank, India tops in the world with a flow of $125 billion. The Government should come up with a comprehensive Pravasi Welfare Package that addresses their social, economic and health welfare schemes. I urge upon the Government to reinstate the Ministry of Overseas Affairs to specially look after the welfare of Non-Resident Indians and Indian Diaspora. Thank you, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आपका समय समाप्त हो गया है, कृपया बैठ जाइए।

**श्री सुधांशु त्रिवेदी** (उत्तर प्रदेश): पीठासीन उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मैं एक ऐतिहासिक बजट के पक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए खड़ा हुआ हूं। माननीया वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण जी ने एक रिकॉर्ड बनाया है। महोदय, 1959 से 1964 तक, छह बार लगातार बजट प्रस्तुत करने का मोरारजी देसाई जी का जो रिकॉर्ड था, उसे तोड़कर सात बार लगातार बजट प्रस्तुत करने का रिकॉर्ड अब उनके नाम है। महोदय, एक और रिकॉर्ड जन समर्थन से लगातार तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने का भी है। यह रिकॉर्ड प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व की सरकार ने बनाया है। इस रिकॉर्ड की साठ साल पहले के रिकॉर्ड से तुलना की जाती है, मगर, मैं कहना चाहूंगा कि इस रिकॉर्ड और उस रिकॉर्ड में बहुत अंतर है। वह रिकॉर्ड तो किसी राजे रजवाड़ों की शानो शौकत के साथ रहने वाले किसी ऐसे नेता का था, जिन्होंने महात्मा जी की कृपा से वायसराय से शपथ लेकर मोती के लाल की सरकार बनाई थी, पर यह अभावों में पैदा हुए राष्ट्रवाद का संकल्प लेकर,

Content Page

युवावस्था से स्वंयसेवक बनकर एक चाय बेचने वाले के लाल के नेतृत्व में तीसरी बार बनी हुई सरकार है और यह उसका बजट है।

महोदय, बजट आंकड़ों का प्रतिबिम्ब होता है, मगर कुछ लोगों की आंखें ऐसा धोखा खाती हैं कि उन्हें आंकड़े सही समझ में नहीं आते हैं। हमारी सरकार आने से पहले दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था थी, वह कमजोर थी, आज पाँचवें नंबर की अर्थव्यवस्था है, वह अच्छी है, मगर इनको वह अच्छी और यह बुरी लग रही है। जब 74,000 रुपये पर कैपिटा इनकम थी, तो वह अच्छा था, अब 2,12,000 रुपये पर कैपिटा इनकम है, तो वह खराब है। दस परसेंट महंगाई अच्छी थी, पाँच परसेंट महंगाई खराब है। ग्रोथ रेट पाँच परसेंट से कम थी, वह अच्छी थी और अब ग्रोथ 7.02 और कुछ सीमाओं में आठ परसेंट है, तो वह खराब है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह समझा जा सकता है। जिनकी संख्या समझ ऐसी हो कि 99 बड़ा है और 240 छोटा है, 22 परसेंट वोट अच्छा है, 38 परसेंट वोट कम है, तो यह सहज ही समझा जा सकता है। जिनकी सोच ऐसी हो कि थर्ड टर्म में गवर्नमेंट बनाना पराजय है और थर्ड अटेम्पट में थर्ड डिजिट टच न कर पाना ऐतिहासिक विजय है। परंतु, मैं एक बात कहना चाहूँगा कि उन्हें कम से कम इतना तो अख्तियार मिला है कि उन्हें पहली बार नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। इस बात के लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं देना चाहता हूँ। राजीव शुक्ला जी ने अभी एक शेर बोलते हुए कहा था कि वह शोहरत आई है, वह गई भी हो सकती है, तो वे जिस ढंग के लहजे और जिस ढंग के तेवर दिखा रहे हैं, उनके लिए मैं कुछ कहना चाहूँगा। हमारे यूपी की एक शायरा हैं। इमरान प्रतापगढ़ी जी को याद होगा। उनकी बड़ी फेमस नज्म है।

"ख़मोश लब हैं झुकी हैं पलकें दिलों में उल्फ़त नई नई है"
मगर यहाँ तो उल्टा है।
"गुस्ताख लब हैं तनी हैं भौंहें दिलों में नफरत नई नई है।"
मगर इसके आगे की लाइन है –
"ज़रा सा कुदरत ने क्या नवाज़ा कि आ के बैठे हो पहली सफ़ में"
यानी फर्स्ट रो में
"ज़रा सा कुदरत ने क्या नवाजा जो आके बैठे हो पहली सफ में
अभी से उड़ने लगे हवा में अभी तो शोहरत नई नई है।"

अब मैं यह कहना चाहूँगा कि मैं उनको हवा से उतार कर धरातल का कुछ इतिहास बताना चाहता हूँ। एक दौर था, जब भारत में विकास की दर 1.25 से 2 परसेंट रहा करती थी और कभी-कभी शून्य के पास पहुंच जाया करती थी, आज भारत की विकास दर विश्व की समस्त अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर, सात परसेंट से ऊपर जाकर खड़ी हुई है। एक दौर था, जब हम वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ के सामने याचक की मुद्रा में खड़े हुए होते थे और आज स्थिति यह है कि वर्ल्ड बैंक के प्रेज़िडडेंट, अजय बंगा ने जुलाई, 2023 में जो कहा है, मैं उसे क्वोट कर रहा हूं। "Amid global challenges, I am more optimistic about India and its economy now than it has been a long time. लंबे समय के बाद भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति मैं आशांवित हूँ। महोदय, मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि पुराने जमाने, 1970 के आसपास की एक बड़ी फेमस फिल्म थी, जिसमें एक डायलॉग था - यह दो रोटी खाता है, तो एक कर्जे की खाता है। India's

contribution to the world is zero, zero and zero. मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि आज मोदी जी के नेतृत्व में हालत यह हुई है कि IMF Chief, Kristalina Georgieva has said, "India's contribution to the global GDP is 15 per cent and it continues to remain a 'bright spot' in the global economy. सर, 15 परसेंट के द्वारा ब्राइटेस्ट स्पॉट भारत बना हुआ है। फिस्कल डेफिसिट 4.9 परसेंट है। करंट अकाउंट डेफिसिट 0.7 परसेंट है। ऑल-टाइम हाई कैपिटल एक्सपेंडीचर है, ऑल-टाइम हाई फोरन एक्सचेंज रिज़र्व हैं। शायद लोगों को न ध्यान रहा हो, मैं एक और तथ्य बताना चाहता हूँ। पिछले वर्ष भारत में 125 बिलियन डॉलर का फोरन रेमिटेंस हुआ, जो पूरे वर्ल्ड में सबसे ज्यादा था, चाइना से भी ज्यादा था। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि सामान्यतः हमारे यहाँ फोरन रेमिटेंस मिडिल ईस्ट की कंट्रीज़ से हुआ करता था, यहां हम किसी को छोटा और बड़ा नहीं कहते हैं, पर जहाँ के लिए कहा जाता था कि औसत दर्जे के काम करते थे, पर इस बार जो 36 परसेंट ग्लोबल रेमिटेंस है, वह डेवलप्ड इकोनॉमी, यानी अमेरिका, यूरोप और सिंगापुर से आया है, जो दर्शाता है कि भारत की मेधा किस सीमा तक जाकर, विश्व में पहुंचकर प्रभावी होना शुरू हो गई है। मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि इनके समय में Standard and Poor's ने भारत की रेटिंग स्टेबल से निगेटिव कर दी थी। वर्ल्ड बैंक ने 2008 में अपना कमेंट दिया है कि "With 55 to 60 per cent of India's irrigated land is supplied by ground water or electricity erratic है, फ्लक्चुएशंस बहुत ज्यादा हैं। मैं बताना चाहता हूँ कि मई, 2024 में वही वर्ल्ड बैंक क्या कहता है - The positive outlook reflects our view that continued policy stability, deepening economic reforms and Government's elevated debt and interest burden, while bolstering economic resilience, could lead to high rating over the next 24 months. यानी अब वही कह रहा है कि भारत इतनी शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है कि दो साल और आगे चलता रहेगा। 2018 में वर्ल्ड बैंक ने जो कहा था, वह आज कह रहा है, यह उसने 2018 में कहा था, अब तक तो लगभग 100 परसेंट हो गया है - 85 per cent population has accessibility to electricity. मैं अपने विरोधियों के लिए बताना चाहता हूँ कि ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट नें कहा है कि "In the best case scenario, India's economy will accelerate by the rate of 9 per cent by the end of this decade and China will slow down to 3.5 per cent. So, that puts India on the course to overtake China by the beginning of the next decade." उन्होंने कहा कि after 2029 इंडिया world's biggest economic growth driver बन सकता है और हमें पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में 2029 से पहले हम बनकर दिखाएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि 'In the most pessimistic scenario, if India grows by 6.5 per cent, by 2037, India will be able to overtake China.' यानी निराशाजनक ढंग से भी सोचें तो 2036-37 में आगे हो जाएंगे, मगर महोदय, यह बात उन लोगों को कैसे समझ आएगी। महोदय, बजट से पहले एक रस्म होती है, जो कि हमेशा से एक परंपरा थी - हलुवा बनाने की । लोग उसके ऊपर भी कमेंट कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसमें SC/ST और OBC कहां हैं। वैसे उन्हें हमारे वित्त राज्य मंत्री शायद दिखाई नहीं पड़े। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह वे लोग पूछ रहें हैं, जो 60 साल से खाते रहे हलुवा और जनता को खिलाते रहे बलुवा। महोदय, मैं ओबीसी की बात करने वालों से पूछना चाहता हूं कि 1953 में काका कालेलकर कमिटी बनी, 1955 में रिपोर्ट आई और 1955 से लेकर 1977 तक 22 साल ओबीसी वर्ग खाता रहा बलुवा और ये खाते रहे हलुवा। वर्ष 1980

में मंडल कमीशन की रिपोर्ट आई, इंदिरा जी और राजीव गांधी जी की सरकारें आईं, 10 साल तक ओबीसी खाता रहा बलुवा और ये खाते रहे हलुवा। जिन्होंने 4-4 पीढ़ियों तक खाया है हलुवा, वे आज हमसे पूछ रहे हैं! वह तो मोदी जी जब आए, तब ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा मिला, अन्यथा मैं हलुवा और बलुवा वालों से पूछना चाहता हूं कि वे बताएं कि वर्ष 2014 में इनकी कैबिनेट में कितने ओबीसी मिनिस्टर्स थे। ये किन्हीं तीन के नाम बता दें। महोदय, आपको ध्यान हो कि यह बजट उनके लिए एक चक्रव्यूह की तरह हो गया है। वे कहते हैं कि चक्रव्यूह और पद्म व्यूह समान है। पद्म मतलब लोटस, यानी कमल, मगर मैं आपके माध्यम से पूरे देश को बता देना चाहता हूं उनके ज्ञान के ऊपर पद्म व्यूह, चक्र व्यूह अलग है। प्राचीन भारत में पद्म व्यूह है, चक्रव्यूह है, गरुण व्यूह है, क्रोंच व्यूह, चंद्र व्यूह है, मकर व्यूह है, त्रिशूल व्यूह है, 36 प्रकार के व्यूह हैं, मगर क्या करें जिनको व्यूह view नज़र आता हो, उनके लिए हर चीज में भारतीय जनता पार्टी और कमल के ऊपर आपत्ति नज़र आती है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हम सब चाहते हैं कि इस देश में समृद्धि आए, बजट इसीलिए लाया जाता है, यानी मां लक्ष्मी की कृपा रहे और हम सब चाहते हैं कि देश में प्रबुद्धता आए, मां सरस्वती की कृपा रहे। मां सरस्वती भी कमल पर विराजती हैं और मां लक्ष्मी भी कमल पर ही विराजती हैं। जितना कमल खिला रहेगा, उतना इस देश में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त रहेगा।

अब मैं आगे भी बताना चाहता हूं कि आज employment-linked scheme आई, तो कोई कहता है कि हम अचानक employment-linked scheme लेकर आए। ऐसा नहीं था। नरेन्द्र मोदी जी जब वर्ष 2014 में प्रधान मंत्री बने - आप देखिए उन्होंने स्टेप बाय स्टेप काम किए। पहले जनधन अकाउंट खोले, तो लोगों ने कहा कि पैसा कहां से आएगा। उन्होंने कहा कि I am having in the mind. तुम खाते खोलो। डीबीटी, Direct Benefit Transfer आया, उसके बाद मुद्रा स्कीम आई है, उसके बाद product-linked equity scheme आई, फिर विश्वकर्मा स्कीम आई, फिर आज employment-linked scheme आई है, जैसे-जैसे हमारी समृद्धि बढ़ी, हमने जनता को श्रेय दिया। पहले 6,000 रुपये किसान सम्मान निधि थी, अब इस बजट में 12,000 रुपये की, पहले 10 लाख रुपए तक की मुद्रा योजना थी, अब 20 लाख रुपए की है। महोदय, इनका हथियार है भ्रम और भय, हमारा माध्यम है विकास और विश्वास। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि इन लोगों ने मात्र डेढ़ साल पहले इस बात का प्रबल प्रचार किया था कि एसबीआई बरबाद हो गया, एलआईसी बरबाद हो गया, एचएएल बरबाद हो गया, तो मैं आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि एलआईसी ने पिछले क्वार्टर में 17,000 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया है, जो एलआईसी का ऑल टाइम हाई है, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने पिछले क्वार्टर में 21,000 करोड़ का प्रॉफिट दर्ज किया है, जो प्राइवेट और गवर्नमेंट मिलाकर सबसे ज्यादा है। एसबीआई का ही ऑल टाइम हाई नहीं है, बल्कि रिलायंस से भी ज्यादा है और एचएएल ने 2023-24 में 29,810 करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त किया है और 80,000 करोड़ रुपए के उसके ऑर्डर्स पाइपलाइन में है जो ऑल टाइम हाई है। यह मैं केवल इसलिए बताना चाहता हूं कि सदैव मैंने सुना है कि भारत की कंपनियां पब्लिक सेक्टर की हों या प्राइवेट सेक्टर की हों, उनके बारे में दुष्प्रचार होता है। मैंने आज तक किसी विदेशी कम्पनी के बारे में दुष्प्रचार होते नहीं देखा। मैं उसके बारे में विस्तार से नहीं जाना चाहता हूं कि उनके लोगों की कैसे-कैसे मदद की जाती है, परंतु मैं इतना ज़रूर कह देना चाहता हूं, आज यह नज़ारा इतना बदला है कि हम पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था जिस ब्रिटेन को

ओवरटेक करके बने हैं, आज ब्रिटेन में इच्छा ज्यादा है कि भारत से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो। महोदय, हम लोगों के बचपन में यह कल्पना नहीं की जा सकती थी कि ब्रिटेन की इच्छा ज्यादा होगी, वहां इस बात की लालसा अधिक है कि भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो। परंतु मैं एक और बात कहना चाहता हूँ, हमारे विरोधी कहते हैं कि डॉलर की कीमत कम हो गई है। मुझे लगता है कि पता नहीं, वे किस जमाने में जी रहे हैं। वे दिन गए, जब डॉलर वर्ल्ड की hard currency हुआ करता था। मैं quote करना चाहता हूँ। अब धीरे-धीरे डॉलर का वह स्तर हट रहा है। इसी वर्ष 7 मई को IMF की First Deputy Managing Director ने कहा है, उनका लंबा स्टेटमेंट नहीं, अंतिम वाक्य बताना चाहता हूँ, "In sum, the international monetary and reserve system continues to evolve. The patterns we highlighted earlier—very gradual movement away from dollar dominance, and a rising role for the non-traditional currencies of small, open, well-managed economies," -- और आगे मैं कहना चाहूँगा, -- "enabled by new digital trading technologies—remain intact." जिन देशों की digital economy मजबूत है, वे अब intact हैं और आज स्थिति यह है कि हमारा पेट्रोल में जो foreign exchange का सबसे बड़ा revenue आता है, वह हम मुख्यतः रुपी और रुबल में पे कर रहे हैं। 18 देशों के साथ अब रुपए में ट्रेड की बात finalization stage में है। नेपाल और भूटान से तो हो भी रहा है। महोदय, मैं कहना चाहूँगा, हमारे लखनऊ में एक कहावत होती है कि अमाँ मियाँ वह दिन लद गए, जब उस्ताद लल्लू खाँ फाख्ते उड़ाया करते थे। मैं कहना चाहता हूँ कि अमाँ मियाँ, वह दिन लद गए, जब रुपया डॉलर की लैला हुआ करता था कि उनकी पीठ पर एक बेंत पड़ती थी, तो निशान यहाँ बन जाते थे। अब मोदी जी के नेतृत्व में रुपया एक नए प्रभाव के साथ आगे उभरता हुआ नजर आ रहा है।

महोदय, बजट के दौरान उन लोगों ने employment linked scheme के ऊपर एक आरोप लगाने का प्रयास किया कि जैसे हमने उनकी कोई नकल करने का प्रयास किया है। मैं आपसे कहना चाहूँगा कि अर्थव्यवस्था के मामले में 40 साल रूस की नकल और 20 साल अमेरिका की नकल करके जो भारत की अर्थव्यवस्था को चलाते रहे, अगर वे आज यह बताने का प्रयास करें कि नकल किसने करने का प्रयास किया, तो ठीक नहीं है। मैं एक fact लोगों के सामने रखना चाहता हूँ कि अगर कोई इनकी नकल करना चाहे, तो कितनी भयानक स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। महोदय, इस बजट में भारत सरकार की revenue receipt कितनी है - 26,80,000 करोड़। 4.9 परसेंट के deficit के साथ भारत का जो कुल राजस्व है, कुल आमदनी 27 लाख करोड़ से कम है और ये कहते थे कि हर परिवार को एक लाख दे देंगे। 140 करोड़ की आबादी है, 4.5 लोग पर फेमिली, 140 करोड़ को 4.5 से divide करिए, 31 करोड़ परिवार आते हैं। आप सबको एक-एक लाख दे देंगे! 27 लाख करोड़ की कुल आमदनी है और कहते हैं कि 31 लाख करोड़ दे देंगे, यह दर्शाता है कि ये हकीकत में किस प्रकार का भ्रम और भय फैलाने का प्रयास करते हैं। ये कहते थे कि खटाखट, खटाखट 8.5 हजार देंगे, मैं कहना चाहता हूँ कि जहाँ सत्ता में आए हों, वहाँ दीजिए न, कौन रोक रहा है! आप राज्यों में भी सत्ता में हैं। चलिए, राज्यों के पास पैसा कम है, तो 6.5 हजार ही दे दीजिए। महोदय, मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि जब हम विपक्ष में थे, तो मध्य प्रदेश में हमने 'लाड़ली बहना योजना' तो अभी लागू की, विपक्ष में रहते हुए 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' लागू करके दिखाई थी। हमने गुजरात में 10 परसेंट कृषि विकास दर करके दिखाई थी। हमने कर्णाटक में ज़ीरो परसेंट rate of interest, financial liability की बात कह रहा हूँ, first year में किसानों के

agricultural loan पर करके दिखाया था। इसलिए ये करने में नहीं, किसी भी प्रकार का हल्ला मचाने में अधिक रुचि रखते हैं।

महोदय, मैं इस बजट की एक और प्रशंसा करना चाहूँगा कि भारत की पहचान और सांस्कृतिक विषय को किस प्रकार से आगे बढ़ाना चाहिए, इसके लिए नालंदा, बोध गया और ओडिशा के लिए जिस प्रकार के धन का आवंटन किया गया है, वह बहुत प्रशंसनीय है। हाँ, मैं यह जरूर कहना चाहूँगा कि अभी हमारे मित्र, इमरान प्रतापगढ़ी जी बोल रहे थे, तो मैं कहना चाहता हूँ कि हम तो भारत की पहचान उठाना चाहते हैं, मगर इन लोगों के अरमान हमेशा पहचान छुपाने वालों के साथ ही क्यों लगे रहते हैं? महोदय, ये जिस पहचान की बात कर रहे थे, मैं कहना चाहता हूँ कि आज विपक्ष कहता है कि इस देश में हरेक जाति की पहचान होनी चाहिए और जाति का सर्टिफिकेट हाथ में होना चाहिए, उससे कह दिया जाए कि यदि आपको जो सर्टिफिकेट issued है, वह दिखा दो, तो पहचान को खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि क्या आप जानते हैं कि पहचान छुपाने वालों से अरमान कहाँ से जुड़े हैं? ये कहते हैं - डबल ए। डबल ए का मतलब आप लोग समझ रहे होंगे। सभापति महोदय, मैं इनसे पूछना चाहता हूँ कि ये डबल ए स्मॉल 'ए' से कैपिटल 'ए' कब बने थे? आप ही के दौर-ए-हुकूमत में बने थे। मगर इनका कैपिटल अब डबल ए से भी बड़ा हो गया है - CAA. वहाँ भी पहचान छुपाने वालों के साथ थे और आज भी पहचान छुपाने वालों के साथ हैं। इसलिए इनकी फितरत किसी भी प्रकार से बदलती नहीं है।

मैं एक और fact बताना चाहता हूँ कि Corporate tax को 40 परसेंट से 35 परसेंट किया गया है, तो ये कहते हैं कि कंपनियों को फायदा दिया जा रहा है। मैं बताना चाहता हूँ कि आज वैश्विक व्यवस्था का जमाना है। चीन से manufacturing companies हट रही हैं। यूरोपियन यूनियन ने चाइनीज़ इलेक्ट्रिक कारों के ऊपर 38 परसेंट ड्यूटी बढ़ा दी है, इसलिए भारत के पास एक मौका है। मैं इनसे पूछना चाहता हूँ कि चीन में Corporate tax कितना है - 25 परसेंट, इंडोनेशिया में 22 परसेंट, साउथ अफ्रीका में 27 परसेंट। अगर आप कह रहे हैं कि इसको 40 परसेंट रहना चाहिए, तो मैं विनम्रता से और चुनौती से पूछना चाहता हूँ कि आप किसकी मदद करना चाहते हैं? आप किन देशों की कम्पनियों की मदद करना चाहते हैं? यह बात आज देश के सामने बहुत साफ होकर सामने आ रही है। मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि जिनको यह लगता है कि टैक्स स्ट्रक्चर को चेंज किया गया है, तो टैक्स स्ट्रक्चर का स्टेंडर्डाइजेशन किया गया है। लाँग टर्म गेन हमारी सारी एसेट्स पर - चाहे वह जमीन हो, शेयर हो या सोना हो, सब पर साढ़े 12 परसेंट किया गया है। जिनको लगता है कि कुछ सीटें कम हो गई हैं, तो उनका हौसला बढ़ गया है, तो सावन का महीना है, जैसा कि इमरान भाई अभी कह रहे थे, तो मैं सावन के महीने पर भी कहना चाहता हूँ किः

*"कुछ दीपों के बुझ जाने से आंगन नहीं मरा करता है,*
*कुछ पानी के बह जाने से सावन नहीं मरा करता है।"*

महोदय, अब मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि ये जिस महँगाई की बात करने का प्रयास कर रहे हैं, आज ये बेरोजगारी की बात कहते हैं, तो ईपीएफओ (ईम्प्लॉईज़ प्रॉविडेंट फंड) सबसे ऑथेंटिक डेटा होता है। हमारे इस बजट में यह व्यवस्था की गई है कि सरकार शुरुआत में

ईम्प्लॉईज़ प्रॉविडेंट फंड में भी कंट्रीब्यूशन देगी। मैं फिर ले मैन के रूप में यह कहना चाहता हूँ कि अगर किसी भी चीज से रोजगार सृजन नहीं हो रहा है, तो 37 किलोमीटर पर डे सड़क बन रही है, 12 किलोमीटर पर डे रेलवे का इलेक्ट्रिफिकेशन हो रहा है और सबसे ऊपर 4 करोड़ प्रधान मंत्री आवास बन गए, 74 एयरपोर्ट्स बन गए, चिनाब पर सबसे ऊँचा पुल बन गया, कोलकाता में नदी के नीचे मेट्रो लाइन बन गई - यह बना कौन रहा है? भारत सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन गया - यह बना कौन रहा है? महोदय, आसमान से जिन्नात नहीं आ रहे हैं। कोई न कोई बना रहा है, इसलिए आंकड़ों में देख लें या हकीकत में देख लें, यह बात बिल्कुल साफ हो जाती है। इन्होंने जो अभी दूध-दही की बात कही थी, तो मैं एक बात बता देना चाहता हूँ कि 2004 का आंकड़ा देख लीजिए। उस समय फुल क्रीम दूध 18 रुपये का था, जब हमारी सरकार आई, तो वह 40 रुपये का था। तो वह कितना बढ़ा - 120 परसेंट और आज कितना है - 65 रुपये का, कितना बढ़ा - 60 परसेंट। तो जब तुलना की जानी चाहिए, तो ईमानदारी से तुलना की जानी चाहिए।

महोदय, मैं राज्यों को कुछ देने की बात पर कहना चाहता हूँ कि हमारी सरकार ने ईमानदारी से दिया है। डिफेंस कॉरिडोर बनाने की बात आई, तो हमारी सरकार के आने के बाद डिफेंस एस्टेब्लिशमेंट में जो सबसे बड़ा अंतर आया है, वह यह है कि दो डिफेंस कॉरिडोर्स बने - एक उत्तर भारत में और दूसरा दक्षिण भारत में। उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश को मिला और दक्षिण भारत में तमिलनाडु को मिला। उत्तर प्रदेश में भी उस समय हमारी सरकार नहीं थी, परन्तु आप सोच सकते हैं कि वहाँ सरकार आ सकती थी, लेकिन तमिलनाडु में तो हमारी सरकार आने की सम्भावना नहीं थी, फिर भी उसे ईमानदारी से हमने यह दिया है। महाराष्ट्र में बधावन पोर्ट के लिए 76,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। आज मैं यह बताना चाहता हूँ कि 500 बड़ी कम्पनियाँ जो आएँगी, तो उत्तर भारत में एनसीआर का क्षेत्र उससे सबसे ज्यादा लाभान्वित होगा, तो दिल्ली के आसपास के राज्य, चाहे वह हरियाणा हो, उत्तर प्रदेश हो या राजस्थान हो, उनको सबसे ज्यादा लाभ मिलने की सम्भावना है। आईफोन बनाने की फैक्टरी तमिलनाडु और कर्णाटक में लगाई गई है, जिससे इस बात का पता चलता है।

महोदय, मगर मैं एक बात कहना चाहता हूँ कि ये कहते हैं कि बिहार को बहुत दिया गया और वहाँ कहते हैं कि बिहार को कुछ नहीं दिया गया। तो मुझे लगता है कि पटना और दिल्ली के बीच में इंडी गठबंधन वाले क्या हो गए हैं, बिहार की एक भाषा में जो कहते हैं, मुझे लगता है कि ये लोग कंफ्युजिया गए हैं। ये इतना कंफ्युजिया गए हैं कि जिसे आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी का एक बड़ा फेमस डायलॉग था, जो उन्हीं की शैली में था कि "बहुत पॉलिटिक्स है।" महोदय, मुझे लगता है कि बहुत पॉलिटिक्स है, इसलिए दिल्ली सही बोल रहा है कि पटना सही बोल रहा है या पटना सही बोल रहा है कि दिल्ली सही बोल रहा है, यह समझ से परे है। यह यही दर्शाता है कि कुल मिलाकर ये मोदी विरोध की पॉलिटिक्स में इतने कंफ्युज्ड हो गए हैं कि इनके जो फ्यूज हैं, वे उड़ने शुरू हो गए हैं।

महोदय, मेरा समय समाप्ति की ओर है। इसलिए मैं तेजी के साथ सिर्फ यह बताना चाहता हूँ कि इनके मन का भाव क्या है? इनके कर्णाटक के मंत्री, श्री डी.के. सुरेश इस प्रकार का बयान देते हैं कि टैक्स कलेक्शन साउथ में ज्यादा है और नॉर्थ में कम है। जब उनसे इंटरव्यू में पूछा जाता है कि तो क्या आप अलग होना चाहते हैं? तब वे यह भी बोल देते हैं कि हाँ, हम इस बारे में भी सोच सकते हैं। इनकी इस प्रकार की विघटनकारी सोच है! ये अभी किसानों की बात कर रहे थे।

कर्णाटक में 1,200 किसानों ने आत्महत्या की है और इसके बाद वहाँ के वे मुख्य मंत्री कहते हैं कि यह तो निजी कारणों से हुई है। किसानों के प्रति इनकी यह संवेदनशीलता है!

महोदय, मैं कहना चाहूँगा कि महँगाई को लेकर जो बात कहते हैं, उस पर संक्षेप में सिर्फ यह है कि आज तक के इतिहास में सबसे अधिक महँगाई वाले जो वर्ष हैं और सबसे कम महँगाई वाले जो वर्ष हैं - सबसे अधिक महँगाई वाले वर्ष 1974, 1991, 1998, 1981, 2010, 1983, 1992, 1980, 2009 और 1994 - ये सब के सब आपके हैं। 1976 में inflation rate निगेटिव हो गई थी, उसकी एक अलग कहानी थी। अब लोएस्ट इंफ्लेशन रेट के वर्ष कौन से हैं, उस पर आते हैं। वह केवल एक है, जो कांग्रेस के दौर का है - 1976, जो इमरजेंसी का दौर था। इसके अलावा 1978, 2017, 2019, 2014, 2001, 2008, 2018 और 2005 - यानी कि जिन्होंने सदैव महँगाई में झोंके रखा, उसके बाद भी - महोदय, मैं अन्त में यह कहना चाहूँगा कि उसके बाद इनकी तल्खी देखिए, इनकी बदजुबानी देखिए। इन्होंने हिसाब-किताब की बात कही थी। तो मैं अन्त में इनके लिए सिर्फ यह कहना चाहूँगा कि

*"लहजे में बदजुबानी, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं,*
*जिनके खुद के बही-खाते बेहिसाब बिगड़े हैं,*
*वही हमसे सारा हिसाब लिए फिरते हैं"*

धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: बहुत-बहुत धन्यवाद। श्री प्रफुल्ल पटेल। अनुपस्थित। डा. जॉन ब्रिटास।

DR. JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I will give due credit to the hon. Finance Minister. I will take a positive view of her Budget. Please trust me. She has achieved a rare feat in presenting an Andhra Pradesh, Bihar Budget in the Parliament of India. It is a rare feat. Nobody else, and this is partial federalism. Tomorrow, she can present a Maharashtra Budget or a Haryana Budget which never used to happen in Indian Parliament. So, I would naturally give credit to the hon. Finance Minister. Please look at the speech of Arun Jaitley*ji*. I diligently went through the 2014 Budget. He had spoken about Andhra re-organization and announced various measures to support Andhra Pradesh. कुछ नहीं हुआ है। Was it the reason why their favourite man Shri Chandrababu Naidu withdrew from their alliance? And you know what all he spoke about the Prime Minister when he withdrew his support, when he withdrew from the NDA! Sir, the second credit to the Finance Minister is about her brutal honesty. See the Treasury Benches, सुधांशु जी का इतना fiery speech है। They pretend that nothing has changed in India. The politics is same. But in the Finance Minister's Budget speech, she acknowledges everything has changed in national politics. I went through 58 pages of speech. Only once she mentions the name of the hon. Prime Minister. It is surprising. Can you ever imagine the Finance Minister, that too of NDA,

BJP, not mentioning the name of the Prime Minister in every paragraph! It is first time. The brute honesty! *...(Interruptions)...* And another credit to the Finance Minister. *...(Interruptions)...* For the first time.....*(Interruptions)...* The third credit to the Finance Minister. *...(Interruptions)...* सर, सुनिए, सुनिए। The third credit to the Finance Minister is this. For the last ten years, one person has been Member of Parliament without being present here. The Finance Minister has not blamed that person. You know, who is that person? He is Jawaharlal Nehru. he has not blamed him. The fourth credit I will give to the Finance Minister is that she has given a redefinition to the NDA. सर, एनडीए का definition क्या है? एनडीए का definition है Nitish-Naidu Dependent Alliance. अब इसको बदल दिया। The fifth credit I will give to the Finance Minister is that she has been capable of redrawing the geographical realities of India. Hitherto, the Finance Ministers could deal with politics, sociology, even culture and economy. She has redrawn the geographical realities of India. नीरज जी, सुनिए। ...(**व्यवधान**)... I was under the impression that Andhra Pradesh is a part of the South India. लक्ष्मण साहेब, आपने भी ऐसा सोचा था न?...(**व्यवधान**)... Telangana! *...(Interruptions)...* All of a sudden, Andhra Pradesh has become an inalienable component of the Eastern corridor. यह ईस्टर्न कॉरिडोर बना है। ...(**व्यवधान**)... Who can and who could have achieved such a feat? So, I give credit to her. The sixth credit to the Finance Minister is that she has attained a demi god status. She has declared through her Budget that natural calamities in India would be limited to three or four States.

7.00 P.M.

There is no monsoon fury in Kerala, no floods in Kerala. Hereafter, only three-four States would be having natural calamities. You read the Budget. It is evidently stated there. I would give to the Finance Minister the seventh credit.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair.*)

Hon. Chairman, Sir, the magnanimity, the merciful forgiveness she has shown to the corporate sector of India! Despite giving eight lakh crore of bonanza to the corporate sector in the form of tax-breaks, discounts, the Economic Survey has been very emphatic. *...(Interruptions)...* Sir, you have allowed me. It is emphatic. The Economic Survey said, and what did it say? It said that the corporate sector hasn't invested in capital expenditure. Incur नहीं किया है। They have stayed away from capital expenditure. They have also failed in generating employment. Sir, Economic Survey! Despite staying away from capital investment, despite generating jobs, the Finance

Content Page

Minister is so generous and now, she has given another, that is, employment-linked incentive. हमें मालूम नहीं कि PLI को क्या हुआ; the production-linked incentive! One of the Members was saying that we need to peruse, examine. I would say, let the CAG look into it. What has happened to it? Why am I saying this? Please understand and appreciate, Sir, despite giving production-linked incentive to the corporate sector, the productivity in manufacturing has gone down to 2.8 per cent. It has gone down. Now, what is the new slogan? No jobs, we will give you internship. अभी काम नहीं देंगे, we will give you internship. That is the new slogan of this Government. I had asked a question. I would be coming to you because there are gross deficiencies in the answers I got. Mr. Chidambaram, the former Finance Minister was stating in the House that, at least, 30 lakh vacancies exist in the Government and PSUs. Sir, with your permission, I will submit on the Table of this House. I had asked two questions. One is to know the total number of vacancies in the Government of India and PSUs. Second is, that came a day before yesterday, the vacancies in Railways. Both these answers do not have these vital details, कि कितनी vacancies हैं; nobody knows. Why is it that the Government is hesitant in giving details about the vacancies in Government, PSUs and Railways? It is because of that people are saying 30 lakhs, 25 lakhs and 50 lakhs. I would exhort through you and request you that since the answers which I got are not satisfactory, I would, implore upon you to please intervene. Sir, I am representing a State.

MR. CHAIRMAN: Go ahead.

DR. JOHN BRITTAS: Now, the ninth credit I give to the hon. Finance Minister. She has de-bunked all the statistics. I appreciate her because for the last several years, we were flooded with so many statistics and surveys. RBI Claim Survey; Labour Participation Survey, NSS Survey and that Consumption-Expenditure Survey, क्या-क्या सर्वे, सर! You will be surprised with some of the surveys. In the last four years, five years, the employment generated is more than 18 crores. It literally surpassed the promise of the Prime Minister. What does the Economic Survey say? The Finance Minister has de-bunked all the surveys. If you go by the survey, 18.3 per cent employed in this country...

MR. CHAIRMAN: Last minute.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, coming. It is a very vital statistics. Sir, 18.3 per cent employed in this country are without a wage. सैलरी नहीं है, तनख्वाह नहीं है। This is the

status. Sudhanshu*ji*, you know, if you work for one hour a week, you are employed for a week, and if you work for 30 days in a month, you are employed for one year. That is the statistics which is before us. I would urge upon the Treasury Benches, please do have census which is the only authoritative data which can make you plan. ...*(Time Bell rings)*... Sir, I will...

MR. CHAIRMAN: No; I gave you twice the time.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, two minutes.

MR. CHAIRMAN: Ten seconds; go ahead.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, earlier, there was Make in India, *Atmanirbhar Bharat.* I will give ten credits to the hon. Finance Minister for being so candid this time. Sir, two minutes.

MR. CHAIRMAN: Ten minutes is over.

DR. JOHN BRITTAS: Okay; one minute.

MR. CHAIRMAN: Only thirty seconds.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, now the Economic Survey says, FDI from China. Why did you jail a journalist called Prabir Purkayastha for his alleged investment from a company related to China? So you are very candid about it. Now, they say that...*(Interruptions)*... Sir, two minutes. I asked for three minutes.

MR. CHAIRMAN: Shri Ramji. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record now. You have said enough and impactfully. Now Shri Ramji. रामजी को बोलने दो। Enough. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record now. You have said enough. Thank you.

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे बजट पर चर्चा करने का अवसर दिया, साथ ही मैं अपनी पार्टी की मुखिया आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का भी आभार व्यक्त करता हूं।

मान्यवर, बजट का इंतज़ार देश के मध्यम वर्ग की जनता को ज्यादा होता है। लोग इंतजार करते हैं और अखबार लेकर बैठ जाते हैं कि आखिर कल मेरे सामने क्या आने वाला है। लोग

सोचते हैं कि आटा, दाल, चावल, किताबें, गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद, बीज आदि के दाम कम होने वाले हैं। लोग खुशी मनाने वाले होते हैं, लेकिन जब अखबार पढ़ते हैं तो उन्हें दुख होता है कि कुछ भी तो ऐसा नहीं हुआ। मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि लगता है कि कुछ चंद मुट्ठी पर धन्ना सेठों के हिसाब से बजट डिज़ाइन किया जा रहा है। जनता के हिसाब से बजट डिज़ाइन कीजिए, यह मेरी आपसे रिक्वेस्ट है। साथ ही इस बजट में विकसित भारत और अमृतकाल की बात कही गई और साथ ही विकसित भारत के लिए यह कहा गया कि nine priorities के हिसाब से उसमें कृषि, सामाजिक न्याय को लेकर बात कही गई। अच्छी बात है कि कृषि को लेकर आप चिंतित हैं। मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि क्या बिना शिक्षा की बुनियाद के विकसित भारत संभव है? विकसित भारत शिक्षा की बुनियाद के बिना संभव नहीं हो सकता। आपको शिक्षा के बाजारीकरण को रोकना पड़ेगा। आपको इस देश के हर तबके को शिक्षा देनी पड़ेगी, जो गरीब है, उसे भी देनी पड़ेगी। मान्यवर, बाबा साहेब की भी इच्छा थी कि इस देश में शिक्षा फ्री की जाए और यहां तक कि महात्मा ज्योतिबा फुले, जो सामाजिक परिवर्तन के महानायक भी हैं और इस देश में शूद्रों की शिक्षा के जनक भी कहलाते हैं, उन्होंने वर्ष 1882 में हंटर कमीशन के सामने कहा कि मैं चाहता हूं इस देश में एजुकेशन फ्री हो, free education for all की सिफारिश महात्मा ज्योतिबा फुले ने की।

मान्यवर, बजट के अंदर सामाजिक न्याय के बारे में बात की गई। अच्छी बात है कि सामाजिक न्याय के बारे में सरकार चिंतित है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं क्या सामाजिक न्याय इस देश के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी को बिना भागीदारी दिए संभव है? आप भागीदारी देना नहीं चाहते और सामाजिक न्याय की बात करते हैं! मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि प्राइवेट सेक्टर में भी एससी, एसटी और ओबीसी को रिज़र्वेशन देना पड़ेगा, आपको प्रमोशन में रिज़र्वेशन देना पड़ेगा, आउटसोर्सिंग में भी एससी, एसटी और ओबीसी के बच्चों को रिज़र्वेशन देना पड़ेगा। एससी, एसटी की जो क्रीमी लेयर है, उसको EWS के बराबर 8 लाख के आसपास करना पड़ेगा। अभी कई साथियों ने कर्णाटक की सरकार और कई बातें कहीं, हम उसमें नहीं जाना चाहते, लेकिन ऐसी न्यूज़ भी आई है कि मध्य प्रदेश में भी एससी, एसटी के फंड को ट्रांसफर किया गया, कर्णाटक में भी किया गया, इससे पहले दिल्ली की सरकार ने भी कॉमनवैल्थ में एससी, एसटी के फंड को ट्रांसफर करने काम किया था। मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री महोदया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि वे ऐसा प्रावधान लेकर आएं कि एससी, एसटी का जो फंड है, जो उनके डेवलपमेंट के लिए खर्च होना है, शिक्षा के ऊपर खर्च होना है, स्कॉलरशिप पर खर्च होना है, उनको रोज़गार देने के लिए खर्च करना है, अल्टीमेट्ली उनके विकास के लिए खर्च करना है। वह पैसा उन्हीं मदों पर खर्च किया जाए, उस पैसे को कहीं और ट्रांसफर न किया जाए।

मान्यवर, आप farming field से जुड़े हुए हैं, मैं भी एक किसान हूं। इसलिए मैं आपसे एक बात कहना चाहता हूं कि इस देश के अंदर कृषि क्षेत्र में आपने 'किसान सम्मान निधि' देने का काम किया है। यह एक अच्छी बात है, लेकिन मान्यवर, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कृषि क्षेत्र में जो कृषि मज़दूर होते हैं, जिन्हें हम खेतिहर मज़दूर कहते हैं, उनकी तरफ हमारा ध्यान नहीं जाता है। वे दो-तीन सौ रुपये की दिहाड़ी पर काम करते हैं। परिवार चलाते हैं और शुरुआत की फसल का

काम होता है, बुआई का काम होता है, तब मिलता है और जब कटाई का काम होता है, तब मिलता है। बाकी टाइम पर उनको काम नहीं मिलता है। उनके लिए सरकार सोचे कि जो लोग भरी दोपहरी में फसल बोते हैं, भरी दोपहरी में पेस्टीसाइड का छिड़काव करते हैं, जो लोग फसल काटते हैं और मंडी तक पहुंचाते हैं, उनका जीवन कष्टों से भरा हुआ है। उनके कष्टों को दूर करना पड़ेगा। हमें खेतिहर मजदूर, जो कृषि मजदूर हैं, उन्हें भी सम्मान निधि देने का भी काम करना पड़ेगा। मान्यवर, आपसे एक रिक्वेस्ट है कि हम बड़े-बड़े उद्योग-धंधों को स्थापित करने के लिए Special Economic Zone बनाते हैं, लेकिन जो weaker section है, वह मजदूरी पर डिपेंड करता है। Weaker sections के लिए भी हमें प्रावधान करना पड़ेगा, Weaker Sections' Agriculture Zone बनाने पड़ेंगे और उनके लिए हम जमीनों के पट्टे दें, ताकि वे लोग अपने पैरों पर खड़े होकर वहां पर खेतीबाड़ी कर सकें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मैं एक लास्ट प्वाइंट कहना चाहता हूं। सरकार ने अमृतकाल की बात रखी है। अमृतकाल की बात अच्छी लगी, लेकिन उसके आपको स्पेशल प्रावधान भी करने पड़ेंगे। आज पूरे देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के ऊपर, खासकर एससी, एसटी अत्याचार होता है। उनकी बच्चियों के साथ बलात्कार होता है, उनकी हत्याएं की जा रही हैं। यह एक स्टेट का मामला नहीं कि मैं किसी एक गर्वनमेंट को ब्लेम करूं, लेकिन पूरे देश के अंदर ऐसा वातावरण बना हुआ है, इसलिए केन्द्र सरकार को व्यापक कदम उठाने पड़ेंगे क्योंकि एससी, एसटी बच्चियों के साथ जो बलात्कार, हत्याएं, युवाओं के मर्डर, तलवार से गला काटने की हत्याएं - ये तमाम चीजें देखने को मिली हैं। मैं अभी बिहार में गया था और देखकर दंग रह गया - फतुहा के अंदर वीरेंद्र रविदास की हत्या कर दी गई। उसके घरवाले हत्यारे को जानते थे, लेकिन वे लोग डर की वजह से नाम नहीं बता पाए। उनसे बोला गया कि अगर तुमने किसी को नाम बताया, तो तुम्हारे परिवार के और भी लोग बचे हुए हैं। मधुबनी के अंदर दलित बच्ची, जो 18 साल की थी, दबंगों ने उससे शादी करने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया कि मैं शादी नहीं करूंगी। मुझे डॉक्टर बनना है, पढ़ाई करनी है। उसके बाद उस बच्ची के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। उन्हीं दबंग लोगों ने रात में 11 बजे उसकी बॉडी को दफनाने का काम किया। बाद में पुलिस पहुंची और रात में 3 बजे उसकी बॉडी को निकालने का काम किया गया। मान्यवर, पूरे देश के अंदर, खास तौर से एक ही जाति के लोगों के साथ, जो चमार जाति से बिलाँग करते हैं, ...(**समय की घंटी**)... उनके साथ अत्याचार हो रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार इस पर ठोस कदम उठाए और पूरे देश के अंदर एससी, एसटी के लोगों की रक्षा करने का काम करे। आपका धन्यवाद। जय भीम, जय भारत!

---

## SPECIAL MENTIONS

MR. CHAIRMAN: Now, Special Mentions. Shri Pradip Kumar Varma; 'Concern over increase in incidents of infiltration in tribal dominated areas'.

Content Page

**Concern over increase in incidents of infiltration in tribal dominated areas**

**श्री प्रदीप कुमार वर्मा** (झारखंड): महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से अपने राज्य झारखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों, विशेषकर संथाल परगना के 6 जिलों में हो रही समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इन क्षेत्रों में घुसपैठ की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आदिवासी बेटियों का आर्थिक और दैहिक शोषण, सामूहिक धर्म परिवर्तन हो रहा है।

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.)*

महोदय, हाल में संपन्न चुनावों में देखा गया कि साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा और दुमका आदि जिलों में समुदाय विशेष के बहुलता वाले बूथों पर मतदाताओं की संख्या में 50 से 100 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि हुई है। यह जाली मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम चढ़वाने का परिणाम है। यह न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को भी प्रभावित कर सकता है। जनसंख्या के स्वरूप में हो रहा यह परिवर्तन आदिवासी धर्म और संस्कृति को नष्ट कर देगा। यह मेरी इस सरकार के समक्ष मांग है। इस पर अंकुश लगाने, घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने और आदिवासी बहन-बेटियों से घुसपैठिए समुदाय के लोगों द्वारा विवाह न हो सके, ऐसी व्यवस्था बनाने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ करना चाहिए, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri Sandosh Kumar P (Kerala), associated himself with the matter raised by the hon. Member, Shri Pradip Kumar Varma.

Now, Dr. V. Sivadasan; 'Need to improve the Prime Minister's National Relief Fund'.

**Need to improve the Prime Minister's National Relief Fund (PMNRF) Scheme**

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, there is an urgent need to improve the medical assistance provided under the Prime Minister's National Relief Fund (PMNRF) scheme. The number of hospitals empanelled under the scheme is very less. This limits the options available to the poor patients. The cost of the treatment before the approval of assistance is not given to the patients. As a result, many people are unable to utilise the money even when it is awarded to them.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please read the approved text. I hope you have the approved text with you, Dr. Sivadasan. Do you have approved text with you, Mr. Sivadasan?

DR. V. SIVADASAN: Yes, Sir. I am reading the approved text. I do not know I also got confused, Sir. I am reading the text.

The number of conditions covered for assistance should also be expanded and the cap on the maximum possible assistance should be increased. The poorest of the patients often find the process of application very tedious. It should be simplified. Hence, I urge the Government to make these changes urgently so that the poorest of the poor are benefitted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Dr. V. Sivadasan: Shri A. A. Rahim (Kerala), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala) and Shri Jose K. Mani (Kerala).

The next Special Mention is of Shrimati Jebi Mather Hisham; Demand to construct elevated highway between Pulinchodu and Aluva.

**Demand to construct an elevated highway between Pulinchodu, Aluva to Nedumbassery Airport**

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Kerala): Sir, I may bring to the attention of this House, the urgent demand for an elevated Highway between Pulinchodu at Aluva and Kochi international airport at Nedumbassery along NH-544 in Ernakulam District, Kerala. Kochi International Airport is India's one of the fastest growing airports with three terminals and has established itself as one of the busiest airport hubs of the world. The number of passengers who depend on the airport has witnessed an exponential rise over the years. The current road infrastructure is highly insufficient to handle the bustling traffic, comprising of airport-bound passengers and daily commuters. In this context, it may be noted that almost all airports in the metropolitan cities and other major cities in the country have elevated highway access. NH-544 which is the major road leading to the airport, has several bottlenecks which literally strangle the vehicular traffic from Kochi city and back — Aluva bypass junction, Marthanda Varma bridge, Paravur Kavala, Athani are some of the places which witness the worst gridlock. The absence of grade separators and effective signals at major junctions has created traffic bottlenecks. This stretch, not being a part of Panvel-Kanyakumari NH development project, seems to be not in the priority list of NHAI. The proposal for extension of Kochi Metro to the airport was a ray of hope for the commuters, but, it remains still on paper. Hence, I urge the Government to take

immediate steps for the construction of an elevated Highway between Pulinchodu and Kochi International airport.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Shrimati Jebi Mather Hisham: Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri A. A. Rahim (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala) and Shri Jose K. Mani (Kerala).

**Demand for a rehabilitation package and a long-term solution for peaceful co-existence in Manipur**

SHRI MAHARAJA SANAJAOBA LEISHEMBA (Manipur): Sir, it is now evident that the simmering tension in the State is gradually subsiding. Normalcy is inching slowly and there is hope for a peaceful solution in near future. For this, I am grateful to hon. P.M., hon. H.M. and hon. C.M. and his Government for their steadfast, far sightedness, expertise and untiring efforts in bringing a near peaceful solution in the state. However, if the Union Government puts a little more efforts and with timely push, the peace process and resettlements could be quickened. People have suffered enough and they need a respite now.

So, I demand the Union Government for a suitable rehabilitation package, a long-term solution for peaceful co-existence and other necessary arrangement, which deemed fit, to restore the peaceful and glorious past of Manipur.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba: Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland) and Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh).

धन्यवाद, महाराजा संजाओबा लेशंबा जी। माननीय श्री संजय राउत - not present. Now, Shri Iranna Kadadi.

**Demand to increase the amount of assistance under the National Social Assistance Programme (NSAP)**

**श्री ईरण्ण कडाडी (कर्नाटक)**: महोदय, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) केंद्रीय प्रायोजित योजना है। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम 3.09 करोड़ बीपीएल लाभार्थियों की जरूरतों को पूरा करता है। वर्तमान में, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के पात्र वृद्धों, विधवाओं और विकलांग व्यक्तियों को 200 रुपये से लेकर 500 रुपये तक

मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम की शुरुआत से इसकी प्रक्रिया और प्रणाली में परिवर्तन हुआ है। इस योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि में वृद्धि 2012 में हुई थी। केंद्रीय सहायता के अलावा, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र एनएसएपी की पेंशन योजनाओं के तहत प्रति लाभार्थी प्रति माह 50 रुपये से लेकर 3,200 रुपये तक की अतिरिक्त सहायता राशि जोड़ रहे हैं। कई राज्यों में इस योजना के लाभार्थी प्रतिमाह 1,000 रुपये की मासिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। यह सहायता राशि बहुत ही कम है और चिंता का कारण है, क्योंकि इतनी कम राशि जीवन यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। सरकार द्वारा गठित डॉ. मिहिर शाह समिति (2012), सुमित बोस समिति (2016) नीति आयोग (2020) और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मूल्यांकन अध्ययन (2021) ने भी पेंशन राशि को बढ़ाने की सिफारिश की है। मेरा सरकार से निवेदन है कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की सभी योजनाओं के तहत सहायता राशि में वृद्धि की जाए और इसे बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह किया जाए जिससे समाज का गरीब और वृद्ध वर्ग लाभान्वित हो।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri Jose K. Mani (Kerala), associated himself with the matter raised by hon. Member, Shri Iranna Kadadi.

### Demand for closure of Toll Plaza

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, my Special Mention relates to demand for closure of toll plazas across the country.

Mr. Deputy Chairman, Sir, right to free movement is a fundamental right available to all. The increasing number of toll plazas and annual hikes in tolls fees are placing unbearable burden on the people of this country, including the people of Tamil Nadu. Currently, Tamil Nadu has 65 toll plazas. At least, five toll plazas are within 10 km of corporation and municipal limits, and over 20 toll plazas violate the 60 km distance limit. These infractions demand immediate action for the removal of these tolls. However, no steps have been taken towards closure of Toll Plaza despite an assurance to do so. An example is the Paranur Toll Plaza on the Chennai-Trichy NH-32. According to a CAG report, the NHAI collected an excess of Rs. 28.54 crore from Paranur toll plaza and did not reduce 40 per cent of toll fees. There is no independent authority regulating toll fees, and the current formula for periodic increases should be reviewed. I urge an independent audit to analyze investments and the realized amounts at these toll plazas. Furthermore, I also urge that that toll plazas across the country be abolished and replaced with one-time smaller fee to be collected at the time of registration of vehicle, ensuring a fair and transparent system that respects the right to free movement. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with

Content Page

the issue raised by hon. Member, Shri P. Wilson: Shri Jose K. Mani (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala) and Shri Sandosh Kumar P (Kerala).

### Demand to broaden the Kalka to Shimla railway line

**डा. सिकंदर कुमार** (मध्य प्रदेश): महोदय, हिमाचल प्रदेश में रेलवे यातायात की बात करें, तो अभी भी मध्य हिमाचल में रेल यातायात की सुविधा न के बराबर है। महोदय, हिमाचल की ब्रिटिशकालीन रेलवे लाईन के संबंध में आपके ध्यान में लाना चाहता हूँ। 1903 से लेकर आज तक ब्रिटिश कालीन इस नैरोगेज रेलवे लाईन कालका से शिमला पर यातायात जारी है। इस रेलमार्ग में 103 सुरंगें व 869 पुल बने हैं। इस रेलमार्ग में ट्रेन तीखे मोड़ों से गुजरती है। इस रेलमार्ग को विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है और देश-विदेश से सैलानी इस रेलमार्ग पर सफर का आनंद लेते हैं। हिमाचल एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन है और लाखों-करोड़ों सैलानी हिमाचल घूमने के लिए आते हैं। इस रेलमार्ग को ब्रॉडगेज करने की मांग काफी समय से लम्बित है। अतः आपसे आग्रह है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए और हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस रेलमार्ग कालका से शिमला को अविलंब ब्रॉडगेज किया जाए। महोदय, भले ही इस ट्रैक को विश्व धरोहर का दर्जा मिल गया है, लेकिन 121 वर्ष पुराने इस ट्रैक पर कई खामियां भी हैं। इस ट्रैक पर बने कई पुल कई जगह इतने जर्जर हो चुके हैं कि स्वयं रेलवे को खतरा लिखकर चेतावनी देनी पड़ रही है। इस रेलमार्ग पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का भी बहुत ज्यादा अभाव है। अतः सरकार से आग्रह है कि इस रेलमार्ग का जीर्णोद्धार किया जाए ताकि इस रेलमार्ग पर सफर करने वाले लोगों व सैलानियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और किसी अनचाही घटना से भी बचा जा सके।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Dr. Sikander Kumar: Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri S. Selvaganabathy (Puducherry), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shrimati Seema Dwivedi (Uttar Pradesh), Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Dr. Lakshmikant Bajpayee (Uttar Pradesh) and Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara (Gujarat).

### Demand to stop levying penalty for not maintaining minimum balance in savings account

**श्री नरेश बंसल** (उत्तराखंड) : महोदय, बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस नहीं होने पर बैंक ग्राहकों से जुर्माना वसूलते हैं। इस दंड से बचने के लिए आपके बचत खाते में न्यूनतम राशि की अनिवार्यता होनी जरूरी है। अगर आपके बचत खाते में एवरेज मंथली बैलेंस (AMB) बैंक द्वारा तय की गई राशि से कम होता है तो आपसे जुर्माना वसूला जाता है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम बैलेंस वाले

खातों से स्वतः पेनल्टी के रूप में रुपए काट लिये जा रहे हैं। हर महीने के क्लोजिंग डे के बैलेंस के औसत को मिनिमम अकाउंट बैलेंस कहा जाता है। मिनिमम अकाउंट बैलेंस अलग-अलग बैंकों और उनकी अलग-अलग शाखाओं पर निर्भर करता है। अर्ध-शहरी/ग्रामीण शाखाओं के मुकाबले मेट्रो/शहरी शाखाओं में अमूमन ज्यादा मिनिमम बैलेंस रखना होता है। भारत में बैंकों ग्राहकों से अकाउंट में मिनिमम बैलेंस नहीं रखने की वजह से 21,000 करोड़ कमाया है। बैंक अलग-अलग लोकेशन के हिसाब से एवरेज मंथली बैलेंस तय करता है, जो ग्राहक को रखना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो जुर्माना लगाया जाता है। इसे बंद किया जाना चाहिए, जिससे मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग को राहत मिल सके। सरकार से आग्रह है कि इस पर उचित कार्यवाही की जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Shri Naresh Bansal: Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Shri Jose K. Mani (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri Sandosh Kumar P. (Kerala), Shri Mayankbhai Jaydevbhai Nayak (Gujarat), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), and Shri Subhash Chander (Haryana).

**Demand of comprehensive laws to combat economic frauds**

SHRI SADANAND MHALU SHET TANAVADE (Goa): Sir, I rise to draw the attention of this august House to a matter of urgent public concern affecting numerous individuals, particularly those from economically weaker sections in Goa and across India. This concerns a series of financial scams, perpetrated by private companies and multi-State cooperative societies, often originating from outside our State. These entities entice investors with alluring promises of large returns, only to declare bankruptcy, shut down or abscond, leaving behind significant financial ruin and hardship. Such scams typically involve investments in financial schemes, real estate, or other ventures. Initially, these companies build trust by offering returns, and encouraging further investments from friends, relatives, neighbours etc. Vulnerable individuals, struggling to make ends meet, become prime targets of these deceitful schemes. As these schemes expand and attract more investors, they eventually collapse. The perpetrators vanish, leaving behind victims who were among the first-investors in these chains. The design of these scams ensures that the most vulnerable members of society are exploited. A recent example of this distressing pattern is the Karmabhoomi scam in Goa, which has allegedly defrauded over 1,000 investors of Rs 10 crores. This case highlights the urgent need for robust measures to prevent and address such fraudulent activities. These scams inflict severe financial damage and disrupt families and communities.

I urge the Government to take stringent action against these fraudsters. We need comprehensive laws, dedicated agencies, and potentially the intervention of the CBI to thoroughly investigate and recover the funds from these fraudsters to safeguard our citizens and ensure justice.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade: Shri Mithlesh Kumar (Uttar Pradesh), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland), Shri Sandosh Kumar P (Kerala) and Shri Jose K. Mani (Kerala).

Thank you, Sadanand*ji.* Now, Shri A.D. Singh.

**Demand for revival of water bodies in South Bihar**

SHRI A.D. SINGH (Bihar): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir, for allowing me to speak today. Surface water bodies like lakes, ponds, reservoirs, tanks and rivers are community resources and assets over centuries. These resources cater to the local population and the livestock in rural areas. These water bodies also charge the ground water level for withdrawal of fresh water. For quite some time, these water bodies are being encroached and neglected by everyone including the local community in several parts of the country. This is leading to scarcity of water in many parts of rural India.

Many districts of South Bihar are passing through this stage. The condition of water bodies there is pathetic. There is very little water in the ponds of South Bihar. The people of the area are facing acute water scarcity for irrigation and livestock. In 2018-19, the Government provided financial assistance under Repair, Renovation and Restoration Scheme (RRR) for revival of 73 water bodies spreading in about 10 districts of South Bihar, that is, Patna, Nalanda, Gaya, Kaimur, Aurangabad, Nawada, Bihar Sharif, Rohtas, Lakhisarai. But, 73 was a minuscule number as compared to thousands of water bodies in South Bihar, some of them belonging to the pre-Independence era. Now RRR scheme has been subsumed in PMKSY. Considering the condition of South Bihar, I request the Government to provide more funds under the PMKSY to various districts of South Bihar for revival of water bodies. Thank you very much, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri A.D. Singh : Dr. John Brittas (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala) and Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala).

Content Page

Thank you, Mr. A.D. Singh. Now, Dr. Bhim Singh.

**Demand for compulsory and free education till class 12th**

**डा. भीम सिंह** (बिहार): उपसभापति महोदय, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को सादर स्मरण करते हुए कि उन्होंने 6 से 14 वर्ष के बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के लिए सविधान में संशोधन किया और अनुच्छेद 21 ए जोड़ा। इस अनुच्छेद के लागू हो जाने से देश के असंख्य बालक-बालिकाओं को आठवीं कक्षा तक सुलभ शिक्षा संभव हो सकी है। इस अनुच्छेद के तहत जिन बच्चों को होटलों, दुकानों या कहीं से भी जहाँ वे काम कर रहे होते हैं, हम वहां से उठाकर लाते हैं और उनको अच्छे स्कूलों में पढ़ाते हैं। परन्तु अनुभव बताता है कि आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले बच्चों में से कई बच्चे आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं, क्योंकि उनके माता-पिता आगे की शिक्षा का भार वहन नहीं कर पाते हैं। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो और वे शिक्षित हों तथा आगे उनको रोजगार के अवसर मिलें। ऐसी परिस्थिति में अब समय आ गया है कि अनुच्छेद 21 ए का दायरा बढ़ाते हुए इसके तहत 12वीं कक्षा तक अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान कर दिया जाए। अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि 12वीं कक्षा तक अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 21ए में तत्संबंधी आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि सभी बच्चे कम से कम 12वीं तक शिक्षित हो जाएँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Dr. Bhim Singh : Shri Jose K. Mani (Kerala) and Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh.

Shri V. Vijayasai Reddy; not present. Now, Shri Brij Lal.

**Concern over environmental pollution and role of organic carbon in soil**

SHRI BRIJ LAL (Uttar Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, the subject of my Special Mention is, 'Concern over Environmental Pollution and Role of Organic Carbon in Soil.' In India, intensive agricultural practices, reliant on agrochemicals, have caused severe environmental pollution and sustainability issues. Excessive use of nitrogenous fertilizers and pesticides has contaminated soil and groundwater, disrupting soil quality and threatening agricultural viability. This misuse has notably reduced soil organic carbon levels, crucial for maintaining soil health and fertility. Additionally, it has contributed to pesticide resistance among pests, adversely affecting beneficial organisms like pollinators and posing risks to food safety. To address these challenges, several strategic interventions are essential: 1. Enhancing Organic Carbon: Promoting integrated farming systems that incorporate enriched composts,

bio-enhancers, and green manure can replenish soil organic carbon. Banning biomass burning and adopting cover crops further improve soil health. 2. Agrochemical Alternatives: Implementing integrated pest management techniques such as natural predators, crop rotation, and trap crops minimizes reliance on harmful pesticides while effectively managing pest populations. 3. Water Management: Improved irrigation and drainage practices help retain soil structure and organic carbon content, crucial for sustainable agriculture. 4. Agroforestry: Introducing trees in agricultural landscapes enhances soil fertility through leaf litter decomposition and root systems, contributing to increased organic matter. 5. Consumer Shift to Organic: Responding to global demand for organic produce promotes sustainable agricultural practices that prioritize soil health, biodiversity conservation, and food safety.

By integrating these strategies, Indian agriculture can transition towards sustainable organic production systems. This holistic approach not only mitigates environmental impacts but also aligns with global preferences for safe and nutritious food, ensuring long-term agricultural sustainability. I urge the Government to look into the matter. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Shri Brij Lal : Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Subhash Chander (Haryana), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shri Ram Chander Jangra (Haryana) and Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara(Gujarat).

Shri Niranjan Bisi; not present. Now Shri Pramod Tiwari.

### Demand for cancellation of proposed bypass from Arjunpur to Raniganj in Pratapgarh district

**श्री प्रमोद तिवारी** (राजस्थान): महोदय, मेरा स्पेशल मेंशन है - Demand for cancellation of proposed bypass from Arjunpur to Raniganj in Pratapgarh district.

**श्री उपसभापति**: आप कृपया approved text देखें।

**श्री प्रमोद तिवारी**: सर, आप थोड़ा सा margin तो दीजिए। मैं express कर रहा हूँ।

**श्री उपसभापति**: नहीं, नहीं। आप जो approved text बोलेंगे, वही रिकार्ड पर जाएगा।

**श्री प्रमोद तिवारी**: सर, सही बात है, सुना तो जाएगा।

**श्री उपसभापति**: आप पढ़िए, प्लीज़।

**श्री प्रमोद तिवारी**: महोदय, मेरे गृह जनपद प्रतापगढ़ में अर्जुनपुर (लालगंज तहसील) से रानीगंज (प्रतापगढ़) वाया-अझारा, लालूपुर, सगरा, लीलापुर, मोहनगंज, भोपियामऊ लगभग 52 कि.मी. लंबी फोर लेन का बाईपास प्रस्तावित है, जबकि रायबरेली-प्रतापगढ़ मुख्य मार्ग अभी फोरलेन नहीं हुआ है। इससे एक तो जनपद प्रतापगढ़ शहर के सिंचित उपजाऊ जमीन का बहुत बड़ा भू-भाग चला जाएगा, जहाँ आलू, धान और गेहूँ सहित कई महत्वपूर्ण फसलों की खेती होती है और दूसरा लालगंज, सगरा, लीलापुर, मोहनगंज जैसी कई महत्वपूर्ण बाजारों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि अभी इस बाईपास की कोई आवश्यकता नहीं है। अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस बाईपास का प्रस्ताव, जो विचाराधीन है, उसे निरस्त कर दिया जाए, जिससे पूर्ववत मुख्य मार्ग रायबरेली-प्रतापगढ़ से ही आवागमन बना रहे और आवश्यकतानुसार स्थानीय बाईपास बनाया जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Pramod Tiwari: Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Dr. V. Sivadasan (Kerala) and Dr. John Brittas (Kerala).

### Demand for development of railway infrastructure in Kolhapur region

**श्री धनंजय भीमराव महादिक** (महाराष्ट्र): महोदय, मैं रेलवे के बुनियादी ढाँचे के विकास के संबंध में कोल्हापुर क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से लंबित माँगों की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। मैं आपसे निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी देने पर विचार करने का अनुरोध करता हूँ:

1. कोल्हापुर से वैभवाड़ी तक नई रेलवे लाइन : यह परियोजना कई वर्षों से लंबित है और इसके पूरा होने से कोल्हापुर, सांगली और वैभवाड़ी क्षेत्रों के लोगों को बहुत लाभ होगा। यह कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, व्यापार को बढ़ावा देगा और कृषि, उद्योग, पर्यटन, आध्यात्मिक आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाएगा।
2. कोल्हापुर-मिराज रेलवे लाइन का दोहरीकरण : रेल परिवहन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मौजूदा सिंगल लाइन अपर्याप्त है। लाइन के दोहरीकरण से ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ेगी, भीड़भाड़ कम होगी और समग्र दक्षता में सुधार होगा।

मैं आपसे इन परियोजनाओं के निम्नलिखित लाभों पर विचार करने का आग्रह करता हूँ:

1. क्षेत्र के लोगों के लिए कनेक्टिविटी और पहुंच में वृद्धि।
2. बढ़े हुए व्यापार और वाणिज्य के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।
3. रोजगार के अवसरों का सृजन।
4. यात्रा का समय कम हुआ और यात्री अनुभव बेहतर हुआ।

Content Page

मेरा माननीय रेलमंत्री जी से अनुरोध है कि इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक बजट शीघ्र स्वीकृत करें। मुझे विश्वास है कि आपके समर्थन से कोल्हापुर क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik: Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat) and Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim).

**Demand for improving the service conditions of Gramin Dak Sevaks**

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, Gramin Dak Sevak (GDS) is the backbone of the Indian Postal Service. The GDS plays a significant role in the functioning of India Post and contributes to various services such as Rural Postal Life Insurance (RPLI), Postal Life Insurance (PLI), the opening of India Post Payment Bank (IPPB) accounts, Sukanya Samriddhi Accounts (SSA) and Mahila Samman accounts. The GDS has developed remarkable marketing skills and goes beyond their duty hours to promote the services of the Department. Despite network issues, they start work early in the morning and work late in the evenings. They handle devices and mobile handsets provided by the Department. Recently, with the advent of the 'Bring Your Own Device' (BYOD) policy, many GDS are utilizing their smartphones for departmental work. However, the incentives announced are seldom availed by the majority of GDS involved in these activities. Therefore, it is imperative to regularize their services and confer departmental status on par with regular employees.

All are aware that most of the GDS staff work for more than 5-9 hours on an average. Hence, there is a justifiable rationale for absorbing them as departmental employees with all the associated benefits, including leave, House Rent Allowance (HR), Travel Allowance/ Daily Allowance (TA/DA), pension, medical facilities, education benefits, and other facilities without any discrimination.

I urge the Government to grant civil servant status to the Gramin Dak Sevaks, by increasing the working hours of all GDS branch post offices to eight hours from the existing four to five hours.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Pramod Tiwari: Dr. John Brittas (Kerala), Shri Jose K. Mani (Kerala), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Shri A. A. Rahim (Kerala) and Dr. V. Sivadasan (Kerala).

**Demand for modernization and all-round development of Women's Institute of Technology (WIT), Darbhanga**

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** (बिहार): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दरभंगा, बिहार में केवल महिलाओं के लिए समर्पित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्यौगिकी संस्थान (WIT) की ओर दिलाना चाहती हूँ। महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित उत्तर-पूर्व भारत का यह एक महत्वपूर्ण एवं एकमात्र संस्थान है।

हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हर ओर विकास हुआ है। कई नए प्रौद्योगिकी संस्थान खोले गए, पुराने संस्थानों का जीर्णोद्धार किया गया और भविष्य में कई संस्थानों के निर्माण की अनुमति प्रदान की जा चुकी है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूँ कि इस महिला प्रौद्योगिकी संस्थान (WIT), दरभंगा के आधुनिकीकरण एवं सर्वांगीण विकास हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश देने का कष्ट करें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri S. Selvaganabathy (Puducherry), associated himself with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Dharmshila Gupta.

Dr. Bhagwat Karad; not present. Shri Dorjee Tshering Lepcha.

**Demand to include twelve left out communities of Sikkim in the Scheduled Tribe category**

SHRI DORJEE TSHERING LEPCHA (Sikkim): Hon. Deputy Chairman, Sir, the Sikkimese people are categorized into three ethnic groups, namely, Lepcha, Bhutia and Nepali. In all, there are 20 indigenous tribes living in Sikkim. The earliest available Census of 1891 enumerates Nepali ethnic group as 63.3 per cent, Bhutia as 16.06 per cent and Lepcha as 18.9 per cent. The King of Sikkim had recognized Bhutia, Lepcha and all groups under Nepali as Tribes. Sikkim merged with India in 1975. In 1978, the Constitution (Scheduled Tribes) Order enlisted only Bhutia and Lepcha as Scheduled Tribes in Sikkim. This not only led to delisting the tribes of Nepali origin from Scheduled Tribes but also led to the Nepalis losing their seat reservation in the State Assembly. In 2003, two communities from the Nepali ethnic group, namely, Limbu and Tamang were granted Scheduled Tribes status. Indigenous population of Sikkim is coming down fast. Unless some safeguard is provided, the indigenous population will soon be overwhelmed and their political rights may also be affected. There are 12 left out communities from Nepali ethnic group which are required to be given the status of Scheduled Tribes. If these communities are made tribals, then Sikkim can be declared a tribal State. Thereafter, like other North-Eastern States, only the tribals will

occupy the Assembly seats. A small population of just over 4.5 lakhs needs to be saved from being overwhelmed by influx of people from other States. I request the Government to grant Scheduled Tribes status to 12 left-out communities of Sikkim.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention raised by the hon. Member, Shri Dorjee Tshering Lepcha: Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh) and Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat).

**Demand for development of Nanded Airport**

DR. AJEET MADHAVRAO GOPCHADE (Maharashtra): Sir,...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can read only the approved text. What you have spoken is not there. So, it will not go on record. You have your approved text. You can read that only. You can start now.

DR. AJEET MADHAVRAO GOPCHADE: Sir, Nanded plays a crucial role in the Marathwada region of Maharashtra State. Despite the presence of an airport in Nanded, it is being underutilized. I urge Government for the initiation of new flight routes from Nanded to different parts of the country. Additionally, I advocate for the establishment of a Flying School at Nanded Airport and the exploration of opportunities to develop Nanded as an Aircraft repairing hub.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Hon. Member, you can read only the approved text as per the rules. So, the earlier portion will not go on record, and the latter part will go on record.

The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade: Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh) and Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh).

The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Tuesday, the 30th July, 2024.

*The House then adjourned at fifty-one minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 30th July, 2024.*

---

* Not recorded.

Content Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)